डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार | 11 मार्च 2026 | वर्ष-32, अंक-144, पृष्ठ-16 | चैत्र कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

हाथी ने फसलों को किया बर्बाद, आतंक से ग्रामीण परेशान

- ग्रामीण रातभर जागकर मशाल और पटाखों के सहारे हाथी को गांव से दूर भगाने की कोशिश कर रहे हैं

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर (सुरेन्द्र प्रसाद)। पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सोन तटीय इलाकों में इन दिनों जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हैदरनगर थाना क्षेत्र के कबरा, परता, सजवन, सलेमपुर, पंसा और रानीदेवा सहित कई गांव प्रभावित हैं। सीमावर्ती बिहार के रोहतास जिले के सोन तटीय क्षेत्रों में विचरण कर रहे इस हाथी ने अब तक आधा दर्जन से अधिक मवेशियों को मार डाला है, जबकि कई पशु घायल बताए जा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाथी ने कई जगहों पर फसलों को भी रौंद दिया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

बताया गया कि सोन डीला इलाके में हाथी के हमले में शिवपूजन चौधरी का एक बछड़ा, अनिल यादव की दो भैंस और एक काड़ा, सुनील चौधरी की एक गाय तथा अनिल चौधरी की एक गाय की मौत हो गई। इसके अलावा कई बोरिंग, झोपड़ियों और चापाकलों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। ग्रामीण रातभर जागकर मशाल और पटाखों के सहारे हाथी को गांव से दूर भगाने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं लोग प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है, लेकिन अब तक हाथी को पूरी तरह जंगल की ओर नहीं खदेड़ा जा सका है।

तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। प्रखंड के गोड़ाडीह गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग, माता पार्वती, भगवान गणेश, नंदी तथा हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार को अखंड कीर्तन और भंडारे के साथ संपन्न हो गया। संपूर्ण अनुष्ठान अयोध्या से आए आचार्य आशीष मिश्रा, मनीष मिश्रा और पुजारी मंटू कुमार सिंह के सान्निध्य में संपन्न हुआ। भंडारे में समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह और शुभम कुमार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि उदय सिंह, उपमुखिया निलेश कुमार सिंह, नीरज अग्रवाल, प्रदीप सिंह, अनिल सिंह, विनोद सिंह, देवेंद्र प्रजापति सहित कई लोगों का योगदान रहा।

हुसैनाबाद में रामनवमी पूजा समिति का गठन

रामनवमी पूजा समिति के सचिव बने गौतम कांस्यकार, लोकनाथ संयोजक

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। जपला स्थित महावीर जी भवन में सोमवार की रात आयोजित बैठक में रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति के संरक्षक के रूप में दिनेश प्रसाद कश्यप को चुना गया, जबकि सह संरक्षक के रूप में शशि कुमार, सुबोध कुमार कश्यप, दीनानाथ सोनी और राज कुमार कश्यप का चयन किया गया।

संयोजक की जिम्मेदारी लोकनाथ केशरी को दी गई, वहीं सह संयोजक के रूप में सुशील कुमार, सत्येन्द्र चंदेल, सचिन आनंद, गौतम पटेल और राकेश तिवारी को चुना गया। इसके अलावा सचिव पद पर गौतम कांस्यकार, सह सचिव के रूप में संतोष कश्यप, अक्षयवर कुमार सिंह और शम्भू शौंडिक का चयन हुआ। कोषाध्यक्ष के रूप में पंकज कुमार गुप्ता और ऋषिकेश कश्यप तथा सह कोषाध्यक्ष के रूप में राहुल केशरी को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि रामनवमी पूजा को भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने के लिए सभी लोग मिलकर कार्य करेंगे।

रामनवमी पर जुलूस की तैयारी शुरू

चैत्र शुक्ल पक्ष शुरू होते ही सड़कों पर लहराएंगे महावीरी झंडे

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। रामनवमी पर्व को लेकर स्टेशन रोड स्थित निर्माणाधीन महावीर मंदिर परिसर में पारंपरिक उत्साह के साथ तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसको लेकर ग्रामीणों और दुकानदारों की बैठक में पूजा समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सत्यनारायण सिंह को अध्यक्ष चुना गया। वहीं नीरज कुमार अग्रवाल को उपाध्यक्ष, राकेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष तथा सिद्धार्थ कुमार और रामजन्म राम को सचिव बनाया गया। इसके अलावा हिमांशु सिंह, शंभू प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, पिंटू और नित्यानंद पाठक को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि चैत्र शुक्ल पक्ष एकम् से स्टेशन रोड और मुख्य मार्गों पर महावीरी झंडे और पताके लगाए जाएंगे। सप्तमी को महावीरी ध्वज की स्थापना की जाएगी तथा रामनवमी के दिन भव्य जुलूस और झांकी निकाली जाएगी। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

- नीरज कुमार अग्रवाल को उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष तथा सिद्धार्थ कुमार और रामजन्म राम को सचिव बनाया गया

पूजा व शोभायात्रा की तैयारी शुरू

हुसैनाबाद (पलामू)। आगामी रामनवमी पर्व को लेकर हुसैनाबाद में धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रामनवमी पूजा के अवसर पर महावीर स्थान जपला से मूर्ति पूजन, अखाड़ों के साथ जुलूस और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। रामनवमी समिति के संयोजक लोकनाथ केशरी द्वारा थाना प्रभारी को भेजे गए पत्र में कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च 2026 को प्रातः महावीर जी भवन से जल यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए सोन नदी से जल लेकर वापस आएगी। इसके बाद 19 मार्च 2026 को प्रातः 5 बजे कलश स्थापना एवं मानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम में महावीर जी भवन में श्रीराम कथा का आयोजन होगा। 24 मार्च 2026 को सुबह 6 बजे मोटरसाइकिल के माध्यम से शहर में संपर्क जुलूस निकाला जाएगा। उसी दिन शाम 6 बजे जपला नगर के सभी अखाड़ों का जुलूस गांधी चौक पर एकत्रित होकर महावीर मंदिर पहुंचेगा, जहां आरती के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। समिति के अनुसार 28 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे महावीर स्थान जपला से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सोन नदी तक जाएगी, जहां प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु ढोल-नगाड़े, हाथी-घोड़े और बग्घियों के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए थाना प्रशासन से अनुमति की मांग की गई है।

मनरेगा कर्मियों ने दी 12 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

पलामू। मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर मांगों को लेकर राज्य के मनरेगा कर्मी 09 मार्च से 11 मार्च तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को जिले के मनरेगा कर्मियों ने मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में बैठक कर अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में पहुंचे मनरेगा कर्मियों ने हिस्सा लिया और एकजुटता के साथ आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में संघ के प्रदेश संयोजक देवेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि राज्य के मनरेगा कर्मी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार अब तक उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिख रही है।

रांची-अयोध्या एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज में देने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। रांची से वाया गढ़वा रोड-डेहरी-ऑन-सोन रेलखंड होते हुए अयोध्या के लिए 14 मार्च से नई एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू होने जा रही है। हालांकि इस ट्रेन का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में निराशा देखी जा रही है।लोगों का कहना है कि यह स्टेशन झारखंड और बिहार के कई प्रखंडों के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण रेलहेड है। यहां से टिकट बिक्री के माध्यम से रेल विभाग को अच्छी आमदनी भी होती है। इसके अलावा ऐतिहासिक भीमचूल्हा पर्यटन स्थल के कारण भी इस स्टेशन की पहचान बढ़ी है। इसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने इस एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव मोहम्मदगंज स्टेशन पर सुनिश्चित करने की मांग तेज कर दी है। मांग करने वालों में कांग्रेस प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी डा. एम तौशीफ, रामजन्म राम, अफरोज अहमद सिद्दीकी, उपप्रमुख नगीना सिंह, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, विपिन बिहारी उर्फ मंटू सिंह सहित कई अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

हुसैनाबाद में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव बरामद

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पोखरापर गांव निवासी रामबिलास पासवान के पुत्र संजय कुमार पासवान (25 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह अलीनगर स्थित सरकारी स्कूल के समीप युवक का शव देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. संजय कुमार रवि द्वारा प्राथमिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया गया। अस्पताल परिसर परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया।

हत्या का लगाया आरोप

मृतक की मां ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर अलीनगर गांव के बिमलेश पासवान, मिथिलेश पासवान, रामबली पासवान और कमलेश पासवान पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि तीन माह पहले उनके पुत्र को इन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी थी।

पुलिस ने शुरू की जांच

थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे। घर का इकलौता बेटा था संजय मृतक के पिता के अनुसार संजय घर का इकलौता पुत्र था। सोमवार को वह इंटरसिटी एक्सप्रेस से रांची जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन मंगलवार सुबह उसका शव अलीनगर के पास मिला।

सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर कार्रवाई

देसी कट्टा के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू)। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए पलामू पुलिस ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के शिवा विगहा निवासी सरजु पासवान उर्फ सरजू राम (42 वर्ष) को अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा एक्स (ट्विटर) पर हथियार के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट कर पलामू पुलिस को टैग किया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 9 मार्च को आरोपी के घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कमरे के कोने में बालू में छिपाकर रखा गया एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया।

थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 53/26 के तहत आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के अलावा मुकेश कुमार सिंह, रमण यादव, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता, उमेश बैठा तथा रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

रजवार टोला में चापानल के पानी की गुणवत्ता की जांच

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। प्रखंड के भजनियां गांव की जलसहिया शकुंतला देवी ने मंगलवार को रजवार टोला में चापानल के पानी की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने सरकारी किट के माध्यम से जांच कर पानी को पीने योग्य पाया। इस दौरान ग्रामीणों के सहयोग से चापानल के आसपास साफ-सफाई भी कराई गई तथा लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। जलसहिया शकुंतला देवी ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत गांव के सभी सरकारी और गैरसरकारी चापानलों के पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट उत्पन्न न हो, इसके लिए चापानलों की खराबी पर भी नजर रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर विभाग को सूचना देकर समय रहते मरम्मत कराई जाएगी। मौके पर बैजनाथ ठाकुर, सरिता देवी, शीला देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

रमजान के बचे दिनों में अधिक से अधिक इबादत करने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर। पवित्र रमज़ान के महीने में ग्राम कोटखास स्थित छोटी मस्जिद में सोमवार की रात तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल किया गया। इस मौके पर मस्जिद परिसर में अकीदतमंदों की बड़ी संख्या मौजूद रही और माहौल इबादत व दुआओं से सराबोर रहा।

पूरे रमज़ान महीने में मस्जिद में हर रात तरावीह की नमाज अदा की जा रही थी, जिसमें हाफ़िज़ साहब रोजाना कुरआन शरीफ की तिलावत कर रहे थे। कुरआन मुकम्मल होने पर फातेहा-ख्वानी की गई और इलाके में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। मस्जिद के इमाम ने रमज़ान की फज़ीलत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है। उन्होंने लोगों से रमज़ान के बचे दिनों में अधिक से अधिक इबादत करने और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की।

इस अवसर पर मस्जिद कमेटी और ग्रामीणों ने हाफ़िज़ साहब को पगड़ी, फूल-माला और उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में माहिर खलीफा, तनवीर आलम, अख्तर खलीफा, एजाजुल खलीफा, नेहाल खलीफा, परवेज खलीफा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्कूल की प्रथम वर्षगांठ पर सम्मान समारोह आयोजित

युवा समाजसेवी सतीश कुमार शर्मा को मिला युवा गौरव सम्मान

- समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए युवाओं की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है
- सतीश कुमार शर्मा लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। जपला मुख्य बाजार स्थित एसबीआई बैंक के सामने वाली गली में अवस्थित वात्सल्य किड्स प्री स्कूल परिसर में विद्यालय की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से युवा समाजसेवी सतीश कुमार शर्मा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए 'युवा गौरव सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के निदेशक अंकित कश्यप, व्यवस्थापक नितिन पांडेय तथा शिक्षिका शिरीन मैम सहित अन्य सदस्यों ने सतीश कुमार शर्मा को शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो तथा डायरी-कलम भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड संख्या-08 के नवनिर्वाचित पार्षद आनंद कुमार को भी समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी रही। विद्यालय के निदेशक अंकित कश्यप ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए युवाओं की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है।

सतीश कुमार शर्मा जैसे युवा समाजसेवी अपने कार्यों के माध्यम से समाज में नई चेतना और प्रेरणा का संचार कर रहे हैं। ऐसे व्यक्तित्वों को सम्मानित करना अन्य युवाओं को भी समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है। बताया गया कि सतीश कुमार शर्मा लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। वे स्वामी विवेकानंद आदर्श युवा मंडल, लोटनियां तथा मेरा युवा भारत जैसे संगठनों के माध्यम से युवाओं के लिए प्रेरक सेमिनार, खेलकूद प्रतियोगिताएं, जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जैसे कार्यक्रमों का संचालन करते रहे हैं।]

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं शिरीन मैम व सुधा मैम, अभिभावकों में ज़ीनत परवीन, सुषमा देवी, आलिया तबस्सुम, अफरीन परवीन, पूजा कुमारी सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं विद्यालय के बच्चों शनाया, अलिशबा, ऐजम, रूही, समृद्धि, शिवि, आयज़ा, अदिति, अंशिका, हुज़ैफ़ा, पल्लवी, कनिष्क, इफ्रा और कार्तिक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने केक काटकर विद्यालय की पहली वर्षगांठ की खुशियां मनाईं।

कार्यालय में 24 घंटे चालू रहे सीसीटीवी कैमरे : सतेंद्र ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता

पंडवा। प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता सतेंद्र ठाकुर ने पंडवा प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे सुचारु रूप से चालू रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों का लगातार चालू रहना बेहद जरूरी है। सतेंद्र ठाकुर ने कहा कि कई बार देखा जाता है कि कार्यालयों में लगे कैमरे बंद रहते हैं या ठीक से काम नहीं करते, जिससे वहां होने वाली गतिविधियों की निगरानी संभव नहीं हो पाती। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे चौबीसों घंटे कार्यरत रहें। उन्होंने कहा कि कैमरे लगातार चालू रहने से कार्यालय में आने वाले आम लोगों को सुरक्षा और पारदर्शिता का भरोसा मिलेगा। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता पर नजर रखना भी आसान होगा। इसलिए इस दिशा में अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वर्ष-32, अंक- 144, पृष्ठ-16 | चैत्र कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
11 मार्च 2026

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 11

पलामू की रेल परियोजनाओं को लेकर सांसद ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से की मुलाकात

वंदे भारत ट्रेन, नई रेल लाइन और कई स्टेशनों पर ठहराव की उठाई मांग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेल परियोजनाओं और रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सांसद ने बरवाडीह–चिरमिरी–अंबिकापुर रेल लाइन निर्माण की प्रगति, गया–रफीगंज–इमामगंज–डालटनगंज नई रेल लाइन के निर्माण तथा डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन करने की मांग रखी। सांसद ने रांची से लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड और जपला होते हुए वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन चलाने का भी प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही टाटा से वाराणसी के बीच प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को भी इसी रूट से चलाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग रही है कि दिल्ली जाने के लिए राजधानी एक्सप्रेस या गरीब रथ की नियमित सुविधा उपलब्ध हो। इसके लिए राजधानी एक्सप्रेस को गढ़वा रोड, नगर उंटारी और मिर्जापुर होकर चलाने का सुझाव दिया गया। सांसद ने गढ़वा टाउन से डालटनगंज होते हुए रांची तक नई मेमू ट्रेन चलाने, रांची–नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन (12877/12878) को सप्ताह में तीन दिन से बढ़ाकर छह दिन चलाने तथा हावड़ा–जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस का विस्तार मुंबई तक करने की मांग भी की। इसके अलावा मेराल, सिगसिगी, नगर उंटारी और रजहरा स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी गई। उन्होंने चोपन से देवघर तक वाया डालटनगंज नई ट्रेन चलाने, मदार–रांची स्पेशल ट्रेन को नियमित करने तथा कोलकाता–अहमदाबाद ट्रेन के परिचालन को सप्ताह में एक दिन से बढ़ाकर दो दिन करने का प्रस्ताव भी दिया। सांसद ने हरिहरगंज और छतरपुर बाजार में टिकट आरक्षण केंद्र स्थापित करने, रेलवे अंडरपास में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने तथा अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य को तेज करने की भी मांग की।

एक नजर

लोस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास पर आज भी चर्चा

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। सदन में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की अनुमति दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय हुआ। मंगलवार को इस प्रस्ताव पर करीब सात घंटे चर्चा हुई। फिर सदन की कार्यवाही बुधवार को दिन में 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बहस की शुरुआत कांग्रेस के सांसद गौरव गोगोई ने की।

शेष पेज 13 पर...

रांची से अयोध्या और लखनऊ के लिए सीधी ट्रेन 14 मार्च से

रांची। रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के लिए नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 14022/14021 आनंद विहार टर्मिनल-पुरुलिया- आनंद विहार टर्मिनल (वाया रांची) के परिचालन करने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का उद्घाटन 14 मार्च 2026 को होगा। उद्घाटन के अवसर पर यह ट्रेन संख्या 04020 पुरुलिया-आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल के रूप में परिचालित होगी। इस स्पेशल ट्रेन का पुरुलिया से प्रस्थान 14:30 बजे, मूरी आगमन 15:45 बजे व प्रस्थान 15:50 बजे, रांची आगमन 17:45 बजे व प्रस्थान 18:05 बजे होगा।

शेष पेज 13 पर...

कच्चे तेल की कीमत छह फीसदी से ज्यादा नीचे गिरी

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में ईरान के साथ तनाव कम होने की उम्मीद के चलते मंगलवार को कच्चे तेल की कीमत में गिरावट देखने को मिली है। यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे फिसल गया है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स की कीमत 6.51 डॉलर या 6.6 प्रतिशत गिरकर 92.45 डॉलर प्रति बैरल हो गई। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमत 6.12 डॉलर या 6.5 प्रतिशत गिरकर 88.65 डॉलर हो गई। तेल की कीमतों में गिरावट राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद आई, जिसमें कहा गया कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान 'बहुत जल्द' समाप्त हो जाएगा।

शेष पेज 13 पर...

असम में जागरूकता जनसभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कहा

असम के आदिवासी समुदाय को मिले उनका अधिकार

- बोले सीएम, असम में रहने वाला आदिवासी समुदाय देश के चाय व्यापार का अभिन्न अंग

नवीन मेल डेस्क

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को असम में बिस्वनाथ चारियाली स्थित मेजिकाजन चाय बागान में आयोजित एक जनसभा में सम्मिलित हुए। इस जनसभा का आयोजन आदिवासी स्टूडेंट यूनियन ऑफ असम, जारी शक्ति एवं आदिवासी काउंसिल ऑफ असम ने किया था।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम में निवास करने वाले गरीब-गुरबा, किसान, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों पर लंबे समय से अत्याचार एवं शोषण की बातें लगातार मैंने सुनी हैं। आप सभी लोगों ने यहां पर कई राजनीतिक एवं सामाजिक उतार-चढ़ाव देखे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों से आप सिर्फ असम नहीं, बल्कि इस देश के चाय व्यापार जगत का अभिन्न अंग है। आपके बूते ही चाय उद्योग चल रहा है। असम के आदिवासी समुदाय के वैसे भाई-बहन, माता एवं बुजुर्ग जो चाय उद्योग में कार्य करते हैं, उन्हें कार्य के बदले मेहनताना के रूप में क्या मिलता है, यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि आप लोगों के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ते-लड़ते क्रांतिकारी नेता प्रदीप नाग ने अपने प्राण की आहुति दे दी।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारे राज्य झारखंड में भी जल, जंगल, जमीन का संरक्षण एवं आदिवासी समुदाय की पहचान तथा उनके हक-अधिकार अधिकार के लिए लंबा संघर्ष हुआ।

शेष पेज 13 पर...

असम के आदिवासियों की स्थिति बदलने के लिए एकजुट होना पड़ेगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह विडंबना है कि हजारों वर्षों से असम में निवास करने वाले आदिवासी समाज के साथ आखिर भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उन्हें आदिवासी का दर्जा भी नहीं मिल रहा है। असम का एक बहुत बड़ा धड़ा कई यातनाओं से गुजर रहा है। इतना बड़ा समूह वर्तमान समय में अपने अधिकार और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्थिति को बदलने के लिए हम सभी को चट्टान की तरह एकजुट रहना पड़ेगा। पूरे देश में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की स्थिति में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर वह प्रयास करने की जरूरत है, जो हम सभी लोग मिलजुल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के भीतर कुछ वैसी शक्तियां हैं, जो आदिवासी समुदाय को आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से कमजोर करने पर कोशिश करते हैं। इस समुदाय के लोगों को मजदूर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अब इन सब चीजों से हमें जागरूक रहने की आवश्यकता है। असम एक बेहतरीन एवं खूबसूरत वादियों वाला राज्य है। पर्यटन की दिशा में इस राज्य में असीम संभावनाएं हैं।

झारखंड विधानसभा में कानून-व्यवस्था को लेकर हुआ हंगामा

नियंत्रण में है झारखंड की कानून व्यवस्था : राधाकृष्ण

- मार्शल आउट किए गए आजसू विधायक निर्मल महतो
- वित्त मंत्री के हस्तक्षेप के बाद सदन में बुला लिए गए

नवीन मेल डेस्क

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के 10वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जोरदार हंगामा देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हाथों में पोस्टर लेकर वेल में पहुंच गए। वे राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार तथा बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है और कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने दुमका की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि वहां मजदूर यूनियन के नेताओं को गोली मार दी गई, लेकिन अब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मरांडी ने रजरप्पा और गिरिडीह की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला दिवस के अवसर पर गिरिडीह में उपायुक्त के व्यवहार पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बिना पैसे कोई काम नहीं हो रहा है और सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। नेता प्रतिपक्ष ने इन मुद्दों पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की मांग की और कहा कि यह सरकार हेमंत सोरेन की नहीं, बल्कि बाबुओं की सरकार बन गई है।

इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि यदि कार्यमंत्रणा समिति में इस विषय पर चर्चा का निर्णय होता, तो सदन में उस पर चर्चा जरूर कराई जाती। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है और भ्रष्टाचार के मामलों में सरकार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि यदि कोई विशेष मामला है, तो उसे सदन में रखा जाए, सरकार उस पर कार्रवाई करने को तैयार है।

शेष पेज 13 पर...

सरकार आवश्यक पहल करने पर विचार करेगी : सुदिव्य कुमार सोनू

सदन में विधायक अरूप चटर्जी ने राज्य में संचालित अल्पसंख्यक विद्यालयों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सवाल किया कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्यपुस्तक, कॉपी और मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि संबंधित विद्यालयों को अभी तक सरकारी स्कूल का दर्जा प्राप्त नहीं है, इसलिए उन्हें सीधे तौर पर इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालांकि, उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार इस दिशा में प्रयास करेगी, ताकि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को भी उचित सरकारी सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार आवश्यक पहल करने पर विचार करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने महिला अधिकार से जुड़े मामले की सुनवाई में की टिप्पणी

महिलाओं के अधिकार पर्सनल लॉ से हो रहे हैं प्रभावित, तो 'यूसीसी' पर विचार जरूरी

- मुस्लिम महिलाओं को विरासत व उत्तराधिकार में बराबर के अधिकार के लिए दायर की गई है याचिका

एजेंसी। नई दिल्ली

महिलाओं के अधिकारों से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर पर्सनल लॉ महिलाओं को संविधान के तहत मिलने वाले उनके बुनियादी अधिकारों से दूर रखते हैं, तो ऐसे में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) पर विचार करना जरूरी हो जाता है। कोर्ट ने कहा कि सभी धर्मों की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए एक समान कानून की जरूरत महसूस की जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट महिलाओं के एक समूह द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस याचिका में मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एक्ट, 1937 में बदलाव की मांग की गई है, ताकि मुस्लिम महिलाओं को विरासत और उत्तराधिकार में बराबर का अधिकार मिल सके। याचिका में कहा गया है कि फिलहाल मुस्लिम महिलाओं को अपने माता-पिता की संपत्ति में बहुत कम हिस्सा मिलता है, जिसे बदलने की जरूरत है। मुख्य न्यायाधीश सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने इस दौरान कई अहम बातें रखीं। कोर्ट ने कहा कि अगर वर्ष 1937 का यह कानून पूरी तरह हटा दिया जाता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन यानी वैक्यूम पैदा हो सकता है। ऐसी स्थिति में महिलाओं को वह अधिकार भी नहीं मिल पाएंगे, जो उन्हें अभी इस कानून के तहत मिल रहे हैं।

शेष पेज 13 पर...

एक्सएलआरआई को भी बम से उड़ाने की धमकी

जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)। पूर्वी सिंहभूम के जिला मुख्यालय जमशेदपुर स्थित प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई -जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को शहर में हड़कंप मच गया। यह धमकी संस्थान को एक अज्ञात ई-मेल के माध्यम से भेजी गई थी। ई-मेल मिलते ही संस्थान प्रबंधन में अफरा-तफरी मच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी गई।संस्थान के प्रमुख ने इस संबंध में तत्काल पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी पीयूष कुमार पांडेय से संपर्क कर धमकी भरे ई-मेल की जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसएसपी ने त्वरित कार्रवाई

शेष पेज 13 पर...

इजरायल-अफगानिस्तान दावे वाला विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर का वीडियो भ्रामक

- फैक्ट चेक कर पीआईबी ने किया खंडन, कहा- यह डीपफेक वीडियो है

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी हमले इस वक्त पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। तमाम देश मिडिल ईस्ट में फंसे अपने नागरिकों को निकालने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस बीच, कई तरह के फर्जी वीडियो और खबरें भी सामने आ रही हैं। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बीते दिन राज्यसभा में अपने संबोधन के दौरान मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच भारत द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। विदेश मंत्री का एक डीपफेक वीडियो सामने आया, जिसे पीआईबी ने फैक्ट चेक किया है। पीआईबपी ने वीडियो को फर्जी बताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा अकाउंट्स विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर का एक डिजिटली छेड़छाड़ किया गया वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें झूठे दावे किए गए हैं कि उन्होंने कहा कि भारत मुस्लिम देशों द्वारा इजरायल को परेशान किए जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा और इजरायल ने हाल ही में भारत के कहने पर अफगान तालिबान को 3 बिलियन डॉलर दिए हैं। सावधान! यह एक एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो है, जिसे लोगों को गुमराह करने के लिए शेयर किया गया है।

डीपफेक वीडियो में विदेश मंत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है, जिन देशों को दबाया जाता है, भारत हमेशा उन देशों के साथ खड़ा रहा है। इजरायल को सबसे ज्यादा दबाया गया है। ईरान और अन्य मुस्लिम देशों ने उसे लगातार परेशान किया है। भारत चुपचाप सभी मुस्लिम देशों को इजरायल को परेशान करते हुए नहीं देखेगा। हम गर्व से इजरायल के साथ खड़े हैं। जो कोई भी इसके उलट सोचता है, उसका पाकिस्तान जाने का स्वागत है, क्योंकि भारत इजरायल के लिए किसी भी तरह की नफरत को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

शेष पेज 13 पर...

आज / कल

कैबिनेट का फैसला | झारखंड और बंगाल को मिली बड़ी रेल सौगात

पाकुड़ रेलखंड पर चौथी लाइन को दी गई मंजूरी

- दो राज्यों के पांच जिलों को जोड़ने वाली 4474 करोड़ की दो महत्वपूर्ण रेल मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं स्वीकृत

उदय चंद्र सिंह

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए रेलवे के क्षेत्र में एक अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के पांच जिलों को जोड़ने वाली दो महत्वपूर्ण रेल मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर करीब 4474 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वर्ष 2030-31 तक इसे पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।

मंजूरी मिलने के बाद रेलवे के सैंथिया-पाकुड़ रेलखंड पर चौथी लाइन बिछाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके साथ ही संतरागाछी-खड़गपुर रेलखंड पर भी चौथी लाइन का निर्माण किया जाएगा। इन परियोजनाओं के पूरा होने से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 192 किलोमीटर की अतिरिक्त लाइन जुड़ जाएगी।

रेल मंत्रालय के अनुसार, इन परियोजनाओं से क्षेत्र में रेल यातायात की क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की आवाजाही पहले से ज्यादा सुगम हो सकेगी। अभी इन रेलखंडों पर काफी भीड़ रहती है, जिससे मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों दोनों की गति प्रभावित होती है। नई लाइन बनने से इस समस्या में काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

इन परियोजनाओं से झारखंड और पश्चिम बंगाल के करीब 5652 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे लगभग 1.47 करोड़ लोगों को सीधे फायदा होगा। साथ ही रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।रेलवे के मुताबिक यह परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत तैयार की गई हैं। इनका उद्देश्य देश में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को मजबूत करना और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था को अधिक कुशल बनाना है।रेल लाइन की क्षमता बढ़ने से कोयला, पत्थर, डोलोमाइट, सीमेंट, लोहा-इस्पात और खाद्यान्न जैसी वस्तुओं की ढुलाई भी आसान हो जाएगी। अनुमान है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद हर साल करीब 31 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी। इसके अलावा, बोलपुर-शांतिनिकेतन, तारापीठ, नंदिकेश्वरी मंदिर और भीमबंध वन्यजीव अभयारण्य जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क भी बेहतर होगा।

> कैबिनेट ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के पांच जिलों में मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे दक्षता बढ़ेगी, भीड़भाड़ कम होगी, माल परिवहन को मजबूती मिलेगी और सतत, कम-कार्बन परिवहन को आगे बढ़ाया जाएगा।
>
> **- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री (सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर)**

शेष पेज 13 पर...

रांची सिविल कोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में कोर्ट और सरकारी कार्यालयों के परिसरों को बम से उड़ाने की धमकियों ने पुलिस और प्रशासन की नींद उड़ा दी है। मंगलवार को एक बार फिर रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। करीब एक महीने में तीसरी बार धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। ई-मेल के जरिए मिली इस धमकी के बाद रांची पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि, जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार, इस बार धमकी में 'साइनाइड बम' से अदालत को उड़ाने की बात कही गई है। मेल में यह भी दावा किया गया कि अदालत परिसर में 14 बम लगाए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और पूरे परिसर की गहन जांच की गई।

- धमकी देने वालों ने 14 'साइनाइड बम' लगाने का किया था दावा, कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली

शेष पेज 13 पर...

डीआईजी ने सिविल कोर्ट परिसर व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, पुलिस को सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक किशोर कौशल ने मंगलवार को मेदिनीनगर स्थित सिविल कोर्ट परिसर और समाहरणालय स्थित सेंट्रल कंट्रोल रूम (सीसीआर) का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमेशा सतर्क और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत या सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों से भी विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। इस दौरान पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन भी मौजूद थीं। डीआईजी ने सिविल कोर्ट परिसर और उसके बाहरी हिस्सों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। उन्होंने कोर्ट के प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षा बलों की जांच प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आने-जाने वाले लोगों की सतर्कता से जांच करने, संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया।

कंट्रोल रूम में अपराध निगरानी प्रणाली की समीक्षा

इसके बाद डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक के साथ समाहरणालय स्थित सेंट्रल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां संचालित अपराध निगरानी और सूचना प्रबंधन प्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्राप्त लाइव फुटेज की गुणवत्ता, विभिन्न थानों से प्राप्त सूचनाओं का संकलन, फाइलों का रखरखाव और आपातकालीन सूचना प्रबंधन की प्रक्रिया की समीक्षा की। डीआईजी ने कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस कर्मियों को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा सभी थानों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखने और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

जोगियाही तालाब से व्यवसायी का शव बरामद

- दो दिन से लापता था दूध व्यवसायी, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के जोगियाही तालाब से मंगलवार को 58 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान रेड़मा काशीनगर निवासी मोहन यादव के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेज दिया। परिजनों के अनुसार मोहन यादव दूध बेचने का काम करते थे। वे 8 मार्च को घर से ठाकुरबाड़ी मोहल्ला में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने की बात कहकर निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह एक चरवाहे ने परिजनों को सूचना दी कि जोगियाही तालाब के पास एक साइकिल और कुछ सामान पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर परिजनों ने सामान की पहचान मोहन यादव के रूप में की। इसके बाद तालाब में खोजबीन की गई, जहां से उनका शव बरामद हुआ। घटना की सूचना पर शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार तथा एसआई संगीता झा पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मोहन यादव अत्यधिक शराब का सेवन करते थे। हालांकि मौत के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सतबरवा में भी अवैध पोस्ता खेती पर कार्रवाई

मेदिनीनगर। पलामू पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत सतबरवा थाना क्षेत्र में भी कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम/पोस्ता की खेती को नष्ट किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पीडिया के जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से पोस्ता की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर 10 मार्च को पुलिस टीम ने छापेमारी की। इस दौरान जंगल क्षेत्र में करीब 2 से 3 कट्ठा जमीन पर लगी अवैध पोस्ता की फसल बरामद हुई। पुलिस बल ने मौके पर ही पूरी फसल को नष्ट कर दिया। मामले में संलिप्त लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पलामू पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

पलामू में बंद माइंस और युवाओं के रोजगार का मुद्दा विधानसभा में उठाया

- विधायक आलोक चौरसिया ने उद्योग और रोजगार बढ़ाने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। डालटनगंज-भंडरिया के विधायक आलोक चौरसिया ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान श्रम विभाग, कौशल विकास विभाग और उद्योग विभाग के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए पलामू जिले की प्रमुख समस्याओं को सदन में उठाया। उन्होंने विशेष रूप से पलामू में बंद पड़े माइंस, घटते रोजगार के अवसर और युवाओं के सामने बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को प्रमुखता से रखा। विधायक ने कहा कि जिले में कई माइंस और उद्योग-धंधे लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार कम होते जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि पलामू जिले में बंद पड़े उद्योग-धंधों और माइंस को जल्द से जल्द फिर से चालू कराया जाए। इससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पलामू जैसे पिछड़े जिले में रोजगार के अवसर बढ़ाना बेहद जरूरी है। इसके लिए सरकार को उद्योगों को बढ़ावा देने और बंद पड़े माइंस को पुनः चालू कराने की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर संसद की संयुक्त समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद

चुनाव प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने पर हुआ मंथन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम 9 मार्च को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर संसद की संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री (विधि एवं न्याय) पी.पी. चौधरी ने की। बैठक में समिति के सदस्यों, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं, इससे जुड़े संवैधानिक प्रावधानों, चुनावी प्रक्रिया में संभावित सुधारों तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों ने चुनाव प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और संसाधनों की बचत सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक के अंत में समिति ने प्राप्त सुझावों और विचारों को संकलित कर आगे की कार्यवाही के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने की दिशा में कार्य जारी रखने का निर्णय लिया। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि बैठक में भाग लेते हुए सांसद ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने तथा चुनाव प्रणाली में सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा का निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति : हृदयानंद मिश्र

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। वरिष्ठ शिक्षाविद् और अंग्रेज़ी साहित्य के विद्वान प्रो. सुभाष चंद्र मिश्रा के निधन पर अधिवक्ता सह झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रो. मिश्रा का निधन पलामू के शिक्षाजगत और बौद्धिक समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मिश्र ने कहा कि 9 मार्च 2026 को उनके निधन के साथ शिक्षा, साहित्य और सामाजिक चेतना के एक प्रेरक अध्याय का अंत हो गया। उन्होंने कहा कि प्रो. मिश्रा उन शिक्षकों में थे जिनका प्रभाव केवल कक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने हजारों विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने का काम किया। उनके कई छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और अपनी सफलता का श्रेय उन्हें देते हैं। उन्होंने बताया कि 29 जून 1944 को पलामू जिले के पनेरीबांध में जन्मे प्रो. मिश्रा का पैतृक घर बिहार के रोहतास जिले के पांडुका में था, लेकिन उनका अधिकांश जीवन पलामू में बीता और यही उनकी कर्मभूमि रही। वे मेदिनीनगर स्थित जीएलए कॉलेज में अंग्रेज़ी के प्राध्यापक के रूप में लंबे समय तक कार्यरत रहे और अपने गहन अध्ययन, प्रभावशाली वाणी तथा सरल स्वभाव के कारण विद्यार्थियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय थे। मिश्र ने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं पर उनकी समान पकड़ थी। उनकी पुस्तक "कोयल की धारा" उनके साहित्यिक दृष्टिकोण को दर्शाती है, जबकि उनके व्यक्तित्व और कार्यों पर आधारित पुस्तक "सबकी आस सुभाष" समाज में उनके प्रभाव को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि प्रो. मिश्रा शिक्षा के साथ-साथ खेल और सामाजिक गतिविधियों में भी रुचि रखते थे तथा युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलकूद के लिए भी प्रेरित करते थे। उनके विचार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को लंबे समय तक प्रेरित करते रहेंगे।

स्टेशन पोर्टिको से वृद्ध महिला का शव बरामद

मेदिनीनगर। डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के पोर्टिको से मंगलवार सुबह लगभग 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद किया गया। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृत महिला की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त वृद्ध महिला अक्सर स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भीख मांगकर गुजर-बसर करती थी और रात में स्टेशन पोर्टिको में ही सो जाती थी। जीआरपी पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।

मध्यस्थता से सुलझा नाबालिग की कस्टडी का विवाद

- तीन माह नाना-नानी के पास रहेगा बालक, इसके बाद पिता के साथ रहेगा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नाबालिग बालक की कस्टडी को लेकर चल रहा विवाद मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा लिया गया। बालक के पिता ने उपायुक्त पलामू को आवेदन देकर अपने पुत्र को नाना-नानी के पास से दिलाने का आग्रह किया था। इस पर उपायुक्त समीरा एस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले को बाल कल्याण समिति को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार बालक के पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी सास और पत्नी के मामा द्वारा उनके नाबालिग पुत्र को जबरन अपने पास रखा गया है और उन्हें सौंपने से इनकार किया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लिया और सदर थाना प्रभारी को बालक को रेस्क्यू कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके बाद बालक को उसकी नानी ने समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान बालक की माता के मामा, पिता तथा दादा भी समिति के समक्ष उपस्थित हुए। समिति ने सभी पक्षों की बात सुनते हुए मामले की सुनवाई की। बताया गया कि बालक की माता लंबे समय से बीमार थी और लगभग तीन माह पूर्व उसका निधन हो गया। तब से बालक अपने नाना-नानी के साथ ग्राम पोखराहा में रह रहा था। वहीं बालक के पिता और दादा फिलहाल दिल्ली में रहते हैं, हालांकि वे सतबरवा के मूल निवासी हैं। मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए बाल कल्याण समिति ने इसे मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने का निर्णय लिया और पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन से मध्यस्थ नियुक्त करने का अनुरोध किया। इसके बाद डालसा सचिव ने वीणा मिश्रा को मध्यस्थ नियुक्त किया। मध्यस्थ वीणा मिश्रा ने दोनों पक्षों के साथ बातचीत कर समझौता कराया। मध्यस्थता के दौरान यह सहमति बनी कि फिलहाल बालक तीन माह तक अपने नाना-नानी के घर रहेगा। इसके बाद वह अपने पिता के साथ रहेगा।

2.5 एकड़ में लगी अवैध पोस्ता खेती नष्ट

मेदिनीनगर। पलामू जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पांकी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 2.5 एकड़ में लगी अवैध अफीम/पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस के अनुसार 9 मार्च को पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम पुंडरू स्थित जंगली क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से पोस्ता की खेती किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पांकी थाना पुलिस, ताल पिकेट के पुलिसकर्मियों और वन विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान करीब 2.5 एकड़ क्षेत्र में लगी पोस्ता की फसल को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। अभियान के दौरान पूरे इलाके में सघन जांच भी की गई।

पलामू में धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश

20 दिनों में लक्ष्य पूरा करने को कहा, अब तक 1.63 लाख क्विंटल धान की खरीद

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू की अध्यक्षता में मंगलवार को धान अधिप्राप्ति योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों के संचालक, राइस मिलर तथा नोडल पदाधिकारी-सह-दंडाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पलामू जिले में 2 लाख 50 हजार क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 1 लाख 63 हजार क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि करीब 87 हजार क्विंटल धान की खरीद अभी शेष है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी केंद्र संचालकों को निर्देश दिया कि वे शेष लक्ष्य को हर हाल में निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने कहा कि धान खरीद के लिए अभी लगभग 20 दिन का समय शेष है, इसलिए लक्ष्य को आसानी से पूरा किया जा सकता है। बैठक में बताया गया कि पूर्व में राइस मिलरों के चयन और धान उठाव में कुछ कठिनाइयां थीं, लेकिन अब राइस मिलरों द्वारा धान उठाव का कार्य तेज कर दिया गया है। अब तक करीब 60 हजार क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। डीएसओ ने बताया कि इस बार किसानों को एकमुश्त राशि भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जा रही है और अब तक भुगतान को लेकर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने नोडल पदाधिकारियों को क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ई-उपार्जन पोर्टल पर दर्ज मात्रा के अनुरूप ही धान का भंडारण किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। विमला पाण्डेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में सोमवार को अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों का रिपोर्ट कार्ड प्राप्त कर वर्ग शिक्षकों से उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं प्रगति की जानकारी ली। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस वर्ष सभी वर्गों का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। नर्सरी से लेकर नवम वर्ग तक कुल 58 छात्र-छात्राओं ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसे विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम बताया गया। विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों के बीच निरंतर संवाद बच्चों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रबंधन हर संभव संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा।

चार माह से वेतन नहीं मिलने पर सड़क पर उतरे एनआरएचएम कर्मी

डीसी को सौंपा ज्ञापन, 11 मार्च से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी माने जाने वाले एनआरएचएम कर्मियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। चार महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज दर्जनों स्वास्थ्य कर्मियों ने मंगलवार को पलामू परिसदन पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो 11 मार्च 2026 से वे अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि नवंबर 2025 से अब तक वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण वे गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। वेतन के अभाव में हाल के पर्व-त्योहार भी फीके गुजर गए। कई कर्मियों को बच्चों की फीस, राशन और दवाइयों के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। कर्मियों का आरोप है कि विभाग की ओर से बार-बार आश्वासन दिया गया, लेकिन फरवरी 2026 बीत जाने के बाद भी वेतन का भुगतान नहीं किया गया। इससे क्षुब्ध होकर कर्मियों ने सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। ज्ञापन में कर्मियों ने नवंबर 2025 से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान और भविष्य में नियमित वेतन व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस दौरान चंचला कुमारी, अनुज कुमार, पूनम कुमारी, अनीमा टोपनो, कुसुम सांगा, अमीषा कुमारी और खुशबू कुमारी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

नीति आयोग के 'संपूर्णता अभियान 2.0' का शुभारंभ

सभी के सहयोग से ही सफल होगा अभियान : उपायुक्त

- योजनाओं का लाभ लोगों तक शत-प्रतिशत पहुंचाना है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत निर्धारित प्रमुख इंडिकेटरों में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को टाउन हॉल के सभागार में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त समीरा एस, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम तथा जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा सहित विभिन्न विधायकों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि जिले के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित प्रमुख संकेतकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नवजात शिशुओं का जन्म के समय वजन दर्ज करना, क्षय रोग के मामलों की समय पर सूचना दर्ज करना, आंगनबाड़ी केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन, विद्यालयों में बालिकाओं के लिए कार्यशील शौचालय की उपलब्धता तथा पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण जैसे पांच प्रमुख संकेतकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे पहले अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 को 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और पशुपालन से जुड़ी योजनाओं का लाभ लोगों तक शत-प्रतिशत पहुंचाना है। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर विभिन्न प्रखंडों की सेविकाएं और सहायिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

गढ़वा उपायुक्त ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं

राशन, भूमि विवाद, आवास व मुआवजा समेत कई मामलों पर अधिकारियों को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उपायुक्त दिनेश यादव ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई में राशन वितरण, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, प्रधानमंत्री आवास, मुआवजा, योजनाओं के लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन और बकाया मजदूरी भुगतान से जुड़ी समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान कांडी प्रखंड की जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी ने आवेदन देकर कांडी प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के नए भवन का निर्माण कांडी बाजार के समीप कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नया भवन वर्तमान कार्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर गरदाहा में बनाए जाने की योजना है, जो आम लोगों की सुविधा के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड की अधिकांश आबादी कांडी बाजार और आसपास के क्षेत्रों में निवास करती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासनिक सुविधा और जनहित को देखते हुए कांडी प्रखंड को दो अलग-अलग प्रखंड—कांडी और गरदाहा—में विभाजित करने का भी सुझाव दिया। मेराल प्रखंड के कुसमही गांव के ग्रामीणों ने धूमकुड़िया भवन निर्माण से संबंधित आवेदन सौंपते हुए बताया कि ग्रामसभा द्वारा पूर्व में निर्धारित स्थल पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। ग्रामीणों ने भवन निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं धुरकी प्रखंड के सोनडीहा गांव के ग्रामीणों ने राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत करते हुए बताया कि दिसंबर 2025 में लाभुकों से मशीन में अंगूठा लगवा लेने के बावजूद राशन का वितरण नहीं किया गया। शिकायत के बाद संबंधित डीलर को निलंबित किया गया, लेकिन अब तक लाभुकों को उस माह का राशन नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से शीघ्र राशन वितरण कराने की मांग की। गढ़वा प्रखंड के तिलदाग निवासी अशोक कुमार चौहान ने आवेदन देकर अपनी निजी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा फर्जी कागजात बनाकर उनकी सीएनटी एक्ट के अंतर्गत आने वाली जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। विरोध करने पर उन्हें जानमाल की धमकी भी दी जा रही है। उन्होंने प्रशासन से अवैध निर्माण कार्य रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

न्यूज बॉक्स

बंशीधर नगर में 19 मार्च को होगा नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव

बंशीधर नगर। नगर पंचायत बंशीधर नगर में उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए 19 मार्च को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने निर्वाचन पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। उपाध्यक्ष चुनाव के लिए जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार प्रसाद को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार और अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह को सहायक निर्वाची पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव की पूरी प्रक्रिया बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय के सभागार कक्ष में संपन्न होगी। कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण पूर्वाह्न 10:10 से 10:40 बजे तक होगा। इसके बाद 10:40 से 11:40 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे, जबकि 11:40 से 12 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। दोपहर 1 बजे तक अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी और 1:20 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। दोपहर 2:05 से 2:55 बजे तक मतदान होगा, जबकि 2:55 से 3:30 बजे तक मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। इसके बाद शाम 4 बजे उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण कराया जाएगा।

कैंसर से जूझ रहे सहायक शिक्षक सूर्यदेव राम का निधन

रमना। प्रखंड क्षेत्र के सिलीदाग विद्यालय टोला निवासी 55 वर्षीय सहायक शिक्षक सूर्यदेव राम का सोमवार शाम निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिचितों व मित्रों ने गहरी संवेदना व्यक्त की।अगर आप चाहें तो मैं इन सभी खबरों को और ज्यादा "अखबार पेज सेटिंग" के हिसाब से छोटा, टाइट और प्रभावी (सब-हेड, बॉक्स, हाइलाइट लाइन के साथ) भी कर सकता हूँ, जैसा बड़े अखबारों में छपता है। बताया गया कि सूर्यदेव राम ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 से की थी। बाद में उनकी प्रतिनियुक्ति कबीसा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार उनका प्रारंभिक जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन अपने शालीन और मिलनसार स्वभाव के कारण उन्होंने समाज में अलग पहचान बनाई थी। वर्ष 2024 के अप्रैल माह में चिकित्सकों ने उन्हें ब्लड कैंसर होने की पुष्टि की थी। इसके बाद परिजनों द्वारा रांची और मुंबई में उनका इलाज कराया गया। पिछले सप्ताह ही वे इलाज कराकर रांची से घर लौटे थे। सोमवार शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उन्हें आनन-फानन में गढ़वा सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव घर पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गड़गड़वा नदी किनारे स्थित श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि मुकेश ठाकुर, शिक्षक प्रताप यादव, अजीत कुमार सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, राजू राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

चिनियां प्रखंड कार्यालय में जागरूकता मेला आयोजित

चिनियां। पलामू प्रमंडल के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से मंगलवार को चिनियां प्रखंड कार्यालय परिसर में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता मेला, प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने फीता काटकर किया। इसके बाद ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान नवीन कला केंद्र मेदिनीनगर की टीम ने "नूपुर" नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने बताया कि किस प्रकार जरूरतमंद परिवार आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ उठा सकते हैं। प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी ने कहा कि सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं आम लोगों के हित में चलाई जा रही हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में कई लोग इसका लाभ नहीं ले पाते। ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों को सही जानकारी मिलती है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मौके पर पंचायती राज प्रखंड पदाधिकारी मिथिलेश कुमार, ब्लॉक कर्मी नुमान अंसारी, बबलू प्रसाद, मोजिब अहमद सहित कई अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

विद्यालयों में आज से वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से सातवीं तक के विद्यार्थियों की वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन (एसए–2) परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। यह परीक्षा 11 मार्च से 14 मार्च तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। बीपीओ विपिन बिहारी गुप्ता ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुसार सभी विद्यालयों में परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कक्षा एक के विद्यार्थियों की परीक्षा केवल मौखिक होगी, जबकि कक्षा दो के विद्यार्थियों की परीक्षा मौखिक और लिखित दोनों रूपों में ली जाएगी। कक्षा तीन से सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वस्तुनिष्ठ, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों पर आधारित प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं। कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विषय में 60 अंक निर्धारित किए गए हैं। वहीं कक्षा छह और सात के विद्यार्थियों के लिए भी प्रत्येक विषय में 60 अंक निर्धारित हैं। इनमें सामाजिक विज्ञान, गणित और विज्ञान विषयों की लिखित परीक्षा 50 अंकों की होगी तथा 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित किए गए हैं।इसके अलावा 40 अंक आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर दिए जाएंगे। इस प्रकार प्रत्येक विषय के लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। बीपीओ ने बताया कि दिसंबर से मार्च तक कराए गए प्रोजेक्ट कार्य के औसत अंकों को आंतरिक मूल्यांकन का आधार बनाया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीआरसी स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 31 मार्च तक विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा परिणाम और रिपोर्ट कार्ड वितरित किए जाएंगे।

अवैध गिट्टी लदे टीपर ने बाइक सवार को कुचला, युवक गंभीर

भवनाथपुर। खरौंधी थाना क्षेत्र के चोरिया गांव में अवैध गिट्टी लदे तेज रफ्तार टीपर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने टीपर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल युवक की पहचान चोरिया गांव निवासी ब्रजेश कुमार चौधरी के रूप में हुई है। उसे तत्काल भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक अभिनीत विश्वास ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना में युवक का दाहिना पैर बुरी तरह कुचल गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यूपी से अवैध रूप से गिट्टी लाकर कई माफिया टीपर के जरिए खरौंधी, भवनाथपुर और केतार क्षेत्रों में बेचते हैं। तेज रफ्तार के कारण अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

105 वर्षीया किस्मतिया कुंवर का निधन, शोक की लहर

बड़गड़। प्रखंड मुख्यालय के टेंगारी गांव निवासी 105 वर्षीया किस्मतिया कुंवर का मंगलवार देर रात लगभग ढाई बजे निधन हो गया। वे दैनिक हिंदुस्तान के पत्रकार संजय गुप्ता की दादी थीं। बताया गया कि वे लगभग एक माह से उम्रजनित बीमारी से पीड़ित थीं। उनके निधन से परिवार और गांव में शोक की लहर है। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। सबसे छोटे पुत्र मुन्ना प्रसाद ने मुखाग्नि दी। स्थानीय कुलवंती नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

महाकालेश्वर महादेव मंदिर का पहला स्थापना दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। प्रखंड के भीलमा गांव में सोमवार को श्री महाकालेश्वर महादेव मंदिर एवं विघ्नहर्ता हनुमान मंदिर का पहला स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धालु विनोद सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की। इस दौरान भगवान शिव और हनुमान जी से गांव की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर रात्रि में बाहर से आए कलाकारों की मंडली द्वारा 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों ने "हरे राम-हरे कृष्ण" के संकीर्तन के साथ पूरी रात भक्ति में लीन होकर भगवान का गुणगान किया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और उत्सवमय बन गया। आयोजन समिति के अनुसार बुधवार को हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

रामनवमी जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

शिव मंदिर पंचमुखी प्रवक्ता मंदिर में 11 मार्च को होगी अगली बैठक

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। श्री रामनवमी पूजा महासमिति जनरल, धार्मिक न्यास गढ़वा (झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड) की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को महामंत्री मनीष कमलापुरी के प्रतिष्ठान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष 2026 में भी श्री रामनवमी जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों और आयोजन की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। बैठक में कमल किशोर चौबे, मनीष केसरी, पंकज केसरी, मोहन चंद, रोहित कुमार (छोटू) और उमेश कुमार कश्यप सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। समिति की ओर से बताया गया कि आगामी 11 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे स्थानीय शिव मंदिर पंचमुखी प्रवक्ता मंदिर, संगत मोहल्ला में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में समिति के सभी सदस्य, अखाड़ा के अध्यक्ष, सचिव, संरक्षक, पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी, भंडारा समिति के सदस्य तथा राम भक्तों से उपस्थित होकर रामनवमी पूजा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की गई है।

कांडी अस्पताल की बदलेगी सूरत

सीएचसी को अपग्रेड करने की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। सामाजिक कार्यकर्ता शशांक शेखर ने रांची में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर कांडी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने क्षेत्र की खराब स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए मंत्री को एक विस्तृत मांग पत्र भी सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शशांक शेखर ने बताया कि कांडी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बदहाल स्थिति में है। अस्पताल में 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता नहीं होने से इमरजेंसी मरीजों को काफी परेशानी होती है और गंभीर मरीजों को गढ़वा, रांची या अन्य शहरों में रेफर करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अस्पताल भवन भी जर्जर हो चुका है और डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के लिए शौचालय, बिजली, सुरक्षा समेत कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कांडी अस्पताल को पीएचसी से सीएससी में अपग्रेड करने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।

अपग्रेड होने तक बुनियादी सुविधाएं देने की मांग

शशांक शेखर ने मांग की कि जब तक अस्पताल को सीएचसी में अपग्रेड नहीं किया जाता, तब तक 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके।

खरौंधी में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने की। बीडीओ ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से खरौंधी प्रखंड में एसआईआर अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करें और आवश्यक दस्तावेज एकत्रित कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाएं। बैठक में मतदाताओं को चार श्रेणियों A, B, C और D में विभाजित कर आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही प्रपत्र 6, 7 और 8 भरवाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी उमेश कुमार, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं सभी 50 मतदान केंद्रों के बीएलओ उपस्थित थे। बीडीओ ने सभी कर्मियों को समय सीमा के भीतर मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने का निर्देश दिया।

राजस्थान से लौट रहे युवक की रास्ते में मौत, घर पहुंचते ही मचा कोहराम

मेराल। थाना क्षेत्र के भीमखाड़ गांव निवासी 21 वर्षीय युवक विकास कुमार की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद घर लौटने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। मृतक चूटूर भुइयां का पुत्र था और कुछ दिन पहले रोजगार के लिए राजस्थान गया था। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को विकास अपने एक दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से साप्ताहिक राशन लेने जा रहा था, तभी उसकी बाइक की टक्कर एक ट्रैक्टर से हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने विकास के सिर में गंभीर चोट बताई। इलाज के बाद साथी उसे घर ला रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

महिला तीन वर्षीय बच्चे को लेकर भागी, पीछा करने पर छोड़कर फरार

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। मंगलवार शाम बस स्टैंड के पास एक अज्ञात महिला द्वारा तीन वर्षीय बच्चे को लेकर भागने का मामला सामने आया। हालांकि माता-पिता के पीछा करने पर महिला बच्चे को छोड़कर फरार हो गई। गरबांध गांव निवासी राजेश कुमार उरांव ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ एक दुकान में पंखा बनवा रहे थे। इसी दौरान उनका तीन वर्षीय बेटा आर्यन कुमार अचानक गायब हो गया। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि एक महिला बच्चे को लेकर मुख्य सड़क से पश्चिम दिशा की ओर जा रही है। इसके बाद दंपति ने महिला का पीछा किया। पीछा करते देख महिला चेचरिया के पास बच्चे को छोड़कर भाग निकली। बताया गया कि महिला ने बच्चे को बहलाने के लिए उसे दो केले भी दिए थे। बच्चे के सुरक्षित मिलने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और पुलिस जांच में जुटी है।

कोचिंग गया छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता, परिजनों में मचा हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता

बंशीधर नगर। थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से 19 वर्षीय छात्र के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, वहीं गांव में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार हुलहुला खुर्द पंचायत के शिवपुर गांव निवासी नंदू चंद्रवंशी का बड़ा पुत्र शुभम कुमार सोमवार दोपहर से लापता है। परिजनों ने बताया कि शुभम सोमवार सुबह घर से मेन बाजार स्थित अध्ययन केंद्र में कोचिंग करने के लिए निकला था। घर से निकलने से पहले किसी बात को लेकर उसकी मां से हल्की कहासुनी भी हो गई थी, जिसके बाद वह बिना खाना खाए ही घर से चला गया। बताया जा रहा है कि शुभम कोचिंग क्लास में पढ़ाई करने गया था, लेकिन उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने आसपास के गांवों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। छात्र के पिता नंदू चंद्रवंशी ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, जिनमें शुभम बड़ा है। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने बंशीधर नगर थाना में आवेदन देकर बेटे की तलाश करने की गुहार लगाई है। इधर घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में भी इस घटना को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जानकारी लेकर छात्र की तलाश में जुट गई है।

धुरकी में 9 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। प्रखंड क्षेत्र के मीरचैया गांव में आयोजित 9 दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ भक्ति और श्रद्धा के माहौल में हुआ। महायज्ञ के दूसरे दिन आयोजित कथा प्रवचन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाराणसी से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक विभव उपाध्याय ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए भगवान की भक्ति और मानव जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। महायज्ञ स्थल पर दिनभर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। यज्ञाचार्यों ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों के अनुसार यह महायज्ञ नौ दिनों तक चलेगा और अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

शतचंडी महायज्ञ के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

खरौंधी (गढ़वा)। खरौंधी में आयोजित पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का समापन होने के बाद मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। यज्ञ समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में धार्मिक वातावरण के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा को डोमनी नदी में विसर्जित किया गया। महायज्ञ के दौरान यज्ञशाला में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की प्रतिदिन पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए गए। आसपास के गांवों सहित दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति हवन कर महायज्ञ का समापन किया गया। इसके बाद मंगलवार शाम करीब चार बजे प्रतिमा को गांव में भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए मां दुर्गा की आराधना कर रहे थे। गांव भ्रमण के बाद श्रद्धालु प्रतिमा को लेकर डोमनी नदी के घाट पहुंचे, जहां विधिपूर्वक प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, उपेंद्र दास, रमेश जायसवाल, जितेंद्र बैठा, राममूरत बैठा, जितेंद्र चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

रमना बाजार में अतिक्रमण से जाम सड़क बना अवैध वसूली का अड्डा

नवीन मेल संवाददाता

रमना। रमना बाजार की मुख्य सड़क पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात के कारण प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। बाजार, सोनेहारा, पीपलतर भगत सिंह चौक और सर्वेश्वरी चौक के आसपास वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी और सड़क किनारे ठेला लगने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर ही टेम्पू, कार और मोटरसाइकिल खड़ी कर दी जाती हैं, जबकि ठेला दुकानदार सड़क किनारे दुकान लगाकर व्यवसाय करते हैं। इससे अक्सर घंटों जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन कभी-कभी सख्ती करता है, लेकिन उसके हटते ही स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। प्रखंड कार्यालय में भी कई बार जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या को उठाया है। अंचल कार्यालय द्वारा सड़क की नापी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए थे, लेकिन इसका खास असर नहीं पड़ा। आरोप है कि कुछ लोग सड़क किनारे सब्जी दुकान लगवाकर उनसे 10 से 20 रुपये तक वसूली करते हैं, जिससे सड़क अवैध कमाई का जरिया बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मांदोहार में बने डाक बंगला परिसर में सैकड़ों दुकानों का आवंटन किया गया है और पहले बाजार को वहीं स्थानांतरित भी किया गया था। उस समय जाम की समस्या लगभग खत्म हो गई थी। लेकिन अब फिर सड़क किनारे निजी बाजार लगाकर लोगों से वसूली की जा रही है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान और लोगों को जाम की परेशानी दोनों झेलनी पड़ रही हैं।

पीएम आवास योजना–ग्रामीण कर्मियों का समाहरणालय के सामने प्रदर्शन

मांगें नहीं मानने पर दी गई राज्यव्यापी हड़ताल की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को समाहरणालय परिसर के समक्ष ग्रामीण राज्य आवास कर्मी संघ, झारखंड के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मियों ने सरकार से अपनी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

प्रदर्शन में शामिल कर्मियों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत राज्य, जिला और प्रखंड स्तर पर कार्यरत कर्मी वर्ष 2015-16 से अनुबंध के आधार पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ग्रामीण आवास योजनाओं के क्रियान्वयन में इन कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इसके बावजूद लंबे समय से उनकी समस्याओं और मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कई बार विभागीय स्तर पर ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है।

कर्मियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और लगातार बढ़ते कार्यभार के बावजूद उनका मानदेय काफी कम है, जिससे उन्हें आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित निर्णय लेने की अपील की।

संघ ने सरकार के समक्ष कई मांगें रखी हैं। इसके तहत प्रखंड स्तर पर लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 36 हजार रुपये तथा प्रखंड समन्वयक का मानदेय 18 हजार रुपये से बढ़ाकर 45 हजार रुपये करने की मांग की गई है।

वहीं जिला स्तर पर लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 41 हजार रुपये करने तथा जिला प्रशिक्षण समन्वयक और जिला समन्वयक के मानदेय में 70 प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई है। इसके अलावा राज्य स्तर के विशेषज्ञ पदाधिकारियों के मानदेय में भी 70 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग की गई है।

संघ ने योजना के अनुश्रवण एवं क्षेत्र भ्रमण के लिए सभी क्षेत्रीय कर्मियों को मासिक मानदेय का 5 प्रतिशत क्षेत्र भ्रमण भत्ता देने, किसी भी प्रकार की विभागीय कार्रवाई से पहले अपील का अवसर देने तथा इसके लिए विभागीय स्तर पर अपील समिति का गठन करने की भी मांग की है। साथ ही कर्मियों के अनुभव को देखते हुए कार्यकाल की सीमा 60 वर्ष तक बढ़ाने की मांग भी रखी गई है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 17 से 20 मार्च 2026 तक राज्यव्यापी सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। इसके बावजूद भी मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में 7 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रिंस कुमार, कुशध्वज कुमार, सुनील कुमार रवि, सचिन कुमार और सिद्धांत राज सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

संत जेवियर कॉलेज, महुआडांड़ में महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

महुआडांड़। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संत जेवियर कॉलेज, महुआडांड़ में यह दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में महिलाओं की उपलब्धियों, उनके अधिकारों तथा समाज के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं के सम्मान और समानता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि आज महिलाएँ शिक्षा, समाज, राजनीति, विज्ञान और साहित्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं और समाज के विकास में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक प्रो. सुरभि सिंहा द्वारा लिखित पुस्तक "इनसाइट एंड इंट्यूशन" का विमोचन भी किया गया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोस ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को महिलाओं के सम्मान, समानता और अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनने तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्यारी कुजूर ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों के माध्यम से बताया कि शिक्षा, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। उनके प्रेरणादायक विचारों से उपस्थित सभी लोग अत्यंत प्रेरित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय की महिला प्राध्यापकों—सि. चन्द्रोदय, प्रो. शालिनी, प्रो. मनीषा, प्रो. शेफाली, प्रो. रोज़ी, प्रो. सुरभि, प्रो. शिल्पी, प्रो. अंजली, प्रो. स्वाति, प्रो. अंकिता, प्रो. मोनिका, प्रो. अदिति, प्रो. बसंती, प्रो. अनीभा तथा प्रो. रैचेल—को सम्मानपूर्वक सम्मानित किया गया। इसके साथ ही महिला शिक्षकेतर कर्मचारियों—सरोज, प्रेमा, नीलम, अरुणा, दीपिका, अंकिता दीदी, क्रिस्टिना दीदी तथा सुनीता दीदी—को भी उनके समर्पण और महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मनिका में मनरेगा कार्यों में रॉयल्टी घोटाले का आरोप

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने डीसी से की जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। मनिका भाजपा मंडल अध्यक्ष मंदीप कुमार ने उपायुक्त लातेहार को आवेदन देकर प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा कार्यों से जुड़े वेंडरों द्वारा रॉयल्टी राशि जमा नहीं करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में करोड़ों रुपये की राजस्व हानि का दावा करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

दिए गए आवेदन में मंडल अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2018 से 2026 तक प्रखंड क्षेत्र के करीब 22 वेंडरों द्वारा मनरेगा कार्यों से संबंधित रॉयल्टी की राशि सरकारी खाते में जमा नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि रॉयल्टी की राशि जमा नहीं होने से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। मंदीप कुमार ने आरोप लगाया कि रॉयल्टी के नाम पर वेंडरों और प्रखंड प्रशासन की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर अनियमितता और घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रखंड क्षेत्र में मेसर्स यादव स्टील और मेसर्स नीरू स्टील नामक फर्मों द्वारा भी टैक्स जमा नहीं किया गया है। आरोप है कि इन फर्मों ने दूसरे नाम से नई फर्म खोलकर दोबारा वेंडर के रूप में मनरेगा कार्यों में सामग्री की आपूर्ति शुरू कर दी है, जो नियमों के विरुद्ध है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उपायुक्त से पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि सरकारी राजस्व की हानि को रोका जा सके और योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में परीक्षा उत्सव का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ

लातेहार। सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ, लातेहार में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा 2026 की शुरुआत एक सकारात्मक पहल 'परीक्षा उत्सव' के रूप में की गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा परीक्षा के तनाव को दूर करने और विद्यार्थियों में उत्साह भरने के उद्देश्य से इसे उत्सव की तरह आयोजित किया गया।उ परीक्षा के प्रथम दिन विद्यालय के मुख्य द्वार पर सभी भैया-बहनों का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अनूठी पहल से विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी झलकती नजर आई और विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सवमय माहौल में दिखाई दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा को चुनौती या भय के रूप में नहीं, बल्कि सीखने और आत्म-मूल्यांकन के अवसर के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ तनावमुक्त होकर परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदियों की सक्रिय भूमिका रही।

रमजान सब्र और गमख्वारी का महीना है : मौलाना अब्दुल

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। रमज़ान इस्लाम का एक पवित्र और बरकतों भरा महीना है. इस महीने में पूरे महीने रोज़ा रखना मुसलमानों पर फ़र्ज़ किया गया है.इसलिए मुसलमान रमज़ान में रोज़ा रखते हैं, नमाज़ अदा करते हैं और सदक़ा-खैरात करके अल्लाह को राज़ी करने की कोशिश करते हैं।मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने कहा कि रोज़ा इंसान के अंदर रूहानी ताकत को बढ़ाने का बेहतरीन ज़रिया है। रोज़ा इंसान को मुत्तकी (ईश्वर से डरने वाला) और परहेज़गार बनाता है। अल्लाह तआला ने कुरान शरीफ में फ़रमाया है – "ऐ ईमान वालों! तुम पर रोज़ा फ़र्ज़ किया गया है, जैसे तुमसे पहले लोगों पर फ़र्ज़ किया गया था, ताकि तुम तक़वा (ईश्वर से डरने वाले) बन जाओ।उन्होंने कहा कि रोज़ा इंसान को अल्लाह के क़रीब कर देता है और इंसान के दिल में अल्लाह का डर पैदा करता है। रोज़ा रखने वाले के दिल में इंसानियत के प्रति सहानुभूति और ग़मख्वारी का जज़्बा भी पैदा होता है, जिससे वह दूसरों के दुख-दर्द को अपना दर्द समझने लगता है और उनकी मदद के लिए हर संभव कोशिश करता है।पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि रमज़ान ग़मख्वारी का महीना है। रोज़ा रखने वाला व्यक्ति दिनभर भूखा-प्यासा रहकर यह महसूस करता है कि जिन लोगों को दो वक्त का खाना भी नसीब नहीं होता, वे किस तरह भूख और तकलीफ़ का सामना करते हैं। इस अनुभव से इंसान के दिल में अल्लाह के प्रति शुक्र का जज़्बा और उसके बंदों के प्रति सहानुभूति पैदा होती है।मौलाना ने कहा कि नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि रमज़ान का महीना सब्र का महीना है और सब्र का बदला जन्नत है।रोज़ेदार मुसलमान दिनभर अपनी पसंदीदा चीज़ों को देखकर भी सब्र करता है और रोज़े की वजह से खुद को रोकता है। एक दिन में कई बार वह सब्र करता है और इसी सब्र के बदले अल्लाह उसे जन्नत अता करता है। उन्होंने यह भी कहा कि रोज़े के दौरान मुसलमानों को लड़ाई-झगड़े, गाली-गलौज और गलत बातों से बचना चाहिए। नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि जब कोई रोज़े से हो तो न गंदी बात करे, न हल्ला-गुल्ला करे और न किसी से झगड़ा करे। अगर कोई झगड़ा करने लगे तो वह कह दे कि मेरा रोज़ा है।अंत में उन्होंने कहा कि रोज़ा समाज में अमन-शांति, पाकीज़गी और इंसानियत की सेवा की भावना को मजबूत करता है।

पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

बारियातू। थाना गेट के सामने मुख्य मार्ग पर मंगलवार को परिवहन विभाग द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटर वाहन निरीक्षक (एमवीआई) सुनील कुमार के नेतृत्व में विभिन्न वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बड़े वाहनों में ओवरलोडिंग, ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल), इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक कागजातों की जांच की गई। अभियान के दौरान कुल पांच वाहनों में परिवहन नियमों का उल्लंघन पाया गया। अनियमितता मिलने पर संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल एक लाख 31 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया। एक वाहन को जब्त भी किया गया है इस मौके पर मोटर वाहन निरीक्षक सुनील कुमार ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चालकों को सभी आवश्यक कागजात साथ रखना चाहिए और ओवरलोडिंग से बचना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए समय-समय पर इस तरह के वाहन जांच अभियान चलाए जाते रहेंगे।

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार

शुद्धि सूचना

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा 31/2025–26 प्रकाशित की गई है जिसका PR 374101 (Rural Development (25-26) D है। उक्त निविदा में प्राप्ति की तिथि दिनांक 16.03.2026 अंकित है जिसे संशोधित करते हुए निविदा प्राप्ति की तिथि 17.03.2026 किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 374569 (Rural Development)25-26*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 27/2025–26
दिनांक– 10.03.2026

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.03.2026 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.03.2026 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.03.2026 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

क्र. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि रु0	अग्रधन राशि रु0	परिमाण विपत्र का मूल्य रु0	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.
1	Renovation work of DC Office cum Guest House (Arunidaya Hotel) at Netarhat, Latehar District.	1498500/-	30000/-	2500/-	02 (Two) Month

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 374552 (Building)25-26*D
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

अति अल्पकालीननिविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.- 46/2025-26

पत्रांकः–230 दिनांक :–10.03.2026

1.	विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा ।
2.	परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि–	17.03.2026 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक ।
3.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	18.03.2026 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक ।
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	18.03.2026 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे ।
5.	परिमाण विपत्र विकी का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल सं0.01,चतरा का कार्यालय ।
6.	निविदा प्राप्ति का स्थान और खोलने का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, चतरा ।
7.	कार्य की विवरणी	

कम सं0	कार्य का नाम	प्रा0 राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Construction of Vehicle Shed and Drain Cover for B Type Quarter of Judicial Staff at Chatra for the Year-2025-26	2,48,100.00	5,000.00	500	07 Day
2.	Installation of Aluminium Sliding Window and Painting work at D2/05 Quarter at Magistrate Colony, Chatra for the Year-2025-26	2,48,550.00	5,000.00	500.00	07 Day

नोटः– 1. निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट् पर देखा जा सकता है।
1. बैंक ड्राफ्ट निविदाकार के नाम से ही निर्गत होना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 374661 Building(25-26)#D

e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra.
अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/CHATRA/ 45/2025-26(2nd -Call) दिनांकः– 10.03.2026

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Construction of 6 (Six) Additional Classrooms (ACR) in U.H.S Dumri Barabagi, Kanhachatti.	Rs. 69,03,300.00	(08) Months
2	Construction of 4 (Four) Additional Classrooms (ACR) in UPG M.S Girls Kedlikala, Hunterganj.	Rs. 51,34,650.00	(06) Months
i	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	17.03.2026	
ii	वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	01-04-2026 को अपराह्न 3.00 बजे	
iii	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	02-04-2026 को अपराह्न 3.00 बजे	
iv	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra	
v	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9939428677	
vi	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	9650057169	

• किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
• अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.

Nodal Officer e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Chatra

PR 374599 Building(25-26)D

e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

Very Short Term E-Quotation Invitation Notice
RATE PURPOSE ONLY

Quotation Reference No -33/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26
Sealed Quotations are invited for the work **Contruction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Naudiha Bazar, Satbarwa, Nawabazar (Kanda Khas) and Untari Road (Sirha) in District Palamu** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 18.03.2026 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 25.03.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 27.03.2026 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 9430783582
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj.

PR 374666 Building(25-26)#D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार

सुनहरा अवसर "रोजगार आपके द्वार" सुनहरा अवसर

दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2025
दिनांक :17.03.2026 (मंगलवार)

झारखण्ड राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों की निजी क्षेत्र के कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों में रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करने हेतु "रोजगार आपके द्वार" जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला : 2026 का आयोजन दिनांक : 17.03.2026, दिनः मंगलवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक जिला खेल स्टेडियम, लातेहार परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

इस रोजगार मेला में कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो रही है। अन्य कम्पनियों/प्रतिष्ठानों/संस्थानों से लगातार सम्पर्क स्थापित की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा विभिन्न पदों हेतु रिक्तियाँ प्राप्त हो, जिससे युवक/युवतियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार पाने का अवसर प्रदान किया जा सके। इस रोजगार मेला में भाग लेने हेतु निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता होगी :–

1.झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नियोजन कार्ड। 2. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित कागजातों की छाया प्रति। 3. 2 कॉपी फोटो 4. आधार कार्ड की छाया प्रति 5. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र 6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति 7. बायोडाटा की दो कॉपी

इच्छुक उम्मीदवार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना भाग नहीं ले सकते हैं। जो अपना निबंधन नियोजनालय में नहीं कराये हैं, वे अपना निबंधन ऑनलाईन विभाग के अधिकृत वेबसाईट https://jharniyojan.jharkhand.gov.in पर स्वयं कर सकते हैं या जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर निःशुल्क आपना निबंधन करा लें, ताकि आयोजित रोजगार मेला में भाग लें सकें।

लातेहार जिला के तमाम युवक/युवतियों से अपील है कि वे इस रोजगार मेला में भाग ले एवं अपनी योग्यता/इच्छानुरूप रोजगार पा कर अपने भविष्य को स्वर्णिम बनायें।

इच्छुक नियोजक जो इस रोजगार मेला में भाग ले कर युवक/युवतियों को रोजगार मुहैया कराना चाहते हैं, वे अपने रिक्ति emptexchltr@gmail.com पर भेज सकते हैं या मो0 नं0: 9123233323 से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

नोट : विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार से सम्पर्क स्थापित कर सकते है या जिला के वेबसाईट https://latehar.nic.in/ देख सकते हैं।
दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2026
दिनांक :17.03.2026 (मंगलवार), समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे अपराह्न।
स्थान : जिला खेल स्टेडियम, लातेहार

।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभ कामानाओं के साथ ।।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 374604 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Circle, Garhwa

Very short e-TENDER NOTICE

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

Sl. No.	NIT No.	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money to be deposited (In Rs.)	Cost of BOQ (non-refundable) (In Rs.)	Time for completion
1	423/PR/ JBVNL /25-26	Construction of Control room hall attached to existing control room building at 33/11 KV P/S/S Garhwa-I under Electric Supply Circle, Garhwa.	1243100.00	24900.00	2500.00+450.00 (GST 18%) = 2950.00	04 Month

Availability of tender document on website	12.03.2026 3:00 PM to 22.03.2026 at 2:00 PM
Last date and time for bid submission/uploading	22.03.2026 at 2:00 PM
Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial)	23.03.2026 at 2:30 PM
Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part)	Will be communicated later on
Tendering Officer and address for communication	ESE, Electric Supply Circle, Garhwa

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127
1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (jharkhandtenders.gov.in).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa

PR 374663 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 25-26 (D)

न्यूज बॉक्स

आवास निर्माण कार्य में लापरवाही पर सख्ती, 20 मार्च तक पूरा करने का निर्देश

गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीपीआरओ दिगम्बर पांडेय की अध्यक्षता में मुखिया, पंचायत सचिव एवं स्वयंसेवकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में बीपीआरओ ने कहा कि कई आवास लाभुक दूसरे और तीसरे किस्त की राशि लेने के बावजूद अब तक आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाए हैं। ऐसे सभी लाभुकों के आवास स्थल का जांच कर उन्हें 20 मार्च तक हर हाल में आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि यह बैठक उपायुक्त कीर्ति श्री के निर्देशानुसार आयोजित की गई है। साथ ही पंचायत सचिवों को अपने-अपने पंचायतों में आवास निर्माण कार्य की निगरानी करते हुए लंबित आवासों को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुखिया बेबी देवी, प्रखंड समन्वयक नाजिर अख्तर पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, खुशबू लता, स्वयंसेवक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

सिसई -शिवपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क का निर्माण प्रस्ताव एन एमएल ने किया रद्द

टंडवा (चतरा)। पिछले छः साल से एनटीपीसी परियोजना का अधर में लटके सिसई - शिवपुर ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण को रद्द करने का आग्रह पत्र 9 मार्च को एनएमएल ने झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को भेजा गया है। विदित हो कि 19 दिसंबर 2019 को 7.47 किलोमीटर प्रस्तावित ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण मूल्य 33,67,39,500 करोड़ रुपए निर्धारित था जिसमें से 336.74 लाख रुपए का भुगतान हो चुका है। अनुबंध में 22 दिसंबर 2020 तक कार्य को पूर्ण करने की शर्तें शामिल थी। पत्र में कार्य विलंब का उल्लेख किया गया है। जहां कोयले की ढुलाई का वैकल्पिक व्यवस्था हो जाने के कारण अब उक्त सड़क की उपयोगिता नहीं होने का हवाला देकर अग्रधन जमा राशि वापस करने की मांग की गई है। स्मरण हो कि ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण के विरुद्ध ग्रामीण लगातार गोलबंद होकर मुखर आंदोलन करते रहे। प्रोजेक्ट को बैकफुट पर लाने में ग्रामीणों के तीखे रुख ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है।

विधायक ने सदन में उठाई सड़क जीर्णोद्धार की मांग, ग्रामीणों को मिल सकती है राहत

कुंदा(चतरा)। कुंदा से कुटिल होते हुए गेन्द्रा तक जर्जर सड़क की ग्रामीण विकास विभाग मंत्री से स्थानीय विधायक जानर्दन पासवान ने मांग रखी। विधायक ने सदन में कहा कि कुंदा से कुटिल होते हुए गेन्द्रा तक की सड़क की हालत बहुत खराब है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने मंत्री से इस सड़क के जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि इस सड़क के जीर्णोद्धार से कुंदा, कुटिल और गेन्द्रा के ग्रामीणों को काफी लाभ होगा और उनके आवागमन में आसानी होगी। ग्रामीणों ने विधायक के इस कदम का स्वागत किया है और उन्हें उम्मीद जगी है कि जल्द ही इस सड़क का जीर्णोद्धार होगा जिससे लोगो को राहत मिलेगा।

एसएसबी ने चलाया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान

सिमरिया (चतरा)। सिमरिया प्रखंड के बिरहु प्लस टू उच्च विद्यालय में 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डी समवाय शिला द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर डी समवाय शिला के अधिकारी उत्तम कुमार पाल तथा निरीक्षक सामान्य जाडेजा रमेश सिंह ने कहा कि समाज के समग्र विकास में बेटियों की शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि बेटियों को पढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन प्रसाद आर्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा एसएसबी के जवान उपस्थित थे।

सड़क निर्माण कार्य के दौरान बाइक सवार की मौत

हंटरगंज (चतरा)। चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के चट्टीअनंतपुर टोंगरी के पास मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार व्यक्ति सड़क निर्माण कार्य में लगी मशीन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि झारखंड से सटे बिहार क्षेत्र में एक्सप्रेसवे निर्माण का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के लिए झारखंड क्षेत्र से हाइवा के माध्यम से मिट्टी ढुलाई की जा रही है और सड़क को समतल करने के लिए मशीन से लेवलिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार व्यक्ति मशीन की चपेट में आ गया और गंभीर हादसा हो गया।

पंचायत सचिव लखन यादव और सुरेश साहू को दी गई भावभीनी विदाई

पत्थलगड़ा (चतरा)। पत्थलगड़ा प्रखंड सभागार में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सिंघानी पंचायत सचिव लखन यादव और नोनगांव पंचायत सचिव सुरेश साहू को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में सीओ सह प्रभारी बीडीओ उदल राम, मुखिया राधिका देवी, कुमारी संगीता सिन्हा तथा संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी ने संयुक्त रूप से दोनों पंचायत सचिवों को बुके, माला, शॉल, अटैची एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीडीओ उदल राम ने कहा कि दोनों पंचायत सचिवों ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए पंचायत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में जिस दिन कोई कर्मचारी नियुक्त होता है, उसी दिन से उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि भी तय हो जाती है। अब दोनों पंचायत सचिव अपने जीवन की नई पारी की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कर्मियों ने भी पंचायत सचिवों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस मौके पर कल्याण पदाधिकारी शशिकांत मेहता, आशीष दांगी, पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, अंचल नजीर सतेंद्र दांगी, बीटीएम मुकेश कुमार, कर्मचारी अनुभव आनंद, अंचल नजीर राहुल कुमार, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, महेंद्र दांगी, मणिभूषण पाठक, हरीश दांगी, रोजगार सेवक सुनील कुमार, संजय कुमार दांगी सहित प्रखंड व अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे।

मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर आवास कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

चतरा। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक कार्यरत कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। राज्य आवास कर्मी संघ ने कहा है कि यदि सरकार जल्द मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों पर निर्णय नहीं लेती है, तो पूरे झारखंड में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2015-16 से अनुबंध पर कार्य कर रहे ये कर्मी ग्रामीण गरीबों को आवास उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद महंगाई के इस दौर में उन्हें बहुत कम मानदेय मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ज्ञापन देकर सरकार और विभागीय अधिकारियों के समक्ष समस्याएं रखी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। कर्मियों की प्रमुख मांगों में प्रखंड लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 36 हजार रुपये करने, प्रखंड समन्वयक का मानदेय 18 हजार से बढ़ाकर 45 हजार रुपये करने की मांग शामिल है। वहीं जिला स्तर के कर्मियों के मानदेय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी तथा राज्य स्तर के विशेषज्ञों के मानदेय में 70 प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई है। इसके अलावा ग्रेड-पे निर्धारित करने, 5 प्रतिशत क्षेत्र भ्रमण भत्ता देने, अपील समिति का गठन करने तथा कार्यकाल को 60 वर्ष तक करने की मांग भी रखी गई है।

17 से 20 मार्च तक सांकेतिक हड़ताल : संघ ने बताया कि मांगों को लेकर 17 से 20 मार्च तक राज्यव्यापी सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी सरकार की ओर से सकारात्मक पहल नहीं होने पर 7 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सुचारू संचालन में इन कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि आंदोलन होता है, तो इससे ग्रामीण गरीबों को आवास मिलने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सरकार को जल्द पहल कर कर्मियों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। फिलहाल कर्मचारी सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।मौके पे ईश्वर साव,फरहत नाजनी, नाजिर अख्तर, सुमित कुमार, आनंद कुमार, सुमित कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

सघन जांच के दौरान 60 से अधिक वाहनों से 4.50 लाख जुर्माना वसूला

नवीन मेल संवाददाता

सिमरिया (चतरा)। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर बुधवार देर शाम सिमरिया में प्रशासन की ओर से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान सिमरिया अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय, जिला परिवहन पदाधिकारी तथा सिमरिया पुलिस के संयुक्त नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान मुख्य रूप से कोयला ढुलाई करने वाले वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में वाहनों की फिटनेस, प्रेशर हॉर्न का उपयोग, निर्धारित स्पीड लिमिट, ओवरलोडिंग, डबल चक्का उठाकर वाहन चलाना, चाइना लाइट का प्रयोग तथा फ्लाई ऐश की बिना सुरक्षा मानकों के ढुलाई जैसे कई बिंदुओं की बारीकी से जांच की गई। इसके अलावा वाहनों के कागजात और ढुलाई के तरीके की भी पड़ताल की गई। जांच के दौरान कई वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 60 से अधिक वाहनों से कुल 4 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी गई। अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोयला ढुलाई करने वाले कई वाहन नियमों की अनदेखी करते हुए ओवरलोडिंग और अवैध लाइट का इस्तेमाल करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

कार्यालय
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-उपायुक्त, पलामू (निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग)

Email-palamuexpenditurecell@gmail.com

-: आदेश :-

मेदिनीनगर नगरपालिका(आम) निर्वाचन–2026 निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु हस्तपुस्तिका के अध्याय के 16 के कंडिका 16.6 के आलोक में परिणाम घोषणा की तिथि दिनांक 27.02.2026 से 30 दिनों के भीतर, सभी अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा समर्पित किया जाना है। उपरोक्त हस्तपुस्तिका के कंडिका 16.4 के आलोक में, निर्वाचन व्यय लेखा जमा करने की अंतिम तिथि के एक सप्ताह के भीतर, सभी अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा लेखा प्राप्ति से जुड़े कार्मिकों के लिए एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Facilitation training programme) आयोजित कर लिया जाना है। व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल अधिकारी तथा सहायक व्यय प्रेक्षक को– प्रक्रिया, समर्पित किए जाने वाले फॉर्म तथा शपथपत्र एवं अधिकतर पायी जाने वाली गलतियों की व्याख्या करने के लिए प्रशिक्षण से जुड़े रहना है।

अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक–71 दिनांक 20.12.2025 एवं उसके अनुवर्ती आदेश पत्रों द्वारा पूर्व में गठित/ पुनर्गठित लेखादल व सहायक व्यय प्रेक्षक दल को, अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक–61 दिनांक 30.01.2026 के अनुपालनार्थ, नगरपालिका निर्वाचन व्यय कोषांग के साथ कार्यरत रहना है, इसलिए उन्हें क्रियाशील किया जाना है।

उपरोक्त हस्तपुस्तिका के कंडिका 16.4 के आलोक में, एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Facilitation training programme) निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:–

क्र0 सं0	नगरपालिका/नगरपरिषद क्षेत्र का नाम	प्रशिक्षण की तिथि एवं समय	समय	प्रशिक्षण स्थल	अभ्युक्ति
01	मेदिनीनगर नगर निगम	16.03.2026	10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक	कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, डालटनगंज	
02	विश्रामपुर नगर परिषद्	16.03.2026		प्रखण्ड कार्यालय, विश्रामपुर के सभागार कक्ष	
03	छत्तरपुर नगर पंचायत	16.03.2026		अनुमंडल कार्यालय, छत्तरपुर के सभागार कक्ष	
04	हुसैनाबाद नगर पंचायत	16.03.2026		अनुमंडल कार्यालय, हुसैनाबाद के सभागार कक्ष	
05	हरिहरगंज नगर पंचायत	16.03.2026		प्रखण्ड कार्यालय, हरिहरगंज के सभागार कक्ष	

तदुपरान्त, अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा की विवरणी (मूल निर्वाचन व्यय पंजी एवं मूल अभिश्रव /बिल वाउचर/रसीद सहित) को जमा लेने हेतु स्थान, तिथि व समय निम्नवत् निर्धारित किया जाता है

क्र0 सं0	नगरपालिका/ नगरपरिषद क्षेत्र का नाम	तिथि	समय	लेखा जाँच हेतु निर्धारित जाँच स्थल	अभ्युक्ति
01	मेदिनीनगर नगर निगम	18.03.2026	10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक	कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, डालटनगंज	
02	विश्रामपुर नगर परिषद्	18.03.2026		प्रखण्ड कार्यालय, विश्रामपुर के सभागार कक्ष	
03	छत्तरपुर नगर पंचायत	18.03.2026		अनुमंडल कार्यालय, छत्तरपुर के सभागार कक्ष	
04	हुसैनाबाद नगर पंचायत	18.03.2026		अनुमंडल कार्यालय, हुसैनाबाद के सभागार कक्ष	
05	हरिहरगंज नगर पंचायत	18.03.2026		प्रखण्ड कार्यालय, हरिहरगंज के सभागार कक्ष	

पलामू जिलान्तर्गत उपरोक्त सभी नगर निकाय निर्वाचन क्षेत्र के मेदिनीनगर नगर निगम में महापौर, वार्ड सदस्य, नगर पारिषद विश्रामपुर, छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत, एवं हरिहरगंज नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्ड सदस्य पदों के नामांकन फॉर्म दाखिल करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि – वे उपरोक्त एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के उपरान्त, अपने निर्वाचन व्यय लेखा को विधिपूर्वक तैयार कर लें। तदुपरान्त, अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा की विवरणी (मूल निर्वाचन व्यय पंजी एवं मूल अभिश्रव /बिल/वाउचर/रसीद सहित) को जाँच कर जमा लेने हेतु निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर विधिपूर्वक जाँच कराकर ससमय जमा करें।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.374660 Palamu(25-26):D

कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Emaiil:- zilaparishad.palamu@gmail.com

नोटिस

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू का आदेश ज्ञापांक 1248/दिनांक 25.11.2022 के द्वारा प्रखंड पाटन के लोहिया चौक पर विधायक मद से निर्मित दुकान (भू–तल) जिला परिषद पलामू को हस्तांतरित किया गया। दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड के बैठक की कार्यवाही कंडिका 12 (iii) मे लिए गये निर्णय के आलोक मे इस कार्यालय आदेश ज्ञापांक 2280/जि0प0, दिनांक 11.11.2025 के द्वारा किराया निर्धारण किया गया है। जिसका बकाया किराया अबतक अप्राप्त हैं–

क0 सं0	नाम	पिता का नाम	दुकान संख्या	निर्धारित किराया	बकाया कुल माह (दिसम्बर 2022 से फरवरी 2026 तक)	कुल बकाया राशि	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ईश्वरी पाण्डेय	महेन्द्र पाण्डेय	A/1	720-00	39	28080-00	
2	अखिलेश कु0पाण्डेय	योगेन्द्र पाण्डेय	A/2	720-00	39	28080-00	
3	शिव दीप सिंह	जगनारायण सिंह	A/3	720-00	39	28080-00	
4	मनोज सिंह	उदय नारायण सिंह	A/4	720-00	39	28080-00	
5	शमशेर आलम	अब्दुल रहीम	A/5	720-00	39	28080-00	
6	गनौरी पासवान	सम्पत पासवान	A/6	720-00	39	28080-00	
7	उदय पासवान	चनारीक राम	A/7	720-00	39	28080-00	
8	मुकेश सिंह	लखन सिंह	A/8	720-00	39	28080-00	
9	रंजीत प्रसाद	आनन्दी साव	A/9	720-00	39	28080-00	
10	रामधनी ठाकुर	–	A/10	720-00	39	28080-00	
11	सुरेन्द मांझी	कैलाश मांझी	A/11	720-00	39	28080-00	
12	सुखल साव	चलितर साव	A/12	720-00	39	28080-00	
13	गया ठाकुर	ईन्द्रदेव ठाकुर	A/13	720-00	39	28080-00	
14	अर्जून साव	स्व0 मौजी साव	A/14	720-00	39	28080-00	
15	किशोर मांझी	ईन्द्रदेव मांझी	A/15	720-00	39	28080-00	
16	शिव पूजन राम	–	A/16	720-00	39	28080-00	
17	दामोदर साव	जयचन्द साव	A/17	720-00	39	28080-00	
18	अर्जून राम	स्व0 बासदेंव राम	A/18	720-00	39	28080-00	
19	अरविन्द प्रसाद	जमुना साव	A/19	720-00	39	28080-00	
20	मुन्ना प्रसाद	शिव साव	A/20	720-00	39	28080-00	
21	अरविन्द बैद्य	युदेश्वर बैद्य	A/21	720-00	39	28080-00	
22	विकास कुमार	कृष्णा सिंह	A/22	720-00	39	28080-00	
23	संजय प्रसाद	स्व0 फागु साव	A/23	720-00	39	28080-00	
24	मुकेश कुमार	स्व0श्रवण राम	A/24	720-00	39	28080-00	
25	प्रमोद प्रसाद	स्व0भोला साव	A/25	720-00	39	28080-00	
26	अंगद कुमार	शिव शंकर प्रसाद	A/26	720-00	39	28080-00	
27	प्रदीप हलुआई	गनेश हलुआई	A/27	720-00	39	28080-00	
28	प्रेम कुमार	स्व0बासुदेव राम	A/28	720-00	39	28080-00	
29	सत्येन्द्र कुमार गुप्ता	स्व0अयोध्या प्रसाद	A/29	720-00	39	28080-00	
30	रसिन्द्र प्रसाद	स्व0ज्ञानचन्द साव	A/30	720-00	39	28080-00	

पाटन चौक पर स्थित जिला परिषदीय प्रथमतल दुकान का बकाया राशि का विवरण–

क0 सं0	नाम	पिता का नाम	दुकान संख्या	निर्धारित किराया	बकाया कुल माह(जनवरी 2018 से फरवरी 2026 तक)	कुल बकाया राशि	पूर्व निर्गत नोटिस
1	2	3	4	5	6	7	8
1	अशोक प्रसाद	पिता विगावन साव	A/31	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1059/ 11.12.2024 एवं 108/30.01.2025
2	रामजन्म सिंह	पिता ब्रह्मदेव सिंह	A/32	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1060/ 11.12.2024
3	जनेश्वर पाण्डेय	पिता जुगेश्वर पाण्डेय	A/33	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1061/ 11.12.2024 एवं 110/30.01.2025
4	आलमगीर आलम	पिता अब्दुल रहीम	A/34	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1062/ 11.12.2024
5	विशुनदेव राम	पिता त्रिवेणी राम	A/35	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1063/ 11.12.2024 एवं 112/30.01.2025
6	सुनील प्रसाद	पिता विशुनदेव साव	A/36	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1064/ 11.12.2024
7	राजन कुमार	पिता रामनंदन साव	A/37	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1065/ 11.12.2024 एवं 114/30.01.2025
8	अरविन्द कुमार सिंह	पिता जगत सिंह	A/38	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1066/ 11.12.2024
9	राजा कुमार सिंह	पिता ब्रजकिशोर सिंह	A/39	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1067/ 11.12.2024 एवं 116/30.01.2025
10	कृष्णा राज	पिता संजय प्रसाद	A/40	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1068/ 11.12.2024
11	अजय कुमार सिंह	पिता रामलखन सिंह	A/41	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1069/ 11.12.2024 एवं 118/30.01.2025
12	रमेश प्रसाद	पिता बिन्देश्वरी साव	A/42	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1070/ 11.12.2024
13	मनोज पाण्डेय	पिता इन्द्रदेव पाण्डेय	A/43	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1071/ 11.12.2024 एवं 120/30.01.2025
14	चंदा देवी	पिता बलदेव कुमार मिश्र	A/44	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1072/ 11.12.2024
15	सुदर्शन सिंह	पिता लालगोविन्द सिंह	A/45	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1073/ 11.12.2024 एवं 122/30.01.2025
16	रामपुकार प्रसाद	पिता आनन्दी साव	A/46	600-00	98	58800-00	पत्रांक 1074/ 11.12.2024

अतः सभी आवंटियो को निदेश दिया जाता है कि इस बजारिये नोटिस के आलोक मे कॉलम संख्या 7 मे अंकित सम्पूर्ण बकाया राशि **दिनांक 30.03.2026** तक कार्यालय जिला परिषद पलामू मे जमा कर एकरारनामा कराना सुनिश्ति करेंगे। अन्यथा आंवटित दुकान सील कर सम्पूर्ण बकाया राशि बसुली करने हेतू निलाम पत्र दायर कर दिया जायेगा।

इसे अंतिम एवं सख्त ताकिद समझे।

ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.374654 District(25-26):D

Govt. of Jharkhand
Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa

Notice Inviting Tender

E- Tender Notice No. : GNP-02/2025-26 Dated: 09.03.2026

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

S. No.	Name of the Work	Estimated Cost (in Rs.)	Earnest Money (in Rs.) Online	Cost of tender paper (Rs.) Online	Time of completion	Head
01	Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Sahijana, Under Nagar Parishad Garhwa	5243678.00	105000.00	10000.00	06 Months	15th FC Untied Grant
02	Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Unchari, Under Nagar Parishad Garhwa	5243678.00	105000.00	10000.00	06 Months	15th FC Untied Grant
03	Construction of Urban Ayushman Arogya Mandir and Policlinics, Sukhbana/Sonpurwa, Ward 03, Under Nagar Parishad Garhwa	5243678.00	105000.00	10000.00	06 Months	15th FC Untied Grant

Note : Updated estimated cost should be considered for earnest Money.
2. Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

Sl. No.	Procurement Officer	Place of Opening E Tender	Availability of tender on line for bidding		Date & time of opening bid.
A	B	C	D	E	F
1.	Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa	Office of Executive officer ,Nagar Parishad, Garhwa	From Date-13.03.2026 Time 10:00 A.M	To Date- 23.03.2026 Time 5:00 P.M.	Date 25.03.2026 Time 11:00 A.M

Note : 1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. Helpline Number of E-Procurement cell- 9431141644, 8409053313
5. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)
6. उपर्युक्त योजना 15वें वित्त अंतर्गत अनटाईड ग्रांट मद अंतर्गत स्वीकृत किया है तथा वर्तमान में आवंटन प्राप्त नहीं है।

Sd/-
EXECUTIVE OFFICER
NAGAR PARISHAD GARHWA

PR 374573 Urban Development(25-26).D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 25/2025-26

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 82/जि0यो0, दिनांक 24.02.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में जिला योजना अनाबद्ध मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से F_2 प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

विज्ञापन दाता का नाम	:–	जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाहन 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि	:–	दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाहन 10:00 बजे) से दिनांक 21.03.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	दिनांक 23.03.2026 (अपराह्न 3:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान	:–	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–		

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0
1	मनातू	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन रहेया में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।	1109800	22196	5000	3 माह	NIT-25/ 2025-26/ Gr-01
2	मनातू	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन पकरियाडीह–1 में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
3	हरिहरगंज	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन ढाब कला– 2 में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।	1664700	33294	5000	3 माह	NIT-25/ 2025-26/ Gr-02
4	हरिहरगंज	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन लादीवादी में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
5	हरिहरगंज	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन ममरखा में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
6	हुसैनाबाद	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मलवरिया में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।	1664700	33294	5000	3 माह	NIT-25/ 2025-26/ Gr-03
7	हुसैनाबाद	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन अमही में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
8	हुसैनाबाद	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन दुल्हर में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
9	हुसैनाबाद	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन रपुरा में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।	1664700	33294	5000	3 माह	NIT-25/ 2025-26/ Gr-04
10	हुसैनाबाद	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन भैरोपुर में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
11	हुसैनाबाद	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सिन्दुरिया में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
12	हैदरनगर	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सड़ेया 1 में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।	1664700	33294	5000	3 माह	NIT-25/ 2025-26/ Gr-05
13	हैदरनगर	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बरवाडीह में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
14	हैदरनगर	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन हैदरनगर में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।					
15	पण्डवा	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन मझगांव 2 में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष्ठापन कार्य।	1109800	22196	5000	3 माह	NIT-25/ 2025-26/ Gr-06
16	पण्डवा	आंगनबाड़ी केन्द्र भवन कजरी बथान टोला (लघु) में बॉरिंग एवं जलमीनार अधिष

राष्ट्रीय नवीन मेल

हमला ईरान पर संकट भारतीयों पर

इंडिया

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अमेरिका की वर्चस्ववादी राजनीति के नए प्रमुख भले बड़बोले और अविश्वसनीय ट्रंप हों पूर्व में ईराक पर किए हमले अफगानिस्तान को भस्मासुर बनाने जैसे अनेक उदाहरण हैं जो प्रत्यक्ष दिखते हैं जबकि एशिया के अनेक देशों को बर्बाद करने या उलझाने में अमेरिका और कथित साम्यवादी चीन की ही भूमिका रही है जो अभी भी बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, माली से लेकर नेपाल और भारत में अपने भाड़े के लोगों से भावनात्मक मुद्दे सुलगाते रहते हैं ताकि ये सभी देश अंदरूनी कलह में उलझकर कटोरा लेकर खड़े रहें और सहायता के नाम पर इन्हें ऋण के जाल में फंसाया जाए। इन सभी देशों में जनता जाति,धर्म,क्षेत्र और पहचान के मुद्दे पर तो आपस में लड़ाई करती है पर विकसित देशों के तौर तरीके सीखना नहीं चाहती। यही कारण है भारत की प्रतिभाएं पड़ोसी राज्यों से लेकर देस विदेशों तक पलायन करती रहीं हैं वर्तमान युद्ध में पश्चिम एशियाई संघर्ष और प्रवासी भारतीयः लड़ाई लंबी चली तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर संभव है । वर्तमान में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई की हत्या और खाड़ी में ईरान की मिसाइल तथा ड्रोन हमलों के रूप में सामने आया, ने अचानक लगभग एक करोड़ भारतीय प्रवासियों के लिए संकट पैदा कर दिया है। पीढ़ियों से, खाड़ी देश प्रवासी भारतीयों के लिए बेरोजगारी से बचने और परिवार की खुशहाली का एक मजबूत सहारा रहे हैं। लेकिन इस युद्ध से खाड़ी देशों की सुरक्षा, स्थिरता और स्थायित्व का वह भ्रम टूट गया है। झारखंड के भी हजारों लोगों के सामने रोजगार और सुरक्षा का सवाल है। वहां उन्हें परेशानी खाने पीने की नहीं पर भविष्य के लिए सभी आशंकित हैं।पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान, भारतीय मीडिया का ध्यान मुख्य रूप से यूएई के चमकदार शहरों में अपने प्रवासियों पर रहा है। ये शहर ईरान के कुछ सबसे तीव्र हमलों का सामना कर चुके हैं। संघर्ष के शुरुआती चरण में सैकड़ों मिसाइलों व ड्रोन से हमले किए गए, जिनमें कई बार आवासीय और व्यावसायिक इलाकों जैसे प्रमुख नागरिक इलाकों या उनके आसपास के क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। भारतीय प्रवासी यूएई के सभी सात अमीरातों (अबू धाबी, दुबई, शारजाह, अजमान, उम अल कुवैन, रास अल खैमाह और फुजैराह) में फैले हुए हैं, न कि केवल बड़े शहरों में। खाड़ी के अन्य देशों, जैसे सऊदी अरब, कतर, बहरीन और कुवैत में सैन्य ठिकानों को भी बड़े पैमाने पर निशाना बनाया गया। सऊदी रक्षा व्यवस्था ने कई जगहों पर हमलों को रोका, जिससे बड़े खतरे के बावजूद उन पर कम ध्यान गया।शुरुआती तेल से आई समृद्धि के दौरान केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिणी राज्यों के लोग वहां जाते थे, पर अब उत्तर भारत से अधिक लोग जाते हैं। करीब 2011-2012 से, उत्तर प्रदेश खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों में कामगारों को भेजने वाला एक बड़ा राज्य बन गया है, जिसके ठीक बाद बिहार का नंबर आता है। प्रवासन के आंकड़ों और अध्ययनों के अनुसार, बिहार के साथ-साथ गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, देवरिया, कुशीनगर जैसे पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों से भी लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। वर्ष 2024 में प्रकाशित राजेश कुमार और अजयियु नियामाई का एक शोध पत्र द ईस्टर्न एंथ्रोपोलॉजिस्ट इस बदलाव पर रोशनी डालता है- 'ऑयल बूम' की शुरुआत में, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे दक्षिण भारतीय राज्य सबसे ज्यादा प्रवासी भेजने वाले राज्य थे, पर बाद में, उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे उत्तर भारतीय राज्यों से प्रवासन तेजी से बढ़ा। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार से आने वाले नए लोग अक्सर निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं, और ज्यादा देर तक काम करने की इच्छा दिखाते हैं और उनकी अनुपस्थिति भी कम होती है। वे निर्माण, राजमिस्त्री और कठिन श्रम के क्षेत्र में वर्चस्व बनाए हुए हैं, विशेष रूप से उत्तरी अमीरात में, जहां जीवनयापन की लागत कम होने से मामूली वेतन में भी गुजारा चल जाता है। भारत ने हाल ही में 135 अरब डॉलर से अधिक व्यक्तिगत रेमिटेंस दर्ज किया है, जिससे दुनिया में सबसे ज्यादा पैसे पाने वाले देश के तौर पर उसकी स्थिति और मजबूत हुई है। जीसीसी के देश (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई) इस कुल रकम का लगभग 35-40 फीसदी, या हर साल लगभग 50 अरब डॉलर भेजते हैं। इसमें अकेले यूएई का हिस्सा लगभग 19 प्रतिशत (25 अरब डॉलर से अधिक) है। यह पैसा उत्तर प्रदेश, बिहार, केरल और अन्य राज्यों के परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करके शिक्षा, आवासीय ऋण, कर्ज चुकाने और रोजमर्रा के खर्चों की जरूरतों को पूरा करता है। यदि यह संघर्ष लंबे समय तक चला, तो रोजगार पर असर पड़ सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर लोग लौट सकते हैं, तेल पर निर्भर अर्थव्यवस्थाएं कमजोर पड़ सकती हैं, जिससे खाड़ी देशों से भेजे जाने वाले पैसे में कमी आ सकती है और तेल की कीमतों में वृद्धि से भारत पर राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है। यूएई, जो विदेश में भारतीय समुदाय का सबसे बड़ा (लगभग 40 लाख) घर है, पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। ऐसे में, कामगारों को कौशल विकास, बचत और स्थानीय आय के स्त्रोत के दूसरे विकल्प खोजने होंगे, ताकि प्रवासन अब एकमात्र जीवनरेखा न रहे। यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों ने चेतावनी, बुनियादी ढांचे की सक्रियता और लोगों की मदद से तेजी से काम किया है। फिर भी, सुरक्षित जगहों पर रह रहे पेशेवरों या जमे-जमाए व्यवसायियों की तुलना में, खुले क्षेत्र (कंस्ट्रक्शन, पोर्ट लॉजिस्टिक्स) में काम करने वाले मजदूरों को ज्यादा खतरा होता है। कम्युनिटी नेटवर्क जरूरी है। केरल और तेलंगाना जैसे राज्य प्रवासियों के लिए समर्पित हेल्पडेस्क चलाते हैं। केरल तथा आंध्र प्रदेश में भी विदेश में रहने वाले प्रवासियों के लिए समर्पित एजेंसियां हैं। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला प्रशासन ने भी पश्चिम एशिया में फंसे प्रवासियों के परिवारों के लिए एहतियाती हेल्पलाइन जारी की है। विदेश मंत्रालय का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम करता है। सामुदायिक समूहों के माध्यम से मजबूत संबंध बनाकर नियोक्ता या दूतावास पंजीकरण के माध्यम से संकट के समय तेजी से मदद करते हैं। कई भारतीयों के लिए खाड़ी के देश परिवार का सहारा, कर्ज से राहत और दीर्घकालीन सुरक्षा के लिए उपयुक्त विकल्प है। शायद इसी कारण महेश सिंह जैसे व्यवसायी समेत ज्यादातर भारतीय प्रवासी वहीं रहना पसंद करते हैं। वहां से लोगों को बाहर निकालना आखिरी रास्ता है, समाधान नहीं। भारत को उन जगहों पर सुरक्षा की मजबूती को प्राथमिकता देनी चाहिए, जहां भारतीय प्रवासी रहते और काम करते हैं।

विचार प्रवाह

अनंत परमेश्वर के साथ की प्रेमलीला ही सर्वोच्च है। आपको कल्पना भी नहीं है कि जीवन कितना सुंदर हो सकता है। जब आप अचानक ईश्वर को सर्वत्र पाते हैं, जब वे आपको दर्शन देते हैं और आपसे बातें करते हैं और आपका मार्गदर्शन करते हैं, तब ईश्वरीय प्रेमलीला शुरु हो जाती है। - **स्वामी विवेकानंद जी**

स्वच्छता ही सेवा है का सीख देती है शीतलाष्टमी

आज की बात

अशोक 'प्रवृद्ध'

> पौराणिक कथा के अनुसार एक बार जब पृथ्वी पर ज्वर और चेचक का प्रकोप बढ़ा, तब माता पार्वती ने शीतला रूप धारण कर भक्तों के कष्टों को हरा और उन्हें आरोग्य का वरदान दिया। माता शीतलता का प्रतीक है। शीतलता शब्द का अर्थ ही शीतलता प्रदान करने वाली है। इस दिन चूल्हा न जलाने और बासी भोजन अर्थात ठंडा भोजन ग्रहण करने की परंपरा है।

चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतलाष्टमी व्रत मनाये जाने की पौराणिक परिपाटी है। शीतलाष्टमी को जनसाधारण में बसोड़ाभी कहा जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि स्वास्थ्य और आयुर्वेद की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कंद पुराण में मां शीतला का विस्तृत वर्णन अंकित है। इन्हें भगवती दुर्गा का ही एक शक्ति अवतार माना जाता है, जो रोगों और चेचक या छोटी माता जैसे संक्रामक बीमारियों को दूर करने वाली देवी हैं। शीतला माता का स्वरूप वर्णन करते हुए पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है कि माता शीतला गर्दभ पर सवार रहती हैं। उनके एक हाथ में कलश अर्थात शुद्ध जल का प्रतीक, दूसरे में मार्नी या झाड़ू अर्थात स्वच्छता का प्रतीक, तीसरे में सूप अर्थात वायु शुद्धि का प्रतीक और चौथे हाथ में नीम के पत्तेहोते हैं। यह स्वरूप स्पष्ट रूप से स्वच्छता और आरोग्य का संदेश देता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार जब पृथ्वी पर ज्वर और चेचक का प्रकोप बढ़ा, तब माता पार्वती ने शीतला रूप धारण कर भक्तों के कष्टों को हरा और उन्हें आरोग्य का वरदान दिया। माता शीतलता का प्रतीक है। शीतलाशब्द का अर्थ ही शीतलता प्रदान करने वाली है। इस दिन चूल्हा न जलाने और बासी भोजन अर्थात ठंडा भोजन ग्रहण करने की परंपरा है। यह इस बात का संकेत है कि अब ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो रहा है और अब से ताजा व सुपाच्य भोजन ही स्वास्थ्य के लिए उत्तम होगा। यह ऋतु परिवर्तन का काल है और स्वास्थ्य व वैज्ञानिक दृष्टि से यह पर्व संधि काल अर्थात मौसम बदलने के समय पर आता है। इस समय संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

माता की पूजा और नीम के पत्तों का प्रयोग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और वातावरण को कीटाणुमुक्त रखने की प्रेरणा देता है। इसमें बासोड़ा अर्थात ठंडा भोजन नैवेद्य के रूप में प्रयोग में लाये जाते हैं। सप्तमी की रात को ही विशेष पकवान, जैसे- मीठे चावल, राबड़ी, पुए आदि बनाए जाते हैं और अष्टमी के दिन माता को इनका भोग लगाया जाता है। यह स्वच्छता का संदेश देता है। इस दिन घर की सफाई की जाती है और शीतला माता के मंदिर जाकर जल अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि शीतला माता की कृपा से कुल के सभी रोग और दोष दूर हो जाते हैं। शीतलाष्टमी का पर्व हमें सिखाता है कि स्वच्छता ही सेवाहै और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर रहना ही लंबी आयु और निरोगी काया का आधार है।

वर्ष 2026 में शीतला अष्टमी (बसोड़ा) 11 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि का प्रारंभ 11 मार्च 2026 दिन बुधवार रात्रि 01:54 बजे होगा और समापन 12 मार्च 2026 दिन बृहस्पतिवार कोप्रातः 04:19 बजे होगा। पूजा का शुभ समय 11 मार्च को सुबह 06:36 पूर्वाह्न से शाम 06:27 अपराह्न

तक माना गया है। इस दिन सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है, जो सुबह 09:12 के बाद प्रभावी होगा। शीतला माता की सबसे प्रचलित पौराणिक कथा एक निर्धन बुढ़िया और एक राजा के नगर से जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार एक राजा के नगर में भीषण आग लग गई। पूरा नगर जलकर राख हो गया, लेकिन एक निर्धन कुम्हारिन की झोपड़ी सुरक्षित बच गई। राजा ने आश्चर्यचकित होकर इसका कारण पूछा, तो कुम्हारिन ने बताया कि उसने शीतला अष्टमी का व्रत किया था और माता को बासी (ठंडा) भोजन अर्पित किया था। माता उसकी भक्ति से प्रसन्न थीं और उन्होंने अपनी शीतलता से उसकी झोपड़ी की रक्षा की। राजा को अपनी भूल का आभास हुआ कि उसने और उसके नगरवासियों ने माता का निरादर किया था। इसके बाद राजा ने पूरे राज्य में घोषणा करवाई कि चैत्र कृष्ण अष्टमी के दिन कोई चूल्हा नहीं जलाएगा और सभी माता को बासी भोजन का भोग लगाकर उनकी पूजा करेंगे। मान्यता है कि जो भी भक्त इस दिन ठंडे जल से स्नान कर बासी भोजन (जैसे मीठे चावल, राबड़ी) का भोग लगाता है, उसके घर में चेचक (माता), हैजा और ज्वर जैसे रोग प्रवेश नहीं करते। इसकी पूजा विधि के मुख्य नियम में अष्टमी के दिन घर में अग्नि प्रज्ज्वलित करना वर्जित माना जाता है। माता को एक दिन पूर्व सप्तमी को बना हुआ भोजन ही अर्पित किया जाता है, जिसे बसोड़ा कहते हैं। पूजा के बाद उस जल को घर के कोनों में छिड़कना शुभ माना जाता है, जो नकारात्मकता को दूर करता है।

यूं तो शीतला अष्टमी का मुख्य पर्व चैत्र मास में मनाया जाता है, लेकिन इसके बाद आने वाले वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ महीनों में भी माता की विशेष पूजा की जाती है, जिसके पीछे गहरे धार्मिक, ऋतु-संबंधी और वैज्ञानिक कारण हैं। यहग्रीष्म ऋतु और संक्रामक रोगों का प्रकोप के समय का सूचक है। तापमान में वृद्धि होती है।चैत्र से आषाढ़ तक का समय उत्तर भारत में भीषण गर्मी का होता है। यह बीमारियों का समय होता है। इन महीनों में चेचक, खसरा, हैजा और त्वचा संबंधी रोगों का प्रकोप सबसे अधिक होता है। ऐसे समय में माता शीतला आरोग्य की देवी के रूप में सामने आती हैं। माता शीतला को इन तापजन्य अर्थात गर्मी से होने वाले रोगों की अधिष्ठात्री देवी माना गया है, इसलिए पूर्ण ग्रीष्म काल के दौरान उनकी निरंतर उपासना की जाती है ताकि परिवार इन महामारियों से सुरक्षित रहे। इसके साथ शीतला जुड़वास और स्थानीय परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं, जिससे ज्येष्ठ मास का महत्व प्रकट होता है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान के ग्रामीण अंचलों सहित देश के कुछ क्षेत्रोंमें, ज्येष्ठ की तपती गर्मी में शीतला जुड़वासत्योहार मनाया जाता है। इसका उद्देश्य तपती धरती और शरीर को शीतलता प्रदान करना होता है। इसकी मासिक उपासना भी प्रचलन में है। कुछ समुदाय प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी और चतुर्दशी को माता की पूजा करते हैं, जिसमें चैत्र मास की अष्टमी सबसे प्रमुख मानी जाती है। यहऋतु संधि और स्वच्छता का संदेश देती है। आषाढ़ मास ग्रीष्म और वर्षा ऋतु का मिलन विन्दु है। वर्षा के आगमन के इस संधि काल में वातावरण में कीटाणु तेजी से पनपते हैं। माता के हाथों में झाड़ू और कलश स्वच्छता का प्रतीक हैं। इन महीनों में उनकी पूजा भक्तों को साफ-सफाई बनाए रखने और बासी या दूषित भोजन से बचने की निरंतर याद दिलाती है। स्वच्छता की प्रेरणा देती है।

स्कंद पुराण के अनुसार ब्रह्मा ने माता शीतला को पृथ्वी पर आरोग्य और स्वच्छता की रक्षा का उत्तरदायित्व सौंपा था। चूंकि गर्मी का प्रभाव केवल चैत्र तक सीमित नहीं रहता, इसलिए अगले तीन महीनों तक उनकी विशेष साधना की परंपरा बनी रही। यह केवल एक तिथि का पूजन नहीं, बल्कि भीषण गर्मी के चार महीनों (चैत्र-आषाढ़) में स्वास्थ्य और शीतलता बनाए रखने का एक आध्यात्मिक सुरक्षा चक्र है। चैत्र मास के अतिरिक्त वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ महीनों में शीतला माता की पूजा के पीछे मुख्य कारण भीषण ग्रीष्म ऋतु और उससे उत्पन्न होने वाले रोगों से सुरक्षा है। इन चारों महीनों में कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतला माता की पूजा का विधान है। इन चार महीनों में गर्मी अपने चरम पर होती है, जिससे चेचक खसरा और हैजा जैसी महामारियों का खतरा बढ़ जाता है। माता की पूजा स्वच्छता और शरीर को ठंडा रखने की प्रेरणा देती है। कुछ समुदायों में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को भी शीतला माता की विशेष पूजा की जाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

मनुष्य का 'मूल' स्वभाव-उसका परमानंद स्वरूप होना

स्वामी चिन्मयानंद

बचपन का शरीर व वर्तमान शरीर एक समान नहीं हैं। हमारे कल के विचार आज के विचारों से भिन्न हैं। कल हम शांत थे, आज सम्भवतः अत्यधिक सक्रिय हैं। बाल्यावस्था का व्यक्तित्व व आज का व्यक्तित्व भी पूर्णतः भिन्न हैं। फिर भी इन सतत परिवर्तनों के मध्य एक नित्य चेतना विद्यमान रहती है - जो स्वयं कभी परिवर्तित नहीं होती। वही प्रत्येक परिवर्तन की साक्षी है - वही आत्मा है। दैनिक अनुभवों में सदैव एक अनुभवकर्ता तथा एक अनुभूत वस्तु रहती है। उदाहरणार्थः "मैं" (अनुभवकर्ता) किसी ग्रन्थ को देख रहा हूँ (अनुभूत वस्तु)। "मैं" इस कंप्यूटर को देख रहा हूँ। अनुभवकर्ता सदैव अनुभूत वस्तु से भिन्न होता है। क्या हम सब अपने शरीर की अवस्था, मन की मनोदशा, तथा बुद्धि के विचार-परिवर्तन को जानते हैं। यदि हम शरीर,मन तथा बुद्धि के परिवर्तनों से परिचित हैं, तो स्पष्ट है कि हम इन सबके साक्षी हैं; ये सभी हमारे द्वारा अनुभूत वस्तुएँ हैं, हमारे समान नहीं। मनुष्य का 'मूल' स्वभाव-उसका वास्तविक धर्म-अनन्त तथा परमानंद स्वरूप आत्मा होना है। यद्यपि व्यवहार में वह स्वयं को केवल शरीर-मन-बुद्धि के संयोजन के रूप में मान लेता है। सभी शोक, विक्षेप, पश्चात्ताप, निराशा, आसक्ति तथा पीड़ाएं इन्हीं शरीर-मन-बुद्धि से उत्पन्न होकर उस मिथ्या अहं को ही फलस्वरूप प्राप्त होते हैं, जो स्वयं को इनसे जोड़े रखता है। प्रथम दृष्टि में इस श्लोक को पढ़ पढ़कर ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान हमसे सभी धर्मों या कर्तव्यों का परित्याग कर केवल उनकी शरण मांग रहे हैं। यद्यपि इसका अर्थ कहीं अधिक गहन है।

-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)

युद्ध में महिलाओं की स्थिति व उन पर अत्याचार

आपकी बात

वीणा देवांगन

युद्ध केवल दो देशों या सीमाओं के बीच का संघर्ष नहीं होता, वह मनुष्य के भीतर छिपे प्रकाश और अंधकार के बीच का भी टकराव होता है। जब युद्ध छिड़ता है, तो केवल गोलियां और बम ही नहीं चलते, बल्कि नैतिक मूल्य भी टूटने लगते हैं। सभ्यता, संस्कृति और मानवीय संवेदनाएं, जिन पर समाज खड़ा होता है, वे हिलने लगती हैं। और इस टूटन का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि युद्ध की परिस्थितियों में महिलाएं सबसे अधिक असुरक्षित हो जाती हैं। वे केवल संघर्ष की दर्शक नहीं होतीं, बल्कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में उसकी सबसे बड़ी पीड़िता बनती हैं। कई बार उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जाता है, क्योंकि स्त्री को समाज की अस्मिता का प्रतीक माना जाता है। किसी समुदाय को अपमानित करने के लिए उसकी महिलाओं को अपमानित करना, यह सोच स्वयं में मानवता के पतन का प्रमाण है। आधुनिक युग में भी यह त्रासदी समाप्त नहीं हुई है। रूस यूक्रेन के युद्ध में लाखों महिलाएं और बच्चे विस्थापित हुए, उन्हें अपने घर, अपने शहर और अपनी पहचान तक छोड़नी पड़ी। सीरिया के लंबे गृहयुद्ध ने अनगिनत महिलाओं को शरणार्थी शिविरों में असुरक्षित जीवन जीने को मजबूर किया। अफगानिस्तानमें सत्ता परिवर्तन के बाद महिलाओं की शिक्षा और स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंधों ने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध और राजनीतिक अस्थिरता का सबसे पहला प्रभाव स्त्रियों के अधिकारों पर पड़ता है। युद्ध के दौरान महिलाओं पर होने वाले अत्याचार केवल शारीरिक हिंसा तक सीमित नहीं रहते। उनका मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक शोषण भी उतना ही गहरा होता है। एक महिला, जो कल तक अपने परिवार की धुरी थी, अचानक विस्थापन, भूख, भय और असुरक्षा के बीच खड़ी मिलती है। वह अपने बच्चों को सुरक्षित रखने की चिंता में हर क्षण जीती है। कई बार उसे अपने प्रियजनों की मृत्यु या लापता होने की खबर का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों में उसका दर्द केवल व्यक्तिगत नहीं रहता, बल्कि वह सामूहिक पीड़ा का रूप ले लेता है। जब युद्ध के दौरान स्कूलों और शिक्षा संस्थानों पर हमला होता है, तो यह केवल इमारतों का विनाश नहीं होता, बल्कि भविष्य पर प्रहार होता है। लड़कियों की शिक्षा बाधित हो जाती है, जिससे उनका आत्मनिर्भर बनने का मार्ग रुक जाता है। शिक्षा के बिना उनका आत्मविश्वास कमजोर होता है और समाज में उनकी स्थिति और अधिक असुरक्षित हो जाती है। इस प्रकार युद्ध वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों की संभावनाओं को भी अंधकारमय कर देता है। सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि ऐसा क्यों होता है? क्यों मनुष्य अपने ही समान दूसरे मनुष्य के साथ इतनी क्रूरता करता है? इसका उत्तर सत्ता की लालसा और अहंकार में छिपा है। जब व्यक्ति या राष्ट्र सत्ता प्राप्त करने के लिए संघर्ष करता है, तो वह धीरे-धीरे नैतिक सीमाओं को पार करने लगता है। "दुश्मन" की छवि इतनी प्रबल कर दी जाती है कि सामने वाला इंसान नहीं, केवल एक लक्ष्य बनकर रह जाता है। इस मानसिकता में करुणा और संवेदना के लिए स्थान नहीं बचता। युद्ध के समय मनुष्य अपने भीतर के नैतिक दर्पण को ढक देता है। वह भूल जाता है कि जिस स्त्री पर अत्याचार किया जा रहा है, वह भी किसी की माँ, बेटी या बहन है। यह विस्मृति ही युद्ध का सबसे भयावह रूप है-जब मानव अपनी ही मानवता से दूर हो जाता है। फिर भी आशा पूरी तरह समाप्त नहीं होती। अनेक संघर्ष क्षेत्रों में महिलाओं ने ही शांति की पहल की है। उन्होंने राहत कार्यों में भाग लिया, शिक्षा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया और टूटे हुए समुदायों को जोड़ने का काम किया। यह दर्शाता है कि स्त्री केवल पीड़िता नहीं, बल्कि परिवर्तन की सशक्त वाहक भी है। यदि शांति प्रक्रियाओं और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं को समान भागीदारी मिले, तो समाज का पुनर्निर्माण अधिक संवेदनशील और न्यायपूर्ण हो सकता है। अंततः युद्ध में महिलाओं की स्थिति हमें यह सोचने के लिए विवश करती है कि वास्तविक विजय क्या है।

(veenavlogs@gmail.com)

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

धुआं, धमाके, चीख और सिसकी, फिर सब चुप।
दुनिया भर में बस यही, बाकी घुप्पाघुप्प।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

संसद में हंगामा और वास्तविक मुद्दों से भटकती राजनीति

अलग बात

कांतिलाल मांडोत

लोकतंत्र में संसद केवल बहस का मंच नहीं होती बल्कि वह देश की सामूहिक बुद्धि और जिम्मेदारी का प्रतीक भी होती है। यहा लिए गए निर्णय देश की दिशा तय करते हैं और यहां होने वाली चर्चाएं करोड़ों लोगों की उम्मीदों से जुड़ी होती हैं। इसलिए जब संसद में गंभीर विषयों पर विचार के बजाय लगातार हंगामा और टकराव देखने को मिलता है तो स्वाभाविक रूप से जनता के मन में निराशा पैदा होती है। हाल के दिनों में संसद के दोनों सदनों में जो स्थिति देखने को मिली उसने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या राजनीतिक दल वास्तव में राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करना चाहते हैं या फिर संसद को केवल राजनीतिक रणनीति का मंच बना दिया गया है। सोमवार को संसद के सत्र में अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष की मांग थी कि इस अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के असर पर संसद में विस्तृत चर्चा कराई जाए। यह मांग अपने आप में गलत नहीं कही जा सकती क्योंकि मध्य पूर्व की घटनाओं का असर भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ सकता है। भारत के लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं और तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में इस विषय पर चर्चा की मांग को पूरी तरह असंगत नहीं कहा जा सकता। लेकिन जिस तरीके से विपक्ष ने इसे लेकर संसद की कार्यवाही बाधित की उसने इस मांग की गंभीरता पर ही सवाल खड़े कर दिए। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति ऐसी बन गई कि महज कुछ ही मिनटों में सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब विदेश मंत्री ऽसुभरमन्यम जयशंकर ने इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखने के लिए बयान देना शुरू किया तो भी विपक्ष ने विरोध जारी रखा। विपक्ष का कहना था कि मंत्री के बयान से पहले इस मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए ताकि वे सरकार से सवाल पूछ सकें। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि पहले मंत्री का वक्तव्य सुना जाए और उसके बाद चर्चा हो सकती है। इस टकराव के बीच सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई और अंततः पूरे दिन कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकी। इस पूरे घटनाक्रम में एक और दिलचस्प पहलू सामने आया। विपक्ष ने पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। संसदीय परंपरा के अनुसार जब ऐसा प्रस्ताव आता है तो उसे सदन में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि उस पर चर्चा हो सके। लेकिन जब सभापति जगदम्बिका पाल ने विपक्ष से प्रस्ताव पेश करने के लिए कहा तो विपक्ष ने ऐसा करने से परहेज किया और हंगामा जारी रखा। इससे यह संदेश गया कि विपक्ष स्वयं अपने प्रस्ताव को लेकर स्पष्ट नहीं है और उसकी प्राथमिकता वास्तविक बहस से अधिक राजनीतिक दबाव बनाना है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने भी इसी बात को उठाते हुए कहा कि विपक्ष खुद ही कंफ्यूज है कि वह करना क्या चाहता है। उनका तर्क था कि पहले स्पीकर के खिलाफ नोटिस दिया गया और फिर दूसरा मुद्दा उठाकर हंगामा किया जा रहा है। दूसरी ओर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मध्य पूर्व में तेजी से बदल रहे हालात का भारत पर असर पड़ रहा है इसलिए इस पर चर्चा जरूरी है। उनके अनुसार तेल की कीमतों में वृद्धि और खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों की सुरक्षा जैसे मुद्दे गंभीर हैं और सरकार को इस पर स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

न्यूज बॉक्स

बानो में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह को लेकर बैठक

बानो। झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बानो की बैठक एसएस हाई स्कूल बानो के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 अप्रैल 2026 को बानो प्रखंड के सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम में बानो प्रखंड के सभी नव नियुक्त शिक्षकों का स्वागत भी किया जाएगा। कार्यक्रम डाक बंगला बानो में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा।बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघ के सभी सदस्यों से सहयोग राशि 25 मार्च 2026 तक जमा करने का आग्रह किया गया। हुरदा क्षेत्र के शिक्षक सहयोग राशि शिवशंकर सिंह के पास जमा करेंगे, जबकि बानो क्षेत्र के शिक्षक परमानंद ओहदार, बसंत कोगाड़ी, जकरियास सुरीन और चंद्रमोहन साहू के पास राशि जमा करेंगे।निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के दौरान नव नियुक्त शिक्षकों का ढोल, मांदर और नगाड़ा के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जाएगा तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी।

चाचा नेहरू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल का 11वां स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव संपन्न

बानो। सोय सेमर टोली स्थित चाचा नेहरू चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में मंगलवार को 11वां स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश तेली समाज के अध्यक्ष अरुण साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड एसटी/एससी/ओबीसी मोर्चा के महामंत्री बलीराम पासवान, मुखिया सोमवारी कैथवार, सीता कुमारी और लोरेंस बागे ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत गान के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने नृत्य करते हुए अतिथियों को मंच तक लाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने माता सरस्वती, पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा विद्यालय के संस्थापक स्व. शोभनाथ साहू की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि अरुण साहू ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में अरुण साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थापना से बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलता है और उनका भविष्य उज्ज्वल बनता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

सभागार में मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित, शिक्षा योजनाओं की समीक्षा व कई अहम निर्देश

जलडेगा। प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।गुरुगोष्ठी के दौरान उल्लास कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विद्यालय के पोषक क्षेत्र से नवसाक्षरों को आगामी 15 मार्च 2026 को होने वाले मूल्यांकन में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराएं। इसके अलावा मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत प्रतिदिन एसएमएस को ऑनलाइन करने, स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन बढ़ाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट समद, राजेश कुमार, सत्यवान साहू, भरत महतो, विद्याधर सिंह, जयप्रकाश सिंह, भूपेंद्र बड़ाइक, शमीम अंसारी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

पॉलिटेक्निक में व्याख्याता नियुक्ति की योग्यता में संशोधन की मांग

सिमडेगा। कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने विधानसभा के शून्यकाल के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में व्याख्याता नियुक्ति से जुड़ी योग्यता में संशोधन की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी नियुक्ति विज्ञापन में व्याख्याता पद के लिए पीजी के साथ पीएचडी की अनिवार्यता रखी गई है, जिससे कई वर्तमान कर्मियों के सामने नौकरी का संकट खड़ा हो गया है।विधायक ने बताया कि पॉलिटेक्निक संस्थानों में कार्यरत कई एनबीएल कर्मियों की शैक्षणिक योग्यता बीटेक है। नई योग्यता लागू होने से ये कर्मचारी भविष्य में अपनी नौकरी खो सकते हैं। इसलिए सरकार को नियुक्ति की शर्तों में संशोधन कर बीटेक डिग्री को भी मान्य योग्यता में शामिल करना चाहिए, ताकि अनुभवी कर्मियों को रोजगार से वंचित न होना पड़े।उन्होंने यह भी मांग की कि राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में कार्यरत एनबीएल कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित की जाए। इससे उन्हें सेवा सुरक्षा मिलेगी और वे लंबे समय तक संस्थानों को अपनी सेवाएं दे सकेंगे।विधायक ने कहा कि यदि सरकार समय रहते इस मामले में निर्णय नहीं लेती है तो कई कर्मचारियों की आजीविका पर असर पड़ सकता है। इसलिए सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक संशोधन करना चाहिए।

सिमडेगा महाविद्यालय में प्रोफेसरों की कमी का मुद्दा विधानसभा में उठा

रांची। सिमडेगाः झारखंड विधानसभा के चल रहे सत्र में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सिमडेगा जिले की उच्च शिक्षा व्यवस्था को लेकर तारांकित प्रश्न उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि सिमडेगा जिला अनुसूचित क्षेत्र के साथ-साथ अति पिछड़े जिलों में शामिल है। इस पर विभागीय मंत्री ने स्वीकार किया कि सिमडेगा जिला अनुसूचित क्षेत्र में आता है। विधायक ने सिमडेगा महाविद्यालय की पढ़ाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल किया। उन्होंने कहा कि यहां कई वर्षों से स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई हो रही है। इस पर मंत्री ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय के अनुसार सिमडेगा महाविद्यालय में वर्ष 1980 से स्नातक स्तर की पढ़ाई चल रही है। झारखंड राज्य गठन के बाद वर्ष 2019 से हिंदी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, मानव विज्ञान, खड़िया, नागपुरी और मुंडारी विषयों में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई शुरू की गई है।विधायक ने यह भी कहा कि महाविद्यालय में कई विषयों में प्रोफेसरों के पद खाली हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मंत्री ने बताया कि फिलहाल नियमित और आवश्यकता आधारित शिक्षकों के माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही है। साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय द्वारा झारखंड लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है।

बानो में कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती को लेकर बैठक आज

रांची। बानोः प्रखंड में कांग्रेस संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 11 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे डाक बंगला बानो में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का आयोजन बानो प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से किया जा रहा है।नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष रफीक अंसारी ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों और समर्थकों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत होती है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को इस बैठक में भाग लेकर अपनी भूमिका निभानी चाहिए।बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों से कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाकर संगठनात्मक रणनीति तैयार की जाएगी। साथ ही प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और जनसमस्याओं को उठाने पर भी चर्चा होगी।बताया गया कि बैठक में जिला स्तर के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना की भी उपस्थिति रहेगी। उनकी मौजूदगी में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ पार्टी की आगामी योजनाओं और दिशा पर भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

स्वास्थ्य और कृषि योजनाओं की समीक्षा बैठक

डीसी ने अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, कृषि और भूमि संरक्षण विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान आईटीडीए विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर विचार किया गया। इसमें अनुसूचित जनजाति के 13, अनुसूचित जाति के 1 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के 23 आवेदनों को स्वीकृति दी गई। विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए 3 हजार से 10 हजार रुपये तक तथा कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए 25 हजार रुपये तक की सहायता स्वीकृत की गई। कुल 1 लाख 38 हजार 500 रुपये की राशि स्वीकृत की गई। उपायुक्त ने शेष आवंटन की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीजों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन तथा आत्मा योजना के तहत किसानों के प्रशिक्षण, राज्य व अंतरराज्यीय भ्रमण, कृषक मेला, बीज वितरण और मानदेय भुगतान सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके अलावा आरकेवीवाई एवं रफ्तार योजना के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के तहत कृषि उपकरण बैंक के माध्यम से किसानों को 50 से 60 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में कृषक पाठशाला के कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पोल्ट्री फार्म में हो रहे अंडा उत्पादन को आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ. सुंदर मोहन सामाद, विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, मो. समी आलम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

आम सूचना।

दिनांक 10.01.2026 को सम्पन्न जिला परिषद, पलामू बोर्ड बैठक में जिला परिषदीय विभिन्न सैरातों का निबंधन नवीकरण शुल्क निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है–

क्र0	सैरात का प्रकार	निर्धारित नवीकरण शुल्क
1	दुकान	10000.00
2	विभिन्न भवन	25000.00

वैसे आवंटी जिनका लीज एकरारनामा की अवधि समाप्त हो चुकी है वे अपने आवंटित सैरात का निर्धारित नवीकरण शुल्क के साथ एकरारनामा नवीकरण दिनांक 15.03.2026 तक अनिवार्य रूप से करा ले। अन्यथा उनका आवंटन रद्द कर दिया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 374640 District(25-26)D

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

सूचना
(विशेष मध्यस्थता अभियान)
(Special Mediation Drive for Family Court Cases)
दिनांक : 09.03.2026 से 13.03.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रॉची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा **दिनांक 09.03.2026 से 13.03.2026 तक विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन** व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा के मध्यस्थता केन्द्र में किया जाएगा। जिसमें कुटुम्ब न्यायालय, लोहरदगा में लंबित वाद तथा संबंधित प्रताडना, घरेलु हिंसा तथा बच्चों के संरक्षण से जुड़े मामलों का निस्तारण आपसी सुलह–समझौता तथा मध्यस्थता के आधार पर किया जाएगा।

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त मध्यस्थता अभियान के तहत कुटुम्ब न्यायालय, लोहरदगा में लम्बित वादों तथा अन्य संबंधित वादों को मध्यस्थता केन्द्र में भिजवाकर समझौते के आधार पर उनका निस्तारण करवा सकते हैं।

ह0/–
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR 374558 Lohardaga(25-26).D

कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा (अभियंत्रण कोषांग)

(Email-id: zplohardaga@gmail.com)

ई-निविदा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 07/2025–26(DE) दिनांक 10.03.2026

क्र0/ग्रुप संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	4	6	7	8	9
1	लोहरदगा	वार्ड नं0 15 युगल किशोर मित्तल के घर से चिल्ड्रेन पाराडईज स्कूल की ओर कालीकरण पथ निर्माण	1596000.00	5000.00	32000.00	03(तीन) माह
2	लोहरदगा	वार्ड नं0 22 मधुबन में उत्तम एक्का के घर से मुंजरा किंडो के घर की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण	2491800.00	5000.00	49900.00	03(तीन) माह
3	लोहरदगा	वार्ड नं0 23 बक्सीडीपा में पंचम के घर से दषहरा मेला टॉड की ओर पी0सी0सी0 पथ निर्माण	4665200.00	5000.00	93400.00	03(तीन) माह

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 11.03.2026/10:00 बजे पूर्वाह्न से
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 18.03.2026/02:00 बजे अपराह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 19.03.2026/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।
3. जिला परिषद् लोहरदगा में श्रेणी III में निबंधित संवेदक निविदा में भाग लेंगे।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 374641 Lohardaga (25-26)_D

कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 12/2025–26

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 18.03.2026 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर परिशद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 19.03.2026 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.03.2026 के अपराह्न 3.30 बजे।

कार्य का विस्तृत विवरण :–

क्र0	योजना का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1.	Construction of 200mm x 165mm dia. & 200 mtr (av.) depth HYDT with Indian Mark-11 Hand at Near Sankh River Community Toilet Ward 05, Maina Bagicha Community Toilet Ward-07 and Tangra Toli Ward No. 20 under Nagar Parishad, Lohardaga	883754.00	17700.00	5000.00	30 दिन
2.	Construction of 200mm x 165mm dia. & 200 mtr (av.) depth HYDT with Indian Mark-11 Hand at Taigi Nagar Ward-1, Kuchhari More Ward-04 and Near Town Hall Balock Campus Ward No. 04 under Nagar Parishad, Lohardaga	883754.00	17700.00	5000.00	30 दिन

नोटः– नियम एवं शर्ते नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 374564 (Lohardaga)25-26*D

कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

लॉटरी पद्धति द्वारा दुकान आवंटन हेतु आम सूचना

ज्ञापांक 612 दिनांक 09.03.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तृतीय फेज में गढ़वा नगर परिशद क्षेत्रान्तर्गत सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने 19 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.03.2026 को समय 12:00 बजे अपराहन् से मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में आयोजन किया जायेगा, जो आवेदक सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने दुकान के लिये आवेदन जमा किये हैं, वे ससमय मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में उपस्थित रहेंगे।

नोट–
1. आवेदक को आधार कार्ड एवं मतदाता पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।
2. वाद–विवाद कि स्थिति में लॉटरी की प्रक्रिया स्थगित किया जा सकता है।
3. अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 374582 Urban Development (25-26)_D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा

E-Mail ID – chatrasco@gmail.com

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत संचालित मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत नई उपयोजना "समेकित बिरसा पक्का चेक डैम" निर्माण हेतु सूचना।

चतरा जिला के सभी लघु एवं सिमांत कृषक समूहों को सूचित किया जाता है कि कृषि कार्य हेतु भू–क्षरण रोकने, खेतो में नमी संरक्षण तथा वर्षा जल संचयन, अपवाह जल की गति कम करने एवं जल के साथ बहते हुए गाद के अवरोध हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत संचालित मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत नई उपयोजना विभागीय राज्यादेश संख्या–71 दिनांक 15.01.2026 के आलोक में **"समेकित बिरसा पक्का चेक डैम"** लूज बोल्डर चेक डैम तथा गार्डवाल अवयवों सहित)" निर्माण जिससे वार्षिक प्रवाह वाले छोटे–छोटे नालो में बहते हुए पानी का कृषि के कार्य में समुचित उपयोग किया जा सके के लिए प्रकाशन की तिथि से दिनांक 13.03.2026 तक आवेदन पत्र (स्थानीय जनप्रतिनिधि के अनुशंसा सहित) आमंत्रित किये जाते है।

चतरा जिला अन्तर्गत भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य

क्र0 सं0	जिला का नाम	शीर्ष	भौतिक लक्ष्य (संख्या में)	वित्तीय लक्ष्य (लाख में)
01	चतरा	OSP	02	40.00
02		SCSP	02	40.00

नोटः– आवेदन करने एवं अन्य जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में सूचना प्राप्त किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा
जिला संयुक्त कृषि भवन तपेज, चतरा–825401

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
चतरा

PR 374568 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26)#D

कार्यालयः जिला अभियंता, लातेहार

अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 35/2025-26

कार्य का नाम :–

क्र	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	NIT रेफरेन्स संख्या
1	लातेहार जिला परिषद कार्यालय भवन का निर्माण।	8,08,12,524	16,16,300	10,000	11 माह	01/2025-26 /ZP/LATEHAR

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 12.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–25.03.2026, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–27.03.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 93347–02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 374644 Rural Development (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(अनावद्ध मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/52/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Renovation of Common Toilet at PM Shri Govt. Girls S.M.S. Durua under Latehar District	1149429	23000	2500	2 माह

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.03.2026 से दिनांक 25.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 374555 Rural Development(25-26)#D

कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 26/2025-26

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 194/वि0, दिनांक 05.03.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में DMFT मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से F_2 प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 14.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 21.03.2026 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 23.03.2026 (अपराह्न 3:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	निविदा शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0
1	उंटारी रोड	पंचायत– लुम्बा सतबहिनी अन्तर्गत ग्राम नौगढ़ में मंशा मंदिर से छतु पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2162300	43246	5000	03 माह	NIT-26/ 2025-26/ Gr-01

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे। 2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 374647 District (25-26)_D

केंद्र ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के लिए 3,630 करोड़ रुपए की परियोजना को दी मंजूरी

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी परियोजना के लिए 3,630.77 करोड़ रुपए की संशोधित कुल लागत को मंजूरी दे दी। यह परियोजना दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-सोहना स्पर से जेवर एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत उत्तर प्रदेश और हरियाणा में विकसित की जाएगी। करीब 31.42 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक सीधी और तेज कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक गतिविधियों और लॉजिस्टिक्स की दक्षता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह कॉरिडोर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) से भी जुड़ेगा, जिससे सड़क, माल ढुलाई और अन्य परिवहन साधनों के बीच मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी विकसित होगी। सरकार के अनुसार, यह एलिवेटेड कॉरिडोर केवल एक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना नहीं है, बल्कि शहरी विकास, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक कैबिनेट नोट में कहा गया है कि फरीदाबाद क्षेत्र में टिकाऊ शहरी विकास सुनिश्चित करने और जेवर एयरपोर्ट-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे कॉरिडोर की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए इस परियोजना का निर्माण जरूरी है। सरकारी बयान के मुताबिक, इस परियोजना के करीब 11 किलोमीटर हिस्से को एलिवेटेड हाईवे के रूप में विकसित किया जाएगा। यह हिस्सा डीएनडी-बल्लभगढ़ बाईपास और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी का अहम भाग होगा और इसे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा।

यह कॉरिडोर फरीदाबाद मास्टर प्लान 2031 के तहत चिन्हित उस क्षेत्र से होकर गुजरेगा, जहां भविष्य में घनी आबादी वाला शहरी विकास और बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार की योजना है। इस एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की अतिरिक्त लागत 689.24 करोड़ रुपए होगी, जिसमें से हरियाणा सरकार 450 करोड़ रुपए का खर्च वहन करेगी। इसके अलावा, पिछले महीने सरकार ने गुजरात में नेशनल हाईवे-56 के दो हिस्सों को चार लेन में अपग्रेड करने की परियोजना को भी मंजूरी दी थी, जिसकी कुल लागत 4,583.64 करोड़ रुपए है। आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने कहा कि इस योजना के तहत धमासिया-बिटाडा/मोवी (47.46 किमी) और नासरपोर-मलोथा (60.21 किमी) सेक्शन को चार लेन में विकसित किया जाएगा। इन दोनों हिस्सों की कुल लंबाई 107.67 किलोमीटर होगी। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं से देश में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

दिसंबर के फ्लाइट संकट के बाद इंडिगो में बड़ा बदलाव, सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली । देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इंडिगो को संचालित करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड के अनुसार, यह फैसला पिछले साल दिसंबर में आए एयरलाइन के सबसे बड़े फ्लाइट संकट के कुछ महीनों बाद लिया गया है। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि इंटरग्लोब एविएशन के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया फिलहाल अंतरिम तौर पर एयरलाइन के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगे। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा कि पीटर एल्बर्स तत्काल प्रभाव से इंडिगो के सीईओ पद से हट रहे हैं। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने संगठन में उनके योगदान और सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कंपनी ने यह भी बताया कि राहुल भाटिया तब तक एयरलाइन के कामकाज की जिम्मेदारी संभालेंगे, जब तक कंपनी नए नेतृत्व की घोषणा नहीं कर देती।

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Circle, Garhwa

Very short e-TENDER NOTICE

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

Sl. No.	NIT No.	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money to be deposited (In Rs.)	Cost of BOQ (non-refundable) (In Rs.)	Time for completion
1	423/PR/JBVNL/25-26	Construction of Control room hall attached to existing control room building at 33/11 KV P/S/S Garhwa-I under Electric Supply Circle, Garhwa.	1243100.00	24900.00	2500.00+450.00 (GST 18%) = 2950.00	04 Month
Availability of tender document on website				12.03.2026 3:00 PM to 22.03.2026 at 2:00 PM		
Last date and time for bid submission/uploading				22.03.2026 at 2:00 PM		
Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial)				23.03.2026 at 2:30 PM		
Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part)				Will be communicated later on		
Tendering Officer and address for communication				ESE, Electric Supply Circle, Garhwa		

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (jharkhandtenders.gov.in).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical superintending Engineer
Electric Supply Circle, Garhwa

PR 374663 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 25-26 (D)

भारत को दुनिया का 'फूड बास्केट' बनाकर रहेंगे : शिवराज

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा कि भारत को दुनिया का 'फूड बास्केट' बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में केंद्र सरकार की कई योजनाओं को राज्य सरकार सही तरीके से लागू नहीं कर रही है, जिसके कारण वहां के गरीब किसान इन महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि देश में इस समय रिकॉर्ड स्तर पर खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है और भारत की कृषि क्षमता की दुनिया भर में सराहना हो रही है। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर लगभग 357 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिससे देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आय दोनों मजबूत हुई हैं। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि भारत ने करीब 150 मिलियन टन से अधिक चावल उत्पादन के साथ दुनिया में पहला स्थान हासिल किया है और इस मामले में चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा गेहूं, सरसों, सोयाबीन और मूंगफली जैसी प्रमुख फसलों में भी रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब भारत को पीएल-480 योजना के तहत आयातित गेहूं पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन आज देश के गोदाम गेहूं और चावल से भरे हुए हैं। स्थिति यह है कि सरकार को अनाज के भंडारण की चिंता करनी पड़ रही है, जबकि दुनिया भारत के किसानों और कृषि नीतियों की सराहना कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने दालों, फलों और सब्जियों के उत्पादन को भी बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि दालों का उत्पादन करीब 19 मिलियन टन से बढ़कर 25-26 मिलियन टन के आसपास पहुंच गया है। इसी तरह बागवानी उत्पादन भी 369 मिलियन टन से अधिक के स्तर पर पहुंच चुका है, जो किसानों के लिए अतिरिक्त आय का एक बड़ा स्रोत बन रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। इसके तहत गंगा जैसी नदियों के किनारों पर बड़े क्षेत्रों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बिना खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश भर में एक करोड़ से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जागरूक और प्रशिक्षित किया गया है और लाखों हेक्टेयर भूमि पर क्लस्टर बनाकर इस पद्धति को अपनाया जा रहा है।

भारत से सटी सीमाओं वाले देशों के निवेश नियमों में बदलाव को कैबिनेट से मिली मंजूरी

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को भारत से स्थलीय सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले निवेश से जुड़े दिशा-निर्देशों में बदलाव को मंजूरी दे दी। सरकार का कहना है कि इस फैसले से निवेशकों को नियमों को लेकर अधिक स्पष्टता मिलेगी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के अनुसार, मौजूदा नीति की समीक्षा कर उसमें संशोधन किया गया है, जिसके तहत निवेश में 'बेनेफिशियल ओनर' (वास्तविक लाभकारी मालिक) की पहचान से जुड़े नियमों को अधिक स्पष्ट बनाया गया है और कुछ क्षेत्रों में निवेश प्रस्तावों की मंजूरी की प्रक्रिया को सरल किया गया है। संशोधित दिशा-निर्देशों के मुताबिक अब बेनेफिशियल ओनर की परिभाषा और उसे तय करने के मानदंड को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग रूल्स, 2005 के तहत लागू ढांचे के अनुरूप किया जाएगा। इसके तहत निवेश करने वाली संस्था के स्तर पर ही यह जांच की जाएगी कि असली लाभकारी मालिक कौन है। सरकार ने यह भी बताया कि जिन निवेशकों की बेनेफिशियल हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है और जिनका कंपनी पर नियंत्रण नहीं है, उन्हें अब ऑटोमैटिक रूट के जरिए निवेश की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, यह निवेश संबंधित सेक्टर की अधिकतम सीमा और अन्य शर्तों के अधीन होगा। ऐसे मामलों में जिस कंपनी में निवेश किया जाएगा, उसे उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) को निवेश से जुड़ी पूरी जानकारी देनी होगी। कैबिनेट ने कुछ खास मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश प्रस्तावों की मंजूरी की प्रक्रिया को तेज करने का भी फैसला किया है। इन क्षेत्रों में आने वाले निवेश प्रस्तावों पर 60 दिनों के भीतर निर्णय लिया जाएगा। इन क्षेत्रों में कैपिटल गुड्स मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक कैपिटल गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स, पॉलीसिलिकॉन और इनगॉट-वेफर उत्पादन जैसे सेक्टर शामिल हैं।

मध्य पूर्व में तनाव के बीच भारत कई स्रोतों और मार्गों से ऊर्जा आयात सुरक्षित कर रहा है : हरदीप सिंह पुरी

एजेंसी । नई दिल्ली

मध्य-पूर्व में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत सरकार ने देश में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए केवल मध्य-पूर्व पर निर्भर नहीं है, बल्कि अलग-अलग स्रोतों और मार्गों से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भारत के ऊर्जा आयात लगातार विभिन्न देशों और मार्गों से आ रहे हैं, जिससे देश की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित बनी हुई है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए हैं कि युद्ध जैसी स्थिति के बावजूद आम लोगों को गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "मीडिया जगत के सदस्यों के साथ आज हुई अनौपचारिक बातचीत में हमने चर्चा की कि भारत का ऊर्जा आयात विभिन्न स्रोतों और मार्गों से निरंतर जारी है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद घरेलू उपभोक्ताओं को ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सीएनजी और पीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। साथ ही, युद्ध की स्थिति के बावजूद अन्य उद्योगों को भी उनकी जरूरत के अनुसार लगभग 70 से 80 प्रतिशत तक गैस आपूर्ति जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार सस्ती और निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत आपूर्ति को और मजबूत करने के लिए मध्य-पूर्व के बाहर के देशों से अतिरिक्त द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) कार्गो भी खरीद रहा है।

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार

शुद्धि सूचना

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा 33/2025–26 प्रकाशित की गई है जिसका PR 374098 (Rural Development (25-26) D है। उक्त निविदा में प्राप्ति की तिथि दिनांक 13.03.2026 अंकित है जिसे संशोधित करते हुए निविदा प्राप्ति की तिथि 14.03.2026 किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 374571 (Rural Development)25-26*D

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार

शुद्धि सूचना

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा 32/2025–26 प्रकाशित की गई है जिसका PR 374099 (Rural Development (25-26) D है। उक्त निविदा में प्राप्ति की तिथि दिनांक 17.03.2026 अंकित है जिसे संशोधित करते हुए निविदा प्राप्ति की तिथि 18.03.2026 किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 374570 Rural Development (25-26)_D

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार।
शुद्धि सूचना

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा 28/2025–26 प्रकाशित की गई है जिसका PR 374111 (Rural Development (25-26) D है। उक्त निविदा में प्राप्ति की तिथि दिनांक 13.03.2026 अंकित है जिसे संशोधित करते हुए निविदा प्राप्ति की तिथि 14.03.2026 किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 374566 Rural Development(25-26)D

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार।

शुद्धि सूचना

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा 30/2025–26 प्रकाशित की गई है जिसका PR 374103 (Rural Development (25-26) D है। उक्त निविदा में प्राप्ति की तिथि दिनांक 13.03.2026 अंकित है जिसे संशोधित करते हुए निविदा प्राप्ति की तिथि 14.03.2026 किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 374567 (Rural Development) 25-26 (D)

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार

शुद्धि सूचना

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा 34/2025–26 प्रकाशित की गई है जिसका PR 374096 (Rural Development (25-26) D है। उक्त निविदा में प्राप्ति की तिथि दिनांक 12.03.2026 अंकित है जिसे संशोधित करते हुए निविदा प्राप्ति की तिथि 13.03.2026 किया जाता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 374572 Rural Development(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
ई मेल :– eedwsd.garhwa1@gmail.com
अतिअल्पकालीन भावपत्र **(Quotation)** आमंत्रण संख्या–01/2025-26
दिनांक –10.03.2026
अति अल्पकालीन भाव पत्र (दर प्राप्त करने हेतु)

सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार का पत्रांक–8/JJM (विविध)–209/2025–179/SWSM रांची दिनांक – 21.02.2026 से प्राप्त निदेश के आलोक में 08 मार्च, 2026 से 22 मार्च 2026 तक "जल महोत्सव पखवाड़ा" का आयोजन किया गया है। "जल महोत्सव पखवाड़ा" के सफल आयोजन हेतु मुहरबन्द भाव पत्र (दर निर्धारण) हेतु पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में पंजीकृत फर्म/संवेदक से आमंत्रित किया जाता है। बिना कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी के पास भाव पत्र स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

मुहर बंद भाव पत्र प्राप्त करने की तिथि	17.03.2026
मुहर बंद भाव पत्र प्राप्त करने का समय	3 बजे अपराह्न तक
मुहर बंद भाव पत्र खोलने की तिथि	17.03.2026
मुहर बंद भाव पत्र खोलने का समय	4:30 बजे बजे अपराह्न तक
मुहर बंद भाव पत्र खोलने का स्थान	अद्योहस्ताक्षरी का कार्यालय कक्ष

Sl. No.	Particulars	Qty.	Unit	Basic Rate (Exclusive all taxes and carriage)
1	2	3	4	5
1	"जल महोत्सव पखवाड़ा" के शुभारम्भ एवं समापन हेतु सभागार (60X 80)	1		
2	मंच सज्जा, प्रोजेक्टर, साउण्ड, जेनरेटर (तेल के साथ)	1		
3	कुर्सी, टेबल, मैट, टेंट (15X15)	1		
4	बैनर (6X4)	1		
5	बैनर (15X10)	1		
6	स्टैंडी (6X3)	1		
7	बुके (उच्च क्वालिटी)	1		
8	सर्टिफिकेट	1		
9	शॉल	1		
10	लंच – चाय	1		
11	फोटो ग्राफी – विडियोग्राफी एवं दस्तावेजीकरण	1		
12	प्लंबिग कीट (Cowel Plash, Pechkus, 14" Pipe Rinch, Chheni, Hathauri, Salai Rinch 14", Panna Rinch Set, Hexa)	1		
13	फोल्डर (डायरी, पेन जुट बैग के साथ)	1		
14	Reading Material Xerox (Per Page)			
15	विविध (वाहन ईंधन के साथ), इत्यादि			
			P/Job	Rs.....
	Total -			Rs.....

PR 374608 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

Office of The Civil Surgeon -Cum-Chief Medical Officer, Latehar
Email ID- dpmlatehar1@gmail.com

(E-Procurement Notice)
E-Tender Notice No.: 10/DHS Date-28-02-2026
Very Short e-Tender Notice

जिला लातेहार अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानो के लिए नव दम्पति हेतु नई पहल किट का क्रय/आपूर्ति हेतु ई–निविदा के माध्यम से निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से निम्न विवरण/शर्तों के अधीन ई निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. Schedule of Events

Sl No.	Information/Subject	Details
1	Name of Work	Supply of Nai Pehal Kit (Family Planning kit)
2	Date of Publication Of Bid	10/03/2026
3	Earnest Money To Be Deposited	50000/- (Fifty Thousand only should be deposited through online Mode www.jharkhandtendars.gov. in before uploading the bid in the E-Procurement portal of the Tendar Inviting Authority
4	Last Date & Time For Bid Submission	17/03/2026 11:00AM
5	Bid Opening Place & Date	Online, Chamber Of Civil Surgeon, Office Latehar On 18-03-2026 11:00AM
6	Name And Office For Inviting Tender	Civil Surgeon Cum CMO,Latehr

Civil, Surgeon
Latehar

PR.NO.374577 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, लातेहार

(1st Call)
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–टेन्डर रिफरेंस संख्या– RCD/LATEHAR/ 222 /2025-26
दिनांक–10.03.2026

1.	कार्य का नाम	बालूमाथ–हेरहंज–पांकी पथ (SH-10) के कि0मी0 0.00 से 30.00 कि0मी0 (कुल लम्बाई–30.00 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य।
2क.	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	रू0 :– 24,30,41,075.00 (चौबीस करोड़ तीस लाख एकतालीस हजार पचहत्तर रूपये) मात्र
2ख.	बिड सिक्यूरिटी – (रू0 में)	रू0–24,31,000.00 (चौबीस लाख एकतीस हजार) मात्र
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 (छः) माह
4.	वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	16.03.2026 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से
5.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय	06.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक
6.	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमडल लातेहार, पिन कोड– 829206
7.	ई–प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क संख्या	06565–247907
8.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651–2403007

नोट : निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
निविदा की अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल लातेहार

PR.NO.374633 Road(25-26):D

कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

PPP मोड पर दुकान निर्माण/आवंटन हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति।

दिनांक 13.09.2025 एवं दिनांक 10.01.2026 को सम्पन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में PPP मोड पर दुकान निर्माण कर आवंटन हेतु पलामू जिला अन्तर्गत इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते है–

क्र.	प्रखण्ड		PPP मोड पर निर्माण हेतु प्रस्तावित दुकान	दुकान का साईज	दुकानों की संख्या	प्रति दुकान मासिक किराया दर	प्रति दुकान डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable)
1	2		3	4	5		6
1	सदर मेदिनीनगर	चियाँकी मेन रोड किनारे भू–तल में स्थित दुकान पार्ट–01	G-01, G-02, G-03, G-04, G-05, G-06, G-07, G-08, G-09, G-10, G-11, G-12, G-13, G-14, G-15, G-16, G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24	3'6"×6'6"	24	250.00	200000.00
				कुल :–	24		

1.	प्री–बीड मिटिंग की तिथि	:–	16.03.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न। अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय वेश्म
2.	आवेदन पत्र बिक्री की तिथि	:–	16.03.2026 से 20.03.2026
3.	आवेदन पत्र बिक्री का स्थान	:–	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
4.	आवेदन पत्र का शुल्क	:–	5000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र, **(Non Refundable)** (DD जो सचिव जिला परिषद, पलामू के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा)
5.	आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	:–	16.03.2026 से 23.03.2026 (03:00 बजे तक)
6.	आवेदन पत्र जमा करने का स्थान	:–	कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
7.	डाक की तिथि व समय	:–	25.03.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न।
8.	डाक का स्थान	:–	Block-C DRDA, सभाकक्ष, पलामू।
9.	आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य कागजात	:–	वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि **(Non Refundable)** 24 घंटे के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी। तदोपरान्त स्वीकृत नक्शा एवं डिजाईन के अनुरूप दुकान का निर्माण किया जायेगा। दुकानों का लीज अवधि न्यूनतम 10 वर्ष होगी, जो प्रत्येक 5–5 वर्षो पर नवीकरण योग्य होगी।

नोट 3:– Detailed PPP Module For ZP (Annexure-I) एवं दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त (Annexure -II) पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाईल संख्या– 9006083521 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 374639 (District) 25-26 (D)

बक्सीडीपा-बदला पथ पर सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत, गांव में मातम

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अं तर्गत बक्सीडीपा-बदला मुख्य पथ पर ढोढ़ा टोली पुल के समीप मंगलवार को एक अनियंत्रित स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में 17 वर्षीय किशोर रूपेश उरांव की द र्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बदला पंचायत के बोधा टोली गांव निवासी सोहन उरांव के पुत्र के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रूपेश अपनी स्कूटी (संख्या जेएच 01 एचएल 0539) से घूमने के लिए बक्सीडीपा आया था। शाम को वापस अपने घर बोधा टोली लौटने के क्रम में ढोढ़ा टोली पुल के पास सड़क के तीखे घुमाव पर उसकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित होकर स्कूटी सड़क किनारे खेत में जा गिरी, जिससे रूपेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

इलाज के दौरान चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में घायल किशोर को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने क ब्जे में लिया। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी करने और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। होनहार बेटे की असामयिक मौत की खबर मिलते ही बोधा टोली गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि तीखे मोड़ और तेज रफ्तार के कारण अक्सर इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

गुमला में भव्य रूप से मनाया जाएगा रामनवमी महोत्सव

गुमला। पवनपुत्र भगवान हनुमान जी की जन्मस्थली माने जाने वाले गुमला जिले में इस वर्ष रामनवमी महोत्सव हर्षोल्लास, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में भव्य रूप से मनाया जाएगा। पर्व को सफल बनाने को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल समिति की बैठक 9 मार्च की रात बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ॐकार मंत्र के उद्घोष के साथ हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों, संयोजकों, संरक्षक मंडल के सदस्यों और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया तथा रामनवमी महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी महोत्सव के अवसर पर तीन प्रमुख शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। इसके तहत मंगलवारी शोभायात्रा 24 मार्च 2026 (मंगलवार) को शाम 7:30 बजे पटेल चौक से, अष्टमी शोभायात्रा 26 मार्च 2026 को शाम 7:30 बजे बड़ा दुर्गा मंदिर से, तथा मुख्य रामनवमी शोभायात्रा 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) को दोपहर 3 बजे टावर चौक से निकाली जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने दिये निर्देश

प्रथम एएनसी से प्रसव तक करें फॉलोअप : डॉ ताराचंद

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचदं की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने-अपने पोषक क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप प्रसव पूर्व जांच से प्रसव तक किये जाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड की दवाओं का सेवन बेहद जरूरी है, इसका पालन कराएं। इससे हीमोग्लोबीन का स्तर बढ़ेगा। नियमित रूप से उसकी जांच, दवाओं का सेवन, संस्थागत प्रसव, नवजात का टीकाकरण आदि का कार्य किया जाए।

किसी भी चरण में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। जिन बच्चों का

टीकाकरण का समय हो उनके अभिभावक को ससमय सूचित किया जाए। गर्भवती महिलाओं की नियमित मॉनिटरिंग का निर्देश दिया गया।

एमटीसी केंद्रों में भी अतिकुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाए ताकि उनकी बेहतर देखभाल हो सके। उन्हें अतिकुपोषित की श्रेणी से बाहर लाया जा सके।

किसी मरीज की मृत्यु पर दिखाएं संवेदनशीलता

उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी मरीज की मृत्यु किसी कारणवश हो जाती है तो उसे उसके घर तक पहुंचाने में अपनी संवेदनशीलता अवश्य दिखाएं। परिजन की हरसंभव मदद करें।

अभियान चला कर खिलाएं फाइलेरिया की गोली उपायुक्त ने कहा कि जिन पंचायतों में एमडीए कार्यक्रम में उपलब्धि कम है वहां अभियान चला कर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा व कृमिनाशक दवा खिलाएं और छूटे हुए लोगों को भी प्रेरित करें। एक सप्ताह में इसे अभियान चला कर पूर्ण करें।

उपायुक्त ने बैठक पीएम अभीम और 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही, जिला में कुष्ठ रोगियों की पहचान व उनका इलाज, टीबी रोगियों की पहचान व उनका इलाज के संबंध में चर्चा की गई व निदेश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

घर का ताला तोड़कर जेवर, बर्तन व नगदी की चोरी

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के डुमरडीह अरमई गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर जेवर, बर्तन और नकद राशि की चोरी कर ली। इस संबंध में डुमरडीह अरमई निवासी धनेश्वर उरांव ने गुमला थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि आठ मार्च को वह अपने पूरे परिवार के साथ भरनो स्थित अपने ससुराल गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि जब वह परिवार के साथ घर लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर घर में रखा कांसा और पीतल के बर्तन, सोना-चांदी के जेवरात तथा करीब 20 हजार रुपये नकद गायब थे। जिसके बाद उन्होंने सदर थाना में आवेदन देकर मामले की जांच कर चोरों को पकड़ने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

नवनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कल

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले के शहरी क्षेत्र स्थित प्रेम नगर कृषि मार्केट के पीछे मंदिर समिति की सार्थक पहल से नवनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर में एक दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी 12 मार्च को आयोजित किया जाएगा. इसे लेकर मंदिर समिति के सदस्यों ने भव्य तैयारियां शुरू कर दिया हैं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं में भी भारी उत्साह है. आयोजन समिति ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली है. अनुष्ठान का शुरुवात 11 मार्च से भगवान के मूरत को मंदिर भ्रमण कर किया जायेगा साथ ही प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 12 मार्च को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा. समिति के रामविलास साहू ने बताया कि 12 मार्च (गुरुवार) को भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ होगा. पुरोहितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये जायेंगे. मंदिर निर्माता रामविलास साहू और उनकी धर्मपत्नी बिरसमुनी देवी द्वारा नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा। पूजा अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं के लिए

मंदिर समिति की ओर से भंडारा का भी आयोजन किया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जो अतिथियों के स्वागत और व्यवस्था की कमान संभालेगी. श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) की भी व्यवस्था की गयी है. समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी सनातन प्रेमियों से इस धार्मिक अनुष्ठान, कलश यात्रा और भंडारा में शामिल होने की अपील की है. मौके पर शिवदयाल साहू, विदेशी साहू, मुनका साहू, मुन्ना साहू, मुकेश जायसवाल, ढेलू साहू, हीरा साहू, बिंदेश्वर महतो, उदय सिंह, सोनू भगत, आशीष नाग, मुनका साहू, जसपाल सिंह, दीपक महतो, महेश शर्मा, बिपिन अग्रवाल सतीश यादव इत्यादि मौजूद रहे।

उर्मी बाईपास के समीप दो बाइक की टक्कर में 3 घायल

गुमला। गुमला सदर थाना क्षेत्र के उर्मी बाईपास के समीप मंगलवार दोपहर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में खोरा पतराटोली निवासी 19 वर्षीय एतवा उरांव, 21 वर्षीय छोटू उरांव तथा अंबेराडीह निवासी 50 वर्षीय किशोरी पंडित शामिल हैं।

स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एतवा उरांव और छोटू उरांव मंगलवार सुबह वृंदा नवाटोली मेहमानी करने गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान उर्मी चौक के समीप बायपास रोड में करीब दोपहर 2:30 बजे दूसरी बाइक को साइड देने के क्रम में दोनों बाइक आपस में टकरा गईं। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे तीनों लोग घायल हो गए।

कांग्रेस का एक दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा। भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में एक दिवसीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के स्वरूप में बदलाव और भीभी-जी-राम जी के संभावित दुष्परिणामों पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखैर भगत और वरिष्ठ नेता मोहन दुबे उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा योजना में सुधार के नाम पर इसे कमजोर करने की साजिश रच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र अपने हिस्से के बजट में 40 प्रतिशत की कटौती कर रहा है, जिससे 125 दिन रोजगार देने का दावा पूरी तरह भ्रामक साबित हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शत-प्रतिशत मजदूरी केंद्र द्वारा दिए जाने के बजाय अब केवल 60 प्रतिशत का बोझ उठाना राज्यों के लिए कठिन होगा। जिससे मजदूरों का भुगतान प्रभावित होगा। उन्होंने मनरेगा के नाम परिवर्तन और उसमें बदलाव को पंचायती राज और ग्रामीणों के

अधिकारों पर सीधा हमला बताया। जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे भंडरा प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे ने कहा कि नए कानून से बेरोजगारी में वृद्धि होगी। साल भर मिलने वाले काम के बजाय केवल पीक सीजन में 60 दिन काम का प्रावधान बेरोजगारी बढ़ाएगा।अब क्या काम होगा और कहां होगा, इसका निर्णय दिल्ली से होगा, जिससे स्थानीय ग्राम सभाएं शक्तिहीन हो जाएंगी।

इस तरह से ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगा। गांव की परिसंपत्तियों का निर्माण अब स्थानीय लोगों के बजाय ठेकेदारों के माध्यम से होगा, जिससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा।

न्यूनतम मजदूरी में कमी और काम की अनिश्चितता के कारण दलित, आदिवासी और महिला मजदूरों का शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा। इस दौरान कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत ने बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला।

डीसी ने किया निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण

एक माह में कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने मंगलवार को नदिया स्थित निर्माणाधीन 100 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का औचक निरीक्षण कि या । इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उ पा युक्त ने संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी एक माह के भीतर सभी शेष निर्माण कार्यों को पूर्ण कर भवन

ह स्तांतरित करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस ब्लॉक के शुरू होने से गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही अत्याधुनिक उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के साथ मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप सहित स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एजेंसी के अन्य पदाधिकारी व अभियंता उपस्थित थे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

● सामाजिक कार्यकर्ता ने पहुंचाया अस्पताल

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा (लोहरदगा)। भंडरा-मसमानो मुख्य पथ पर भंडरा थाना क्षेत्र के बोटका पुल के समीप मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बेदाल टंगरा टोली निवासी भौंरा उरांव के 22 वर्षीय पुत्र शिव दयाल उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, शिव दयाल उरांव अपनी स्कूटी से किसी काम के सिलसिले में भंडरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान बोटका पुल के समीप पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया, जबकि दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके

से फरार होने में सफल रहा।घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता बबलू उरांव ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने घायल शिव दयाल का प्राथमिक उपचार किया। चोट गंभीर होने के बावजूद युवक की स्थिति खतरे से बाहर बताई गई, जिसके बाद प्राथमिक चिकित्सा देकर उसे घर भेज दिया गया।

संसद में सरकार की कार्यशैली पर बरसे सांसद सुखदेव भगत, कहा

महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से भाग रही सरकार

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में केंद्र सरकार की कार्यशैली को लेकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने सरकार पर तीखा और आक्रामक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से भाग रही है और संसद को केवल औपचारिकता बनाकर रख दिया गया है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि मौजूदा सरकार एस्केपिस्ट सोच के आधार पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार देखने को मिल रहा है कि किसी सवाल का जवाब पहले से तय करके दे दिया जाता है और संसद में गंभीर मुद्दों पर खुली बहस से बचने की कोशिश की जाती है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संसद चर्चा का सबसे बड़ा मंच होता है, लेकिन सरकार लगातार अपनी जिम्मेदारियों से भागती नजर आ रही है। सांसद ने कहा कि जब विपक्ष ने गंभीर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर

विस्तृत चर्चा की मांग की, तब विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर सदन में आए, दो बयान दिए और तुरंत बाहर चले गए। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि उस समय ऐसा लगा जैसे सांसदों को केवल सुनने के लिए बुलाया गया हो, मानो वे कोई "पेड ऑडियंस" हों, जबकि वे देश की जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या देश इसी तरह चलाया जाएगा, जहां सरकार जवाबदेही से बचती रहे और संसद में सवाल पूछने वालों को नजरअंदाज कर दिया जाए।कांग्रेस सांसद ने कहा कि बार-बार ऐसे हालात पैदा हो रहे हैं, जहां महत्वपूर्ण मुद्दों को दबाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि जब देश के सामने बड़े संकट और अंतरराष्ट्रीय हालात पर चर्चा की जरूरत होती है, तब सरकार चर्चा से बचती नजर आती है।उन्होंने यह भी कहा कि क्या विपक्ष की आवाज का कोई महत्व नहीं रह गया है। सांसद ने सवाल उठाया कि क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बातों को भी अनदेखा कर दिया जाएगा।सुखदेव भगत ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार को विपक्ष के सवालों का जवाब देना ही पड़ता है। अगर सरकार संसद में बहस से भागेगी और केवल बयान देकर निकल जाएगी, तो यह लोकतांत्रिक परंपराओं और संसदीय मर्यादा दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि संसद में उठ रहे सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर और विस्तार से चर्चा कराई जाए, ताकि देश की जनता को सच्चाई पता चल सके और लोकतंत्र की गरिमा बनी रहे।

40 महिलाएं विकसित भारत वीमेन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित

लोहरदगा। नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित एक भव्य समारोह में झारखंड की नूतन कच्छप समेत देश भर की 40 महिलाओं को 'विकसित भारत वीमेन अचीवर्स अवार्ड' से नवाजा गया।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के लिए भारतीय वाणिज्य मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उद्यमिता और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय समिति (SC/ST कल्याण) के अध्यक्ष फगन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सदस्य फौजिया खान ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। लोहरदगा की नूतन कच्छप और संस्था की राष्ट्रीय महासचिव हेमा एक्का को उनके विशेष कार्यों के लिए यह गौरव प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना अधूरा है। कार्यक्रम में 12 राज्यों की महिला उद्यमियों ने हिस्सा लिया, जहाँ एमएसएमई मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी मर्सी एपीओ और अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे।

कल्याण अस्पताल में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

145 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित हेसल बसारडीह स्थित कल्याण अस्पताल में मंगलवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को निःशुल्क परामर्श व चिकित्सा उपलब्ध कराई। इस दौरान कुल 145 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गईं। शिविर का शुभारंभ करते हुए चिकित्सकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से उन लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिल पाती है, जो आर्थिक कारणों से बड़े शहरों तक नहीं जा पाते।

हड्डी और नस से संबंधित

82 मरीजों की जांच

शिविर में विशेष रूप से हड्डी एवं नस रोग के 82 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा सामान्य रोग के 31, नाक-कान-गला (ENT) के 15, दंत रोग के 13 और 4 शिशु रोगियों का उपचार किया गया। जांच के क्रम में 11 मरीजों का एक्स-रे, एक मरीज का ईसीजी और 28 मरीजों के कुल 60 प्रकार के लैब टेस्ट निःशुल्क किए गए।

41 आयुष्मान कार्ड बने

स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ शिविर में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया गया। मौके पर 41 ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, ताकि वे भविष्य में सरकार की निःशुल्क इलाज योजना का लाभ उठा सकें।

शिविर में रांची के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार, ईएनटी वि शेषज्ञ डॉ. एस कुमार, दंत रोग वि शेषज्ञ डॉ. अनुभव कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ. डी खेस व डॉ. प्रेम प्रकाश सिन्हा और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत कुमार अग्रवाल ने अपनी सेवाएं दीं।

मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसेस को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

पीड़ित परिवार को बताएं सड़क दुर्घटना में मुआवजे का है प्रावधान : पीडीजे

● हमारी प्राथमिक होनी चाहिए कि दुर्घटना कम हो : समीर तिर्की

नवीन मेल संवाददाता

लोहर द गा । झालसा, रांची के मा र्ग द र्शन में 10 मार्च 2026 को व्य वहार न्यायालय परिसर लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में मोटर एक्सीडेंट क्लेम केसेस को लेकर का र्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्र धा न जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार,

डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, रिसोर्स पर्सन ओरियंटल इंश्योरेंस के प्रबंधक शिव प्रकाश, रिसोर्स पर्सन जेपीएन सिन्हा, मध्यस्थ सह पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

वहीं पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं अन्य प्रतिभागियों को बतलाया कि सड़क दुर्घटना में सुनिश्चित मुआवजे का प्रावधान किया गया है. समय पर एफएआर(प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट) जमा करने से मुआवजा शीघ्र दिलाया जा सकता है उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवार को बताएं कि मामले पर मुआवजा का प्रावधान है। दुर्घटना के बाद होने वाली सभी कार्रवाई का अच्छे से अनुपालन करें। डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की ने कहा कि वो सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि समय पर एफएआर समय से जमा किया जाए. हमारी प्राथमिक होनी चाहिए कि दुर्घटना कम हो। यदि दुर्घटना होती है तो सरकार और न्यायालय के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करते हुए पीड़ित को यथा शीघ्र मुआवजा दिलाने का कार्य करना है।

प्रबंधक ओरियंटल इंश्योरेंस ने बताया कि वाहनों का बीमा होना आवश्यक है। न्यूनतम थर्ड पार्टी का बीमा होना ही चाहिए. 3000 रुपये में चार पहिया एवं 1300 रुपये में दो पहिया वाहन के बीमा मिल जाते है. इतना होने पर वाहन दुर्घटना के बाद दूसरे के प्रति आपकी जवाबदेही बीमा कंपनी उठा लेती है. रिसोर्स पर्सन जेपीएन सिन्हा ने बताया कि पीड़िता को मुआवजा की राशि आयु, आय, आश्रित, विवाहित अविवाहित आदि को देखते हुए निर्धारित की जाती है। डालसा सचिव ने बताया कि एफएआर 48 घंटे के अंदर एमएसीटी कोर्ट में जमा करना चाहिए. उन्होंने बताया कि यदि गाड़ीवाला दुर्घटना के बाद भाग जाता है तो मृतक के आश्रित को 02 लाख एवं घायल को 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। जिसका आवेदन एसडीओ कार्यालय में जमा करें। ऐसे मामलों में अन्वेषण अधिकारी एसडीओ ही होते हैं। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन मामले को लेकर अनुमंडल कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 01 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक कुल 17 मामले आए हैं। जिसमें से आठ आश्रितों के बीच 16 लाख रुपए का वितरण किया गया है। 09 मामले संचिका जीआईसी के स्तर पर लंबित है. मौके पर एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

नवीन मेल संवाददाता

कैरो (लोहरदगा)। स्थानीय प्रशासन ने अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान नंदनी नदी और कैरो-नगजुवा मुख्य सड़क से अवैध बालू ले जा रहे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया।जानकारी के अनुसार, अंचलाधिकारी को क्षेत्र में अवैध बालू की ढुलाई किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही सीओ कुमारी शिला उरांव और थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी ने पुलिस बल के साथ त्वरित कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो ट्रैक्टरों को धर दबोचा। जब्त ट्रैक्टर कैरो और गराडीह क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। मामले की पुष्टि करते हुए अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव ने कहा कि क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारियों पर प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा अवैध खनन को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्र शा स न द्वारा लगातार छापेमारी अ भियान चलाया जा रहा है औ र सं लिप्त लोगों के विरुद्ध क ड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभा री कुं दन कुमार रवानी अपने दल- ब ल के साथ मुस्तैद रहे। फिल हा ल पु लिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और अग्रतर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

जंगली हाथी ने घर की दीवार गिराई, सो रही 4 माह की बच्ची की दबकर मौत, मां घायल

नवीन मेल संवाददाता

भरनो (गुमला)। भरनो प्रखंड में जंगली हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। करंज थाना क्षेत्र के सरगांव पतराटोली गांव में सोमवार रात एक जंगली हाथी ने चंदन उरांव के घर को तोड़ दिया,जिससे मलबे में दबकर एक 4 माह की दुधमुंही बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि उसकी मां सुषमा उरांव घायल हो गई।घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।बताया जा रहा है कि सरगांव पतराटोली गांव निवासी चंदन उरांव के घर में उसकी पत्नी सुषमा उरांव अपने दो बच्चों के साथ सो रही थी।इसी दौरान देर रात एक जंगली हाथी गांव में घुस आया और घर की दीवार तोड़ने लगा।आवाज सुनकर महिला की नींद खुल गई और वह अपने पांच साल के बेटे को उठाकर किसी तरह बाहर भाग निकली।इस दौरान महिला घायल भी हो गई।लेकिन अफरा-तफरी के बीच उसकी दुधमुंही बेटी घर के अंदर ही रह गई।हाथी द्वारा दीवार गिराने से बच्ची मलबे में दब गई,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद परिवार और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम रात में ही घटनास्थल पहुंची और पीड़ित परिवार को तत्काल 10 हजार रुपये की सहायता दी गई।वहीं ग्रामीणों में हाथी के डर से दहशत का माहौल है और लोग रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं।फिलहाल वन विभाग की टीम इलाके में कैंप कर रही है और हाथी को क्षेत्र से भगाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।इधर मौके पर पहुंची डूडीया पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है।हमने तुरंत वन विभाग और प्रशासन को इसकी सूचना दी थी।वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और परिवार को तत्काल सहायता दी गई है।साथ ही सरकार से मांग है कि पीड़ित परिवार को जल्द उचित मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में हाथियों के आतंक से लोगों को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। वहीं करंज थाना की पुलिस भी घटना स्थल पहुंची और बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

वाहन जांच अभियान में 81 हजार जुर्माना वसूला

नवीन संवाददाता

गुमला। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में गुमला–रांची मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

जांच अभियान के दौरान विभिन्न वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की गहन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 81 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

दस्तावेजों की सघन जांच

परिवहन विभाग की टीम ने बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट और प्रदूषण प्रमाणपत्र के चल रहे वाहनों पर विशेष निगरानी रखी। आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने पर कई वाहनों के चालान काटे गए और चालकों को सख्त चेतावनी भी दी गई।

ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार पर कड़ी नजर

अभियान के दौरान विशेष रूप से ट्रक, हाइवा और पिकअप जैसे मालवाहक वाहनों की जांच की गई। क्षमता से अधिक माल ढोने वाले वाहनों को पकड़ा गया और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग अक्सर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं।

प्रेशर हॉर्न पर भी कार्रवाई

टीम ने ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न और मल्टी-टोन हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों पर भी शिकंजा कसा। ऐसे वाहनों के खिलाफ चालान काटते हुए चालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई।

आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला प्रारंभिक बाल देखभाल व शिक्षा का प्रशिक्षण

प्रत्येक बच्चे को सेविकाएं अपना समझकर करें देखभाल : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों को और सशक्त बनाने तथा बच्चों को सुरक्षित बचपन और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत लगभग 500 आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण कुल 12 बैचों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक बैच को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को नगर भवन, गुमला में सदर प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित शामिल हुईं। कार्यक्रम में सदर प्रखंड की 90 से अधिक आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा किया गया, जिसका संचालन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने किया।

जिला स्तरीय चयन समिति की स्वीकृति के आधार पर विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के माध्यम से यह प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में संस्था के मुख्य प्रशिक्षक ऋति मुखर्जी तथा सहायक प्रशिक्षक बर्णा चक्रवर्ती, पिंटू दास, सुमन गोस्वामी और प्रशांत महतो ने सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं को "नन्हें कदम" पुस्तक सहित आवश्यक शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) भी उपलब्ध कराई गई, ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जा सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि छोटे बच्चे मिट्टी की तरह होते हैं और बचपन में उन्हें जो संस्कार और शिक्षा मिलती है, वही उनके व्यक्तित्व की नींव बनती है।

डीसी ने चंदाली स्थित ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

गुमला। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने मंगलवार को चंदाली स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा अन्य आवश्यक उपकरणों के रख-रखाव की गहन जांच की। उपायुक्त ने पूरे परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था, बैलट यूनिट कक्ष, अग्निशमन व्यवस्था, कमरों की सीलिंग, डबल लॉक प्रणाली सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य मानकों का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

छात्राओं ने तारामंडल और विधानसभा सहित कई इलाकों का किया भ्रमण

गुमला। जिले की छात्राओं के सर्वांगीण विकास और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गुमला जिले के 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और 2 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों की छात्राओं को शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी स्थलों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 12 विद्यालयों से प्रत्येक विद्यालय की 50-50 छात्राओं ने इस भ्रमण में भाग लिया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी, झारखंड राज्य क्रिकेट संघ अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम परिसर, रांची विज्ञान केंद्र, इंदिरा गांधी तारामंडल तथा झारखंड विधान सभा का दौरा किया। बालिका शिक्षा प्रभाग के प्रभारी शुभकामना प्रसाद ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं का ज्ञानवर्धन होता है और उन्हें नई चीजों को देखने-समझने का अवसर मिलता है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास, जिज्ञासा और सीखने की रुचि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लापरवाही के कारण दो वर्षों से अधूरे हैं दो पुल, ग्रामीणों में रोष

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में विकास की गति पर "विभागीय उदासीनता" और "संवेदकों की लापरवाही" का ग्रहण लग गया है। चैनपुर की जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित को पत्र लिखकर क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। ये पुल पिछले दो वर्षों से अधूरे पड़े हैं, जिससे हजारों ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। राजस्व ग्राम केड़ेंग में बाला नदी पर बन रहा पुल पिछले दो वर्षों से अधर में लटका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में सांसद मद से संवेदक अक्षय कुमार द्वारा इसका निर्माण शुरू किया गया था।पुराने पुल को तोड़कर नए पुल का केवल ढांचा खड़ा किया गया है, लेकिन काम को बीच में ही छोड़ दिया गया।सुगासरवा और भेलवातला के बीच सीधा संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों को गुमला-डुमरी मुख्य सड़क तक पहुँचने के लिए लंबा चक्कर काटना पड़ रहा है।

दूसरा मामला राजस्व ग्राम दतरा का है, जहाँ गुलाबगंज नदी पर बन रहा पुल अधूरा है।इस पुल का शिलान्यास 2022 में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत और विधायक भूषण तिर्की द्वारा 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' के तहत किया गया था।यहाँ भी संवेदक अक्षय कुमार द्वारा कार्य शुरू किया गया, लेकिन इसे अधूरा छोड़ दिया गया।ग्रामीणों को टोंगो मुख्य पथ तक पहुँचने के लिए 3-4 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।जिला परिषद सदस्य ने उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में समस्या स्कूली बच्चों को स्कूल जाने और गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई हो रही है।

छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के सिमर ड़ीह आंजन निवासी 15 वर्षीय छात्रा संतोषी कुमारी ने सोमवार की अपराह्न घर में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की दोपहर 12 बजे सदर अस्पताल में गुमला थाना के एस आई अरविंद कुमार ने शव का पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक छात्रा की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं थी सोमवार को वह घर में अकेले थी इसी बीच उसने दुपट्टा का सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों द्वारा परिजनों व पुलिस को घटना की सूचना दी गई जिसके बाद टोटो थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया। वही आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

गुमला में जनगणना कार्य को लेकर अधिकारियों की बैठक, दिशा-निर्देश जारी

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। आज दिनांक 10 मार्च 2026 को समाहरणालय सभागार, गुमला में जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता सह जिला जनगणना पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंडों के सहायक चार्ज पदाधिकारियों के साथ प्रखंड स्तर पर चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा जनगणना कार्य के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की गई।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अवर जनगणना पदाधिकारी ने एचएलबी क्रियेशन एवं उससे संबंधित आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी सह उप जिला जनगणना पदाधिकारी ने विद्यालयों के शिक्षकों को प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किए जाने से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के बीपीओ, सहायक चार्ज पदाधिकारी तथा जिला जनगणना कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

गुमला में खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन जांच

गुमला। जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में गुमला शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं आइसक्रीम निर्माण इकाइयों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स नसीम होटल, मेसर्स मो. साहिद एवं मेसर्स जय माता आइसक्रीम सहित अन्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के क्रम में एक आइसक्रीम निर्माण इकाई में आइसक्रीम में सैक्रिन का प्रयोग पाया गया, जिस पर संबंधित आइसक्रीम को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया तथा संचालकों को भविष्य में प्रतिबंधित पदार्थों का प्रयोग नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। इसके अलावा नसीम होटल में साफ-सफाई में सुधार करने तथा खाद्य पदार्थों के निर्माण के दौरान एप्रन, ग्लव्स एवं हेडगियर के उपयोग के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं

- रायडीह के तुलमुंगा गांव में वीर शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत खेल मैदान निर्माण की मांग
- सिलिंगा गांव के ग्रामीणों ने पालामाड़ा नदी पर पुलिया निर्माण की मांग उठाई

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

जन शिकायत निवारण दिवस में रायडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम तुलमुंगा, पंचायत सुरसांग के ग्रामीणों द्वारा वीर शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत खेल मैदान निर्माण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में खेल मैदान नहीं होने के कारण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

रायडीह प्रखंड के ही ग्राम सिलिंगा, पंचायत सुरसांग के ग्रामीणों ने पालामाड़ा नदी पर पुलिया निर्माण कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया नहीं होने से आवागमन तथा बच्चों को स्कूल जाने में काफी कठिनाई होती है।

रायडीह प्रखंड के ग्राम लालमाटी, पंचायत उपरखंटगा के ग्रामीणों ने लालमाटी से सोकराहातु के बीच सड़क निर्माण कराने हेतु आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र दुर्गम होने के कारण बरसात के मौसम में आवागमन अत्यंत कठिन हो जाता है, जिससे मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी परेशानी होती है। गुमला प्रखंड के ग्राम ोटा लोरो बैर टोली निवासी करमा उरांव ने अपने द्वारा लगाए गए पेड़-पौधों को क्षति पहुंचाने के मामले में मुआवजा दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पड़ोसी जमीन पर संचालित ईंट भट्ठा के कार्य के दौरान उनके पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाया गया है।

कामडारा प्रखंड के ग्राम विकमा के ग्रामीणों ने एस.पी.जी. प्राथमिक विद्यालय, बिकमा की भूमि पर अवैध कब्जा एवं घेराबंदी रोकने के संबंध में आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय की भूमि पर कब्जा किए जाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विशुनपुर प्रखंड के ग्राम कोयनारटोली निवासी गोपाल बड़ाईक, भूतपूर्व हवलदार (16 बिहार रेजिमेंट) द्वारा पेंशन से संबंधित आवश्यक प्रमाण पत्र निर्गत कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, ताकि उन्हें पेंशन का लाभ प्राप्त हो सके।

घाघरा प्रखंड अंतर्गत सोसो मौजा स्थित रोमन काथलिक मिशन चर्च, सोसो के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित रेलवे लाइन सर्वे को लेकर आवेदन दिया गया, जिसमें धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों को प्रभावित होने से बचाने के लिए वैकल्पिक मार्ग पर विचार करने का अनुरोध किया गया। बसिया प्रखंड के ग्राम रामडीह गरई टोली निवासी बबलू चीक बड़ाइक द्वारा चीक बड़ाइक जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने में हो रही कठिनाइयों के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि व्यक्तिगत आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक मामले का निष्पक्ष एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान किया जाए।

न्यूज बॉक्स

ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी पर गलत तरीके से जमीन हस्तांतरण करने का लगाया आरोप

सिसई (गुमला)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लरंगो के जमीन मालिक भोदरो साहु, स्व रुना साहु, गणेश साहु, सीता देवी, घुरनी देवी, पवन साहु, अजय साहु, बाबूलाल साहु, बालेश्वर साहु सहित राजु साहु, निर्मल साहु एवं स्व जगन साहु के परिवार ने अंचल अधिकारी सिसई अशोक बड़ाईक पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। और कहा है कि उक्त जमीन जिसपर घर, कुंआ, बारी सब बना हुआ है वर्षों से पुरा परिवार निवास करते आ रहे हैं। उक्त जमीन पर पूर्व अंचलाधिकारी नितेश रोशन खलखो के द्वारा जनता दरबार में प्राप्त आवेदन परिवाद पत्र के संबंध में भवदीय के पत्रांक 538/जे.शि.का. दिनांक 31 अक्टुबर 2024 पर जांच करते हुए आवेदक द्वारा दिये गए राजस्व कागजातों का विवरण निम्न प्रकार है रजिस्ट्री संख्या 36 दिनांक 06 जनवरी 1981 विक्रेता भोदरो साहु वो रुना साहु, पिता पंचु तेली एवं क्रेता अघन साहु पति करमा साव, खाता संख्या 196 रकबा 62 डिसमिल वो शुद्धि पत्र दाखिल खारिज वाद संख्या 259R27/2012-13 वो लगान रसीद संख्या 307161,2012-13 एवं रसीद संख्या 118336 वर्ष 2013-14 से 2017-18 तक की छाया प्रति संलग्न है क्योंकि उक्त भूमि का ऑफलाइन या ऑनलाइन पंजी 2 में जमाबंदी कायम नहीं पाया गया जबकि जांच प्रतिवेदन में अग्रतर कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया था। और द्वितीय पक्ष पर जमीन मोटिवेशन पर पाबंदी लगाते हुए रोक लगाए गए थे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के हालमाटी गांव में सोमवार की रात एक 35 वर्षीय युवक ने घर के छत में लगे बांस में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान हालमाटी निवासी विजय उरांव (35 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक के पिता चंदेश्वर उरांव ने बताया कि सोमवार की रात विजय परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने दरवाजे को धक्का दिया, जिससे दरवाजा खुल गया। अंदर देखा तो विजय रस्सी के सहारे छत से लटका हुआ था। घटना की जानकारी उन्होंने तुरंत अपनी पत्नी और गांव के लोगों को दी। इसके बाद मामले की सूचना घाघरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। मृतक के पिता ने बताया कि विजय की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। इसी कारण उसकी पत्नी करीब तीन वर्ष पहले दोनों बच्चों को लेकर काम करने के लिए हिमाचल प्रदेश चली गई थी और वहीं रह रही है। विजय अपने माता-पिता के साथ गांव में ही रहता था।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत वितरण शिविर आयोजित

चैनपुर। प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन विभाग के परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (वर्ष 2025-26) के अंतर्गत बत्तख चूजा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कुल 20 चयनित लाभुकों के बीच बत्तख के चूजों और आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया।वितरण कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्म रक्षित विद्यार्थी, बीपीआरओ राममोहन साहू,कृषि पदाधिकारी विश्वरम केवट,कल्याण पदाधिकारी पूर्ण शंकर भुगत,सचिव संतोष कुमार,अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि एवं अन्य विभागीय कर्मी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धर्म रक्षित विद्यार्थी ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना और किसानों की आय में वृद्धि करना है। वितरण के साथ-साथ लाभुकों को चूजों के रखरखाव और बीमारी से बचाव के लिए दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं, ताकि पशुपालन में उन्हें किसी समस्या का सामना न करना पड़े।चूजा प्राप्त करने के बाद लाभुकों ने खुशी जाहिर की।

बच्चा चोरी की अफवाहों से रहें सावधान, प्रशासन ने माइकिंग कर लोगों को किया जागरूक

गुमला। जिले में हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बच्चों कीगुमशुदगी, चोरी और अपहरण से जुड़ी कई प्रकार की खबरें तेजी से वायरल हो रही हैं। इन खबरों के कारण आम लोगों के बीच भय और भ्रम का माहौल बन रहा है। हालांकि प्रशासनिक जांच में अधिकांश सूचनाएं भ्रामक और अफवाह साबित हुई हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसी किसी भी सूचना पर बिना सत्यता की जांच किए विश्वास न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की झूठी या भ्रामक सूचना फैलाना दंडनीय अपराध है। इसके अलावा अफवाह के आधार पर किसी व्यक्ति के साथ मारपीट, प्रताड़ना या भीड़ द्वारा हिंसा करना भी कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि यदि कहीं भी किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सूचना मिलती है, तो तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना को दें। आपात स्थिति में 112 नंबर पर कॉल किया जा सकता है। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष गुमला के दूरभाष संख्या 9798148089 पर भी सूचना दी जा सकती है।

कोनबीर में वॉल पुट्टी कर रहा मजदूर मचान से गिरकर घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

गुमला। बसिया प्रखंड क्षेत्र के कालिगा निवासी 23 वर्षीय मजदूर समु कुमार साहू वॉल पुट्टी का काम करने के दौरान मचान से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर में अंदरूनी चोट लगी है तथा बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया है। बताया जाता है कि समु कुमार साहू मंगलवार दोपहर 2:00 बजे काम के दौरान मचान पर चढ़ के दीवार में वॉल पुट्टी कर रहा था। इसी दौरान मचान की मजबूती बधाई नहीं थी जिसे अचानक संतुलन बिगड़ने से वह मचान सहित नीचे गिर गया। घटना के बाद साथ में काम कर रहे मजदूरों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी और उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बसिया ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से मंगलवार शाम करीब 6 बजे उसे सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया।

होली के बाद काशी में सजी 'बुढ़वा मंगल' की महफिल

एजेंसी। वाराणसी

होली की रंग-बिरंगी खुमारी जब पूरे देश में थम जाती है, तब शिवनगरी काशी में एक और उत्सव 'बुढ़वा मंगल' शुरू होता है। होली के ठीक बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को मनाया जाने वाला यह त्योहार बनारस की सदियों पुरानी परंपरा है। यह सिर्फ होली का समापन नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द, संगीत और बुजुर्गों के सम्मान का अनोखा जश्न है, जिसमें गंगा के घाट रंग, गीत और खुशियों से सराबोर हो उठते हैं। 'बुढ़वा मंगल' नाम अपने आप में काशी की संस्कृति का सार है। यह दिन बुजुर्गों को समर्पित है, जहां लोग देवी-देवताओं के साथ ही अपने परिवार और मोहल्ले के वृद्धजनों के चरणों में अबीर-अबीर अर्पित करते हैं। होली के दिन जो मस्ती और हुड़दंग होता है, वही यहां शांति, आशीर्वाद और सम्मान में बदल जाता है। स्थानीय लोग इस दिन नए कपड़े पहनकर घाटों पर पहुंचते हैं, कुल्हड़ में ठंडई और बनारसी मिठाइयों का स्वाद लेते हैं और होली की महफिल में शामिल होते हैं।

इस दिन देश-विदेश से सैलानी भी काशी पहुंचते हैं। वे गंगा तट पर बिखरे रंग, संगीत और बनारसी जोश का लुत्फ उठाते हैं। घरों में पकवान बनते हैं, दोस्तों-रिश्तेदारों से आखिरी होली मिलन होता है और परिवार के बुजुर्गों को सम्मान दिया जाता है।

बुढ़वा मंगल के साथ बनारस में खत्म होती है होली की मस्ती

इस परंपरा के बारे में बताते हुए काशी के निवासी प्रभुनाथ त्रिपाठी ने बताया, "होली के बाद बनारसियों पर खुमारी बनी रहती है। मंगलवार को 'बुढ़वा मंगल' के साथ इस मस्ती का समापन होता है। यह सालों पुरानी रीत है, जिसे बनारस आज भी पूरी शिद्दत से निभाता है। इस दिन के बाद गुलाल-अबीर को अगले साल होली तक के लिए रोक दिया जाता है। बुढ़वा मंगल केवल गीत संगीत ही नहीं, बल्कि खान-पान, गुलाल और पहनावे का भी जश्न है।" बुढ़वा मंगल का मुख्य आकर्षण गंगा के घाट होते हैं। दशाश्वमेध घाट से अस्सी घाट तक सजी हुई बजड़ों (नावों) और घाटों पर लोकगायक और कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं। इन बजड़ों को फूलों से सजाया जाता है, गद्दे,

मसनद और इत्र की खुशबू से महकते ये बजड़े शाम को संगीत की महफिल में बदल जाते हैं। बनारस घराने की होरी, चैती, ठुमरी, बिरहा और कजरी की मधुर धुनें गूंजती हैं। एक समय था जब उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की शहनाई, गिरिजा देवी की चैती, पंडित किशन महाराज का तबला और सितार की झंकार रातभर बजती थी। आज भी स्थानीय और आसपास के जिलों के लोकगायक इन घाटों पर मां गंगा और हनुमान जी के चरणों में अपनी कला अर्पित करते हैं। यह महफिल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि भक्ति और अनोखी परंपरा का संगम है। मंगलवार को बनारस के कई घाटों पर इस परंपरा का निर्वहन होता है। दशाश्वमेध घाट से अस्सी घाट तक बुढ़वा मंगल की खुमारी में लोग डूबते उतराते दिखते हैं।

अमेरिका की चेतावनी पर ईरान का जवाब, 'धमकियों से नहीं डरेंगे'

तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के 11वें दिन तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान पर अब तक के सबसे बड़े और सबसे तीव्र हमले किए जा सकते हैं। इसके जवाब में ईरान के नेताओं ने स्पष्ट किया है कि देश किसी भी धमकी से डरने वाला नहीं है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन ने कहा कि कोई भी ताकत ईरान को मिटा नहीं सकती। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान कम से कम छह हजार साल पुरानी सभ्यता का वारिस है और इतिहास में कई आक्रमणकारियों ने इसे खत्म करने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। उनके मुताबिक जो लोग ईरान को खत्म करने का सपना देखते हैं, वे इतिहास को नहीं समझते। वहीं, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने भी अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरानी जनता किसी भी धमकी से नहीं डरती। उन्होंने कहा कि पहले भी कई शक्तिशाली ताकतों ने ईरान को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहीं। लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि जो लोग ईरान को मिटाने की बात कर रहे हैं, उन्हें अपने अंजाम के बारे में भी सोचना चाहिए। उनके अनुसार इतिहास गवाह है कि ईरान पर हमला करने वाले कई आक्रमणकारी समय के साथ खत्म हो गए, लेकिन ईरान कायम रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों पक्षों के तीखे बयानों से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है तथा आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

ईरान में हमलों से उठा धुआं पहुंच सकता है पश्चिमी पाकिस्तान, एक्यूआई बिगड़ने का खतरा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के मौसम विभाग (पीएमडी) ने कहा है कि ईरान में हुए हवाई हमलों के बाद वहां से उठने वाला धुआं और प्रदूषण पाकिस्तान की हवा को भी खराब कर सकता है। विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म्स पर पाकिस्तान के मेट डिपार्टमेंट ने वीकली वेदर आउटलुक (10 मार्च से 16 मार्च 2026) में इसकी जानकारी दी है। एक्स पर एक नोट के साथ चेतावनी दी है। लिखा है कि ईरान के हालात की वजह से, हवाएं प्रदूषक तत्व ले जा सकती हैं, और पाकिस्तान के पश्चिमी हिस्सों में वायु गुणवत्ता खराब हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, ईरान से आने वाली हवाएं प्रदूषण को पाकिस्तान के पश्चिमी इलाकों तक ला सकती हैं। इससे वहां की हवा की क्वालिटी खराब हो सकती है। पीएमडी ने यह भी बताया कि पश्चिमी पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में 12 मार्च तक बारिश, तेज हवाएं और गरज के साथ तूफान आ सकता है। पाकिस्तान और ईरान के बीच करीब 900 किलोमीटर लंबी सीमा है, इसलिए ईरान में होने वाली घटनाओं का असर पाकिस्तान पर भी पड़ सकता है। पाकिस्तान का पश्चिमी पड़ोसी ईरान, अमेरिका और इजरायल के साथ सैन्य संघर्ष में उलझा हुआ है। 28 फरवरी को इजरायल पर हवाई हमले हुए जिसमें उनके सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। 7 मार्च को तेहरान की रिफाइनरियों और फ्यूल डिपो पर बड़े हवाई हमलों ने राजधानी तेहरान को जहरीले अंधेरे में डुबो दिया था। इसके बाद रविवार को काली, तैलीय बारिश हुई थी।

आईएसआई अफगानिस्तान में चीनी प्रोजेक्ट्स को बना रही निशाना

काबुल। अफगानिस्तान के एक प्रमुख सुरक्षा विशेषज्ञ ने पाकिस्तान

की खुफिया एजेंसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अफगान इंटेलिजेंस एनालिस्ट और आतंक रोधी विशेषज्ञ अजमल सोहेल ने एक जानी-मानी अंतर्राष्ट्रीय मैगजीन को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) अफगानिस्तान में चीन के बुनियादी ढांचे और निवेश परियोजनाओं को निशाना बनाने की गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल है। 'काउंटर नार्को-टेररिज्म अलायंस जर्मनी' के सह-संस्थापक और सह-अध्यक्ष सोहेल ने इस बात पर जोर दिया कि यह कदम इस्लामाबाद की इस चिंता को दिखाता है कि काबुल के साथ बीजिंग का बढ़ता जुड़ाव, जिसमें माइनिंग ऑपरेशन से लेकर विदेशी निवेश और संभावित ट्रांजिट कॉरिडोर शामिल हैं, पाकिस्तान के भू-राजनीतिक दबदबे को सीमित कर सकता है। डिप्लोमैट पत्रिका को दिए साक्षात्कार में सोहेल ने कहा, हाल के समय में अफगानिस्तान में चीनी निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर हमलों की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। उनका आरोप है कि इन घटनाओं के पीछे आईएसआई सक्रिय है। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों का उद्देश्य अफगानिस्तान में चीन की आर्थिक मौजूदगी को कमजोर करना और क्षेत्रीय रणनीतिक संतुलन को प्रभावित करना हो सकता है।

एक लीटर तेल भी होर्मुज स्ट्रेट से नहीं ले जाने देगा ईरान : आईआरजीसी

तेहरान। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनरल ने कहा है कि जब तक युद्ध जारी रहेगा, ईरानी सेना होर्मुज स्ट्रेट से अमेरिका और इजरायल के सहयोगी देशों को एक लीटर तेल भी निर्यात नहीं करने देगी। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कहा, "ईरानी सेना... अगली सूचना तक इस इलाके से दुश्मन देश और उसके सहयोगियों को एक लीटर तेल भी निर्यात नहीं करने देगी। तेल और गैस की कीमतों को कम करने और कंट्रोल करने की उनकी कोशिश सफल नहीं होगी।"जनरल ने कहा कि दुनिया में तेल की कीमतों पर कंट्रोल अब ईरान के हाथ में है और अमेरिका को इंतजार करना पड़ेगा कि ईरान आगे क्या कदम उठाता है। अधिकारी के मुताबिक एनर्जी मार्केट पहले से ही अस्थिर हो चुका है और ईरान तब तक लड़ाई जारी रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से हार का ऐलान नहीं हो जाता। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया का बहुत अहम समुद्री रास्ता है। हर साल दुनिया के करीब 20 फीसदी तेल इसी रास्ते से होकर गुजरता है। जनरल के मुताबिक, "अमेरिका का दावा है कि कमर्शियल और मिलिट्री जहाज इस इलाके में मौजूद हैं और होर्मुज स्ट्रेट से आसानी से गुजर रहे हैं, जबकि अमेरिकी नौसेना के जहाज, विमान और सभी फाइटर जेट ईरान की ताकतवर मिसाइलों और ड्रोन से सुरक्षित रहने के लिए 1,000 किलोमीटर से ज्यादा पीछे हट गए हैं।

पश्चिम बंगाल में होंगे भयमुक्त चुनाव

चुनाव कितने चरणों में होंगे, यह बंगाल की कानून-व्यवस्था की स्थिति तय करगी

एजेंसी। कोलकाता

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कितने चरणों में कराए जाएंगे, इसका अंतिम निर्णय राज्य में जमीनी स्तर पर कानून-व्यवस्था की स्थिति और प्रशासनिक तैयारियों को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग की पूर्ण पीठ ने पिछले दो दिनों के दौरान राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस और अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठकें कर चुनावी तैयारियों का जायजा लिया गया। सभी पक्षों ने आयोग को आश्वासन दिया है कि मतदान शांतिपूर्ण, निर्भीक और हिंसामुक्त वातावरण में कराया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव कितने चरणों में होंगे, यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति कैसी है और मतदान को सुरक्षित तरीके से कराने के लिए क्या व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। आयोग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि समीक्षा यात्रा के दौरान आयोग की पूर्ण पीठ ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे कानून के शासन को सख्ती से लागू करें और किसी भी प्रकार के दबाव, भय या पक्षपात से मुक्त होकर काम करें। अधिकारियों का निष्पक्ष और पारदर्शी आचरण चुनाव की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव से पहले, मतदान के दौरान और मतदान के बाद होने वाली किसी भी प्रकार की चुनावी हिंसा के प्रति आयोग की नीति शून्य सहनशीलता की है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति चुनावी हिंसा में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कारण मतदाताओं को हो रही कथित असुविधा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रक्रिया है, जिसे निर्धारित अंतराल पर सभी राज्यों में लागू किया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष ढंग से और विभिन्न स्तरों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ पूरी की गई है।

पश्चिम बंगाल के वोटरों को राहत!

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अब ट्रिब्यूनल करेगा खारिज आवेदनों की सुनवाई

कोलकाता। सर्वोच्च न्यायालय ने ममता बनर्जी और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के अन्य सांसदों द्वारा पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने भारत निर्वाचन आयोग को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करके एक अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। इस न्यायाधिकरण में एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीश शामिल होंगे और यह उन मामलों में अपील की सुनवाई करेगा जहां न्यायिक अधिकारियों द्वारा आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि न्यायिक अधिकारी किसी आवेदन को अस्वीकार करते हैं, तो उन्हें अस्वीकृति के स्पष्ट कारण बताने होंगे। न्यायाधिकरण के संचालन का खर्च चुनाव आयोग वहन करेगा। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने न्यायालय को सूचित किया कि कुल 63 लाख मामलों में से लगभग 7 लाख मामलों पर अब तक कार्यवाही हो चुकी है, जिससे लगभग 57 लाख मामले अभी भी लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश ने उल्लेख किया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय को सूचित किया था कि लगभग 10 लाख आपत्तियों का निपटारा पहले ही किया जा चुका है।

सोशल मीडिया का बच्चों पर बढ़ता असर, राज्यसभा में उठा मुद्दा

एजेंसी। नई दिल्ली

बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का उल्लेख मंगलवार को राज्यसभा में किया गया। राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार, 2022 में भारत में लगभग 13,000 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की, जो 2013 की तुलना में लगभग दोगुनी संख्या है। यही नहीं आज भारत में कुल आत्महत्याओं में लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी विद्यार्थियों की है। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी को गाजियाबाद में 12, 14 और 16 वर्ष की तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि यह घटना ऑनलाइन खेलों की लत से जुड़ी थी। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स दुनिया भर में अरबों लोगों को जोड़ते हैं। यह लोगों की आवाज को आगे बढ़ाने का काम भी करते हैं। ये प्लेटफार्म जानकारी को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं। लेकिन हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि इसकी एक डार्क साइड भी है। उन्होंने कहा कि आज भारत में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के उपयोगकर्ताओं में लगभग एक-तिहाई किशोर हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में 2010 के बाद किशोरों में अवसाद और आत्महत्या के मामलों में तेज वृद्धि देखी गई।

केंद्र से वैश्विक लड़ाई के बीच एलपीजी सप्लाई बिना रुकावट पक्का करने की अपील की

एजेंसी। चेन्नई

एआईएडीएमके के महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) ने मंगलवार को केंद्र सरकार से देश भर में एलपीजी सिलेंडर की बिना रुकावट सप्लाई पक्का करने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी रुकावट तमिलनाडु में रेस्टोरेंट मालिकों, छोटे खाने के बिजनेस और आम घरों पर बुरा असर डाल सकती है।यहां जारी एक बयान में, ईपीएस ने कहा कि ईरान, इजरायल और कई खाड़ी देशों के बीच चल रही लड़ाई ने भारत में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के ट्रांसपोर्टेशन में मुश्किलें पैदा कर दी हैं। इस संदर्भ में, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा कमर्शियल और इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए एलपीजी सिलेंडर का डिस्ट्रीब्यूशन कुछ समय के लिए रोक दिया गया है और उपभोक्ताओं को दूसरे फ्यूल इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है, जिससे चिंता पैदा हुई है। यह बताते हुए कि तमिलनाडु के कई जिले इस घटना से पहले ही एलपीजी की कमी का सामना कर रहे थे, ईपीएस ने कहा कि इस स्थिति से रेस्टोरेंट और छोटे खाने-पीने की जगहों के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं, जो अपने रोजाना के काम के लिए सिलेंडर पर निर्भर हैं।

रक्षा मंत्री ने 'रक्षा बलों के लिए विजन 2047

भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना का रोडमैप जारी किया

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 10 मार्च को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में 'रक्षा बलों के लिए विजन 2047: भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना का रोडमैप' जारी किया। इस विस्तृत रूपरेखा को एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय की ओर से तैयार किया गया है जिसका उद्देश्य रक्षा बलों को आधुनिक, एकीकृत और तकनीकी रूप से उन्नत सेना में परिवर्तित करना है जो 2047 तक विकसित भारत बनने की राष्ट्र की आकांक्षा को पूर्ण करने में सहयोग देने में सक्षम हो। इस दृष्टिकोण पत्र में भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा संबंधी बदलते परिवेश से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रक्षा बलों के अंदर आवश्यक रणनीतिक सुधारों, उनकी क्षमता में वृद्धि और संगठनात्मक परिवर्तनों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इसमें सेना को एकीकृत, बहुत से संबंधित मामलों में दक्ष और कुशल बल में परिवर्तित करने की परिकल्पना की गई है जो तेजी से बदलती वैश्विक और क्षेत्रीय परिस्थितियों के बीच शत्रुओं को रोकने, संघर्ष के सभी पहलुओं से संबंधित कार्रवाई और बढ़ रहे रणनीतिक हितों की रक्षा करने में सक्षम हो। सेना के सभी अंगों के बीच समन्वय और सहभागिता पर बल देना इस दृष्टिकोण पत्र का प्रमुख स्तंभ है जिससे



योजना, संचालन और क्षमता विकास में और अधिक तालमेल को बढ़ावा मिले। इसमें भविष्य में युद्ध की चुनौतियों के अनुकूल रक्षा बलों के निर्माण के लिए नवाचार, उन्नत प्रौद्योगिकियों और प्रशिक्षण के आधुनिक ढांचे के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया है इसमें प्रमुख रूप से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है जिसके अंतर्गत देश की सुरक्षा संबंधी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी प्रौद्योगिकियों और समाधानों के विकास और उन्हें अपनाने को प्रोत्साहन दिया जाता है। वहीं, इसके अंतर्गत घरेलू रक्षा विनिर्माण और तकनीकी क्षमताओं को सशक्त करने से परिचालन संबंधी तैयारी में वृद्धि के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास में भी योगदान मिलने की उम्मीद है।

इस दृष्टिकोण पत्र में अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक समय-सीमाओं में स्पष्ट रूप से निर्धारित प्राथमिकता वाले क्षमता संबंधी लक्ष्यों के साथ सुनियोजित रूपरेखा को स्वीकार किया गया है। यह सुव्यवस्थित दृष्टिकोण विश्व स्तरीय रक्षा बल के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सैन्य क्षमताओं, संस्थागत सुधारों और रणनीतिक साझेदारियों के विकास में मार्गदर्शक होगा। इस दूरदर्शी दस्तावेज में भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों की जटिलता को समझते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैन्य शक्ति को कूटनीतिक, तकनीकी और आर्थिक शक्ति के साथ जोड़ते हुए समग्र राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निरंतर सुधारों, नवाचार और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के माध्यम से भारतीय सेना देश की स्वतंत्रता की शताब्दी पूरे होने तक विश्व स्तर पर सम्मानित, तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार ऐसे सशस्त्र बल के रूप में स्थापित हो जो सशक्त और सामर्थ्यवान विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे।

एक नजर

साइबर सेल वाराणसी ने झारखंड के दो जालसाजों को पश्चिम बंगाल से किया गिरफ्तार

लखनऊ। वाराणसी में रामनगर निवासी अनूप गुप्ता की शिकायत पर साइबर सेल वाराणसी के निरीक्षक उदयवीर सिंह और उनकी टीम ने पश्चिम बंगाल के दो बड़े जालसाजों नागेश्वर मंडल और अक्षय मंडल को गिरफ्तार किया है। दोनों जालसाज मूलरूप से झारखंड के जामताड़ा के रहने वाले हैं और पीड़ित से आठ लाख 38 हजार करीब की ठगी किए हैं। निरीक्षक उदयवीर ने बताया कि वर्तमान समय में झारखंड के जामताड़ा स्थान से साइबर फ्रॉड के तार से जुड़ते जा रहे हैं। नया मामला में भी गिरफ्तार हुए दोनों जालसाजों का मूल पता जामताड़ा ही है, उन्हें सर्विलांस सेल की मदद से पश्चिम बंगाल के अंडाल रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। दोनों जालसाज के पास से 6 मोबाइल, 9 एंड्रॉयड मोबाइल और एक लाख 52 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

विपक्ष हमेशा कोई न कोई अवरोध खड़ा करता है : सतीश चंद्र दुबे

नई दिल्ली। केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि विपक्ष हमेशा कोई न कोई अवरोध खड़ा करता है। दुर्भाग्य है इस देश का कि विपक्ष सवाल तो करता है, लेकिन जवाब नहीं सुन पाता। कांग्रेस के लोग अगर सवाल करते हैं तो जवाब सुनना चाहिए। लेकिन वे जवाब से भागते क्यों हैं। ये दर्शाता है कि कहीं न कहीं आपकी ये कमजोरी है। आप सदन को चलने नहीं देना चाहते और अच्छा काम करने नहीं देना चाहते हैं। कीर्ति आजाद के बयान पर उन्होंने कहा कि हम जिस धर्म को मानते हैं, हमारी जिस पर आस्था है मैं वहीं जाकर अपना सिर झुकाउंगा। ये तो विवेकाधीन मामला है, उस पर आप सवाल नहीं कर सकते हैं। वैश्विक अस्थिरता के समय में दुनिया में बढ़ती प्राकृतिक गैस की कीमतों के बीच केंद्र सरकार ने सोमवार को बड़ा फैसला लेते हुए एलपीजी सिलेंडर बुकिंग की अवधि को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया। इसकी वजह जमाखोरी को रोकना है। अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच बाजार में घबराहट में खरीदारी के संकेत मिलने के बाद केंद्र ने यह कदम उठाया है। वहीं, सपा सांसद रामगोपाल यादव ने एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत पर कहा कि आशंका तो इस बात की भी थी पेट्रोल व डीजल का भी संकट होगा और एसडीएम से पेट्रोल-डीजल के लिए भी पर्ची लेनी पड़ेगी।

हर जगह अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना ठीक नहीं : अबू आजमी

मुंबई। महाराष्ट्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद के टी-20 विश्व कप को लेकर दिए बयान पर कहा कि हर जगह मुसलमानों को निशाना बनाना ठीक नहीं है। इस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और पारसी सभी रहते हैं। सभी को बराबर का सम्मान मिलना चाहिए। कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पोस्ट पर पोस्ट कर विश्व कप की ट्रॉफी को मंदिर में ले जाने पर आलोचना की थी। उन्होंने लिखा था कि टीम इंडिया पर शर्म नहीं आती है। उन्होंने कहा कि जब हमने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में विश्व कप जीता था, तब हमारी टीम में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्म के खिलाड़ी थे। हम ट्रॉफी को अपनी धार्मिक जन्मभूमि, अपनी मातृभूमि भारत (हिंदुस्तान) लाए थे। आखिर भारतीय क्रिकेट ट्रॉफी को क्यों घसीटा जा रहा है? मस्जिद क्यों नहीं? चर्च क्यों नहीं? गुरुद्वारा क्यों नहीं। सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मुसलमानों को आर्थिक यतीम क्यों बनाया गया। महाराष्ट्र का कुल बजट करीब 7 लाख 69 हज़ार करोड़ है, लेकिन महाराष्ट्र के 10-12 फीसदी मुस्लिम समाज के लिए महायुती सरकार ने आधा फीसदी भी बजट आवंटित नहीं किया है। यानी महाराष्ट्र के मुसलमानों को आर्थिक यतीम बना दिया गया है।

ज्ञानवापी मस्जिद विवाद : वुजुखाना से जुड़ी याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई 15 अप्रैल को होगी

प्रयागराज। वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी स्थित वुजुखाने के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई से वैज्ञानिक सर्वेक्षण करवाने संबंधी राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। जस्टिस रोहित व्यंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 15 अप्रैल नियत कर दी। वाराणसी कोर्ट ने एएसआई को ज्ञानवापी मस्जिद के वजुखाना क्षेत्र का सर्वे करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद श्रृंगार गौरी केस की पक्षकार राखी सिंह द्वारा सिविल रिवीजन याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की है। हिंदू पक्ष का दावा है कि वजूस्थल में मौजूद संरचना शिवलिंग है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसे फव्वारा बताता है। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी के मुख्य गुंबद के नीचे शिवलिंग होने का दावा किया है। इसके साथ ही हिंदू पक्ष ने यहां खुदाई कराकर एएसआई सर्वे कराने की मांग की है। मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि खुदाई से मस्जिद स्थल को नुकसान पहुंचने की बात कोर्ट में कह चुका है।

आपत्तिजनक पोस्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नेहा सिंह राठौर को दी अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौर को अग्रिम जमानत दे दी है है, हालांकि अदालत ने यह भी साफ किया है कि जांच प्रक्रिया जारी रहेगी और उन्हें जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करना होगा। इस पोस्ट को लेकर लखनऊ में नेहा सिंह राठौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की बेंच ने नेहा सिंह राठौर को अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि कोर्ट के पहले दिए गए निर्देश के अनुसार नेहा सिंह राठौर जांच अधिकारियों के सामने पेश हो चुकी हैं और उनका बयान दर्ज कर लिया गया है। इसी आधार पर अदालत ने उन्हें राहत देते हुए कहा कि फिलहाल उनकी गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है, लेकिन उन्हें आगे भी जांच में पूरा सहयोग करना होगा। इसी साल जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत दी थी। उस समय अदालत ने निर्देश दिया था कि नेहा सिंह राठौर को जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि पहली बार 9 जनवरी को उन्हें जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा और अगर वह ऐसा नहीं करती हैं तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एआई के भस्मासुर होने का खतरा बढ़ता जा रहा

बिना आदेश के सक्रिय हुआ एआई सिस्टम, वैज्ञानिकों में बढ़ी चिंता

प्रशिक्षण के दौरान अचानक सुरक्षा प्रणाली सक्रिय हो गई, जब शोधकर्ताओं ने इसकी जांच की तो पता चला कि एआई एजेंट अपने आप क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग से जुड़ी प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश कर रहा था,जबकि टीम के किसी भी सदस्य ने उसे ऐसा करने का कोई निर्देश नहीं दिया था

ब्यूरो

नई दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को अब तक एक ऐसे उपकरण के रूप में देखा जाता रहा है जो इंसानों के निर्देशों के अनुसार काम करता है। लेकिन हाल ही में सामने आए एक शोध ने इस धारणा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक प्रयोग के दौरान एआई सिस्टम ने बिना किसी निर्देश के ऐसी गतिविधियां शुरू कर दीं, जिनकी उम्मीद वैज्ञानिकों ने भी नहीं की थी। इस घटना ने एआई के नियंत्रण और उसकी स्वायत्त क्षमता को लेकर नई बहस छेड़ दी है।यह मामला तब सामने आया जब चीन की तकनीकी कंपनी अलीबाबा से जुड़ी एक शोध टीम एक प्रायोगिक एआई एजेंट पर काम कर रही थी। इस एजेंट का नाम रोम रखा गया है। वैज्ञानिक इस सिस्टम को एक सुरक्षित और सीमित डिजिटल वातावरण में प्रशिक्षित कर रहे थे, जिसे तकनीकी भाषा में "सैंडबॉक्स" कहा जाता है।प्रशिक्षण के दौरान अचानक सुरक्षा प्रणाली सक्रिय हो गई। जब शोधकर्ताओं ने इसकी जांच की तो पता चला कि एआई एजेंट अपने आप क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग से जुड़ी प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश कर रहा था।

एआई जेनरेटेड

हैरानी की बात यह थी कि टीम के किसी भी सदस्य ने उसे ऐसा करने का कोई निर्देश नहीं दिया था।मामला यहीं तक सीमित नहीं रहा। जांच में यह भी सामने आया कि एआई सिस्टम ने खुद ही "रिवर्स एसएसएच टनल" बनाने की कोशिश की। यह एक ऐसा तकनीकी तरीका है जिसके जरिए किसी सीमित नेटवर्क के भीतर मौजूद कंप्यूटर बाहरी सिस्टम से कनेक्शन बना सकता है। कई बार इसका इस्तेमाल सुरक्षित नेटवर्क से बाहर डेटा या नियंत्रण स्थापित करने के लिए भी किया जाता है। एआई द्वारा बिना निर्देश यह कदम उठाना वैज्ञानिकों के लिए चिंता का विषय बन गया।क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग सामान्यतः कंप्यूटर की प्रोसेसिंग क्षमता का उपयोग करके डिजिटल मुद्रा तैयार करने की प्रक्रिया है। आमतौर पर इसे सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर ही स्थापित करते हैं, लेकिन इस मामले में एआई एजेंट ने प्रशिक्षण के दौरान खुद ही इस दिशा में गतिविधि शुरू करने की कोशिश की।विशेषज्ञों का कहना है कि एआई तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। आज कई एआई सिस्टम कोड लिखने, जटिल कार्यों को स्वचालित करने और इंटरनेट आधारित कई टूल्स के साथ काम करने में सक्षम हो चुके हैं। ऐसे में यह संभावना भी बढ़ रही है कि परीक्षण के दौरान एआई से अप्रत्याशित व्यवहार देखने को मिल सकता है।इससे पहले भी कुछ प्रयोगों में एआई एजेंट्स के अनपेक्षित व्यवहार सामने आए हैं।

उदाहरण के तौर पर माल्टबुक नामक प्रयोग में डिजिटल वातावरण में रखे गए एआई एजेंट्स के बीच बातचीत के दौरान क्रिप्टोकरेंसी जैसे विषय सामने आए थे। इसी तरह ओपेन क्ला नामक एक एआई एजेंट ने बिना किसी निर्देश के इंटरनेट पर नौकरी खोजने की कोशिश शुरू कर दी थी।विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि भविष्य में शक्तिशाली एआई सिस्टम के साथ काम करते समय निगरानी और सुरक्षा के मजबूत उपाय बेहद जरूरी होंगे। जैसे-जैसे एआई की क्षमता बढ़ेगी, उसे नियंत्रित रखना वैज्ञानिकों और तकनीकी कंपनियों के लिए उतनी ही बड़ी चुनौती बन सकता है।

अमेरिका की ऊंची उड़ान!

जल्द लॉन्च होगी इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी, पायलट प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

नई दिल्ली । अमेरिकी सरकार ने एक नए प्रोग्राम के तहत कई पायलट प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। पायलट प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिलने के बाद न्यूयॉर्क समेत अमेरिका के कुछ राज्यों और शहरों में बिजली से चलने वाली एयर टैक्सी आसमान में उड़ना शुरू हो जाएंगी। US ट्रांसपोर्टेशन डिपार्टमेंट ने कहा कि उसने एडवांस्ड एयर मोबिलिटी और इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग इंटीग्रेशन पायलट प्रोग्राम के तहत 8 प्रपोजल चुने हैं। इन प्रपोजल की रूपरेखा सबसे पहले पिछले साल प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जारी एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में दी गई थी। डिपार्टमेंट ने कहा कि सरकार को 30 से अधिक प्रपोजल मिले हैं।

अलकायदा की नई साजिश, कश्मीर में भर्ती बढ़ाने का प्रयास

नई दिल्ली । अलकायदा इन द सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को एक साजशि के तहत युवाओं को भड़काने के लिए इस्तेमाल कर रहा है। कश्मीर को जिहाद का मुख्य केंद्र बनाने की साजशि कर रहा है। एक्यूआईएस युद्ध को एक प्रचार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, ताकि जम्मू-कश्मीर में युवाओं की भर्ती बढ़ाई जा सके। एक्यूआईएस ने कई देशों के नाम लिए हैं, जिन्हें वह इस्लाम का विरोधी मानता है।

क्या लंबे समय तक आरओ का पानी पीना सेहत के लिए ठीक नहीं है?

आरपी सिंह

नई दिल्ली। भारत के शहरों व कस्बों में साफ पानी की तलाश ने रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) तकनीक को लगभग हर घर तक पहुँचा दिया है। यह तकनीक पानी से बैक्टीरिया, वायरस, भारी धातुएँ और कई हानिकारक रसायन हटाने में बेहद प्रभावी मानी जाती है। लेकिन इसके साथ एक सवाल भी अक्सर उठता है—क्या लगातार कई साल तक आरओ का पानी पीने से शरीर में जरूरी खनिजों की कमी हो सकती है?वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार आरओ फिल्टर पानी में मौजूद घुलनशील पदार्थों का लगभग 92 से 99 प्रतिशत तक हिस्सा हटा सकता है। इस प्रक्रिया में केवल हानिकारक तत्व ही नहीं बल्कि कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम और आयरन जैसे उपयोगी खनिज भी काफी हद तक कम हो जाते हैं। ये खनिज हड्डियों, दांतों, मांसपेशियों और दिल की कार्यप्रणाली के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसी वजह से कई विशेषज्ञ लंबे समय तक कम खनिज वाले पानी के उपयोग पर सावधानी बरतने की सलाह देते हैं।कुछ पोषण विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्य परिस्थितियों में शरीर को मिलने वाले खनिजों का बड़ा हिस्सा भोजन से प्राप्त होता है, न कि पानी से। दूध, दालें, हरी सब्जियां, मेवे और साबुत अनाज कैल्शियम व मैग्नीशियम के प्रमुख स्रोत हैं।इसलिए यदि किसी व्यक्ति का आहार संतुलित है तो केवल आरओ पानी पीने से गंभीर कमी होने की संभावना कम मानी जाती है। लेकिन यदि भोजन पहले से पोषक तत्वों में कमजोर है, तो कम खनिज वाला पानी स्थिति को और खराब कर सकता है।

कुछ शोध क्या संकेत देते हैं?

भारत में किए गए एक अध्ययन में 250 लोगों पर किए गए विश्लेषण में पाया गया कि लगभग 28% प्रतिभागियों में विटामिन-बी12 की कमी थी और आरओ पानी का उपयोग करने वालों में यह कमी अपेक्षाकृत अधिक पाई गई। हालांकि वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि इस संबंध को पूरी तरह सिद्ध करने के लिए और बड़े अध्ययन जरूरी हैं। अन्य शोधों में यह भी संकेत मिला है कि बहुत कम खनिज वाला पानी लंबे समय में हड्डियों और दांतों की खनिज घनत्व को प्रभावित कर सकता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस और दांतों की समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

शरीर के लिए जरूरी प्रमुख खनिज-

खनिज	शरीर में भूमिका	प्रमुख खाद्य स्रोत
कैल्शियम	हड्डियाँ व दाँत मजबूत	दूध, पनीर, तिल
मैग्नीशियम	मांसपेशी व नसों का कार्य	मेवे, बीज, दालें
पोटैशियम	दिल और रक्तचाप संतुलन	केला, नारियल पानी
आयरन	हीमोग्लोबिन निर्माण	हरी सब्जियां, गुड़

कब जरूरी है सावधानी?

निम्न स्थितियों में आरओ पानी के साथ अतिरिक्त ध्यान जरूरी हो सकता है:

- भोजन में पोषक तत्वों की कमी
- बुजुर्ग या हड्डियों की बीमारी का जोखिम
- बार-बार मांसपेशियों में ऐंठन या थकान
- लंबे समय तक केवल डी-मिनरलाइज्ड पानी का उपयोग

सुरक्षित उपयोग के लिए 4 आसान उपाय-

उपाय	फायदा
संतुलित और विविध आहार	शरीर को पर्याप्त खनिज मिलते हैं
मिनरल कार्ट्रिज वाला आरओ	पानी में आवश्यक खनिज आंशिक रूप से वापस आते हैं
समय-समय पर पानी की गुणवत्ता जाँच	अनावश्यक आरओ उपयोग से बचाव
नियमित स्वास्थ्य जांच	कमी के लक्षण जल्दी पकड़ में आते हैं

तो कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि आरओ तकनीक दूषित पानी को सुरक्षित बनाने में उपयोगी तो है, लेकिन पूरी तरह खनिज-रहित पानी का लंबे समय तक उपयोग करने के बजाय संतुलित आहार, सही फिल्ट्रेशन और पानी की गुणवत्ता की जाँच को साथ-साथ रखना अधिक समझदारी भरा कदम माना जाता है। यदि खान-पान अच्छा है तो अधिकांश लोगों के लिए आरओ पानी से गंभीर स्वास्थ्य नुकसान होने की संभावना कम रहती है—लेकिन जागरूकता और संतुलन ही असली सुरक्षा है।

'मजबूर' पाकिस्तान ने लिया 'कठिन फैसला', मंत्री-सांसदों के विदेशी दौरे रद्द और दो हफ्ते के लिए किए स्कूल बंद

एजेंसी । इस्लामाबाद

अमेरिका और इजरायल के ईरान के साथ जारी संघर्ष के कारण पैदा हुए वैश्विक तेल संकट का असर अब पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पर भी साफ दिखाई देने लगा है। प्रमुख दैनिक डॉन के अनुसार, भविष्य की परेशानियों को देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में सख्त मितव्ययिता (ऑस्टेरिटी) उपायों की घोषणा की है और कहा है कि ईंधन की कीमतों से जुड़ा "कठिन फैसला" लेना मजबूरी बन गया है। इसका असर हर आमो-खास पर पड़ना तय है। जहां मंत्रियों और सलाहकारों के विदेश दौरों को रोक दिया गया है, वहीं मंत्री दो महीने तक वेतन नहीं लेंगे और सांसदों की सैलरी में भी 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। पाकिस्तान में अब दो महीने तक सरकारी गाड़ियों को 50 फीसदी कम ईंधन मिलेगा। 60 फीसदी सरकारी वाहन नहीं चलेंगे। सभी सरकारी विभाग अपने खर्च में 20 फीसदी की कटौती करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पाकिस्तान के नियंत्रण में नहीं है और वैश्विक हालात के कारण ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

बहरीन में भारतीय जासूस के पकड़े जाने की खबर गलत, विदेश मंत्रालय ने खोली पोल

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी हमले के बीच फर्जी खबरें तेजी से वायरल हो रही हैं। एमईए ने बहरीन से जुड़ी एक खबर का फैक्ट चेक किया है, जिसमें ये कहा गया कि बहरीन ने एक भारतीय जासूस को पकड़ा और उस पर मोसाद के लिए काम करने का देशद्रोह का आरोप लगाया। एमईए फैक्ट चेक ने कहा कि यह फेक न्यूज है। कृपया सोशल मीडिया पर ऐसे झूठे और बेबुनियाद दावों से सावधान रहें। फर्जी खबर में कहा गया, "बहरीन ने एक भारतीय जासूस को पकड़ा और उस पर मोसाद के लिए काम करने का देशद्रोह का आरोप लगाया। सभी भारतीयों पर तुरंत बैन लगाया जाए और उन्हें देश निकाला दिया जाए।

भारतीयों ने इजरायल को चुना, उन्हें रहने दो। मेरा मतलब है, सच में बड़े पैमाने पर बिना सोचे-समझे देश निकाला। यह मजाकिया है कि उन्हें एक मिनट भी रुकने दिया गया। यह खाड़ी के शासकों का देशद्रोह है। इसके अलावा विदेश मंत्री एस. जयशंकर का भी एक डीपफेक वीडियो सामने आया, लेकिन पीआईबी ने इसका फैक्ट चेक किया। पीआईबी ने वीडियो को फर्जी बताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा अकाउंट्स विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर का एक डिजिटली छेड़छाड़ किया गया वीडियो साझा कर रहे हैं, जिसमें झूठे दावे किए गए हैं कि उन्होंने कहा कि भारत मुस्लिम देशों द्वारा इजरायल को परेशान किए जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा और इजरायल ने हाल ही में भारत के कहने पर अफगान तालिबान को 3 बिलियन डॉलर दिए हैं। सावधान यह एक एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो है जिसे लोगों को गुमराह करने के लिए शेयर किया गया है। डीपफेक वीडियो में विदेश मंत्री के वीडियो के साथ छेड़छाड़ करने के बाद ये कहते हुए सुना जा सकता है, "जिन देशों को दबाया जाता है, भारत हमेशा उन देशों के साथ खड़ा रहा है। इजरायल को सबसे ज्यादा दबाया गया है।

पाकिस्तान के बाद थाईलैंड में भी वर्क फ्रॉम होम का आदेश

बैंकॉक । पाकिस्तान के बाद थाईलैंड ने भी ईंधन बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दे दिया है। थाई प्रधानमंत्री अनुटिन चार्नवीराकुल ने मंगलवार को यह ऐलान किया। सरकारी कर्मचारियों के विदेश दौरे पर भी रोक लग गई है। इसके अलावा लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने की भी सलाह दी गई है। सोमवार को प्रधानमंत्री समेत उनके कैबिनेट के मंत्रियों ने स्थिति पर गंभीर मंथन किया और फैसले की घोषणा मंगलवार को की। मध्य पूर्व संकट के कारण ईंधन की खपत कम करने की मंशा करने के साथ ये कदम उठाए गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान की ओर से भी ऐसे ही कुछ कदम उठाए गए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बढ़ती तेल कीमतों को देखते हुए खर्चों में कटौती योजना का ऐलान किया। सांसदों-मंत्रियों के वेतन में कटौती से लेकर बच्चों के स्कूल बंद रखने तक की घोषणा की गई। इसके तहत सरकारी दफ्तर हफ्ते में सिर्फ चार दिन खुलेंगे और आधे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे।

करूर भगदड़ मामला

थलापति से होगी पूछताछ, सीबीआई ने जारी किया समन

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय इन दिनों लगातार चर्चा में बने हुए हैं। एक तरफ जहां विजय की आखिरी फिल्म 'जना नायकन' की रिलीज पिछले 2 महीने से अटकी है तो वहीं दूसरी तरफ उनकी निजी जिंदगी भी विवादों में घिरी हुई है। इसके अलावा करूर भगदड़ मामले के चलते भी उन्हें कानूनी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने विजय को करूर भगदड़ मामले में तलब किया है। अभिनेता से पहले ही इस मामले में 12 और 19 जनवरी को पूछताछ हो चुकी है और अब सीबीआई ने अभिनेता को इस मामले में पूछताछ के लिए फिर समन जारी किया है। विजय से 15 मार्च को इस मामले में दिल्ली में पूछताछ होगी।

पहले भी हो चुकी है पूछताछ

विजय से करूर भगदड़ मामले में पहले भी पूछताछ हो चुकी है। उनसे 12 और 19 जनवरी को सीबीआई ने एजेंसी के मुख्यालय में पूछताछ की थी और इसी दौरान कुछ नए तथ्य सामने आए। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण के लिए विजय को एक बार फिर तलब किया गया है और नोटिस जारी किया गया है। विजय के साथ ही करूर के विधायक को भी सीबीआई द्वारा समन जारी किया गया है, जिनसे 17 मार्च को पूछताछ होगी।

कई लोगों से हो चुकी है पूछताछ

इस मामले में पहले भी कई लोगों से पूछताछ हो चुकी है। सीबीआई ने तमिलनाडु पुलिस के उन कर्मचारियों को भी तलब किया था, जो उस दिन विजय की सुरक्षा में घटनास्थल पर तैनात थे। करूर बेस कैंप में बुलाकर तमिलनाडु पुलिसकर्मियों से पूछताछ की गई।

भारत से उठी मांग, बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक दिवस घोषित करे संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी । नई दिल्ली

दुनिया भर में जारी बाल विवाह की समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए भारत के प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के विधिवेत्ता भुवन ऋभु ने संयुक्त राष्ट्र से बाल विवाह के उन्मूलन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र के कमीशन ऑन द स्टैटस ऑफ वूमन (सीएसडब्ल्यू) के 70वें सत्र के मौके पर एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में बाल विवाह में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन आज भी दुनिया में हर तीन सेकेंड में कहीं न कहीं एक बाल विवाह हो रहा है। बाल विवाह जो कि बच्चों से बलात्कार है, की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर जवाबदेही और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करने के वास्ते एक समर्पित दिवस की आवश्यकता पर जोर देते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक

भुवन ऋभु ने कहा, "भारत ने दिखाया है कि बाल विवाह का अंत संभव है। रोकथाम, संरक्षण, अभियोजन व बच्चों, समुदायों और धर्मगुरुओं की भागीदारी पर आधारित 'संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज' के दृष्टिकोण के साथ हमारा देश 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत में तीन वर्षों से भी कम समय में बाल विवाह की दर 23 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। बाल विवाह दरअसल एक बच्चे के साथ होने वाले बलात्कार और यौन शोषण से कम नहीं है, जिसे अक्सर संस्कृति या परंपरा की आड़ में छिपा दिया जाता है। संयुक्त राष्ट्र को 'बाल विवाह उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' की घोषणा करनी चाहिए, ताकि इसके खिलाफ वैश्विक प्रतिबद्धता व जवाबदेही मजबूत हो और दुनिया भर की सरकारें तथा समाज इस अपराध को समाप्त करने के लिए संगठित हों।" कार्यक्रम में मौजूद सिएरा लियोन की प्रथम महिला डॉ. फातिमा मादा बायो, नेपाल की महिला, बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री श्रद्धा श्रेष्ठ एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने बाल विवाह के खात्मे के लिए एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग का पुरजोर समर्थन किया।

वर्ल्ड लॉ कांग्रेस 2025 में वर्ल्ड जूरिस्ट एसोसिएशन की ओर से 'मेडल ऑफ ऑनर' से सम्मानित होने वाले पहले पहले भारतीय अधिवक्ता भुवन ऋभु ने इस कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित किया। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने यह कार्यक्रम सिएरा लियोन की प्रथम महिला तथा ऑर्गनाइजेशन ऑफ अफ्रीकन फर्स्ट लेडीज़ फॉर डेवलपमेंट की अध्यक्ष डॉ. फातिमा मादा बायो के कार्यालय के साथ साझेदारी में आयोजित किया था। कार्यक्रम में नेपाल सरकार की महिला, बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री शारदा श्रेष्ठ; संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के सहायक महासचिव और कार्यक्रम निदेशक पियो स्मिथ; फ्रांस सरकार की मानवाधिकार राजदूत इसाबेल रोम; जर्मनी के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत थॉमस जाहनाइजेन; अफ्रीकी संघ की ओर से डॉ. एंजेला मार्टिन्स; डोमिनिकन गणराज्य सरकार के राष्ट्रीय बाल एवं किशोर परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष लिजिया जेनेट पेरेज पेना; द डिप्लोमैटिक कूरियर की संस्थापक एवं सीईओ एना रोल्ड; यूएन वूमेन की क्षेत्रीय राजदूत और रीजेनरेटिव हब्स की संस्थापक जहा दुकुरेह; इक्वेलिटी नाउ की एंडिंग जेंडर-बेस्ड वायलेंस निदेशक दिव्या श्रीनिवासन और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की जनरल काउंसिल रचना त्यागी सहित कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में मौजूद मंत्रियों, संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों, विधिवेत्ताओं, नागरिक समाज के नेताओं और भुक्तभोगियों के पैरोकारों ने एक स्वर में सदस्य देशों से 'बाल विवाह समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस की घोषणा की मांग की। उनका कहना था कि इससे बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों ने यह भी रेखांकित किया कि कई देशों में बाल विवाह के खिलाफ सख्त कानूनी ढांचे पहले से मौजूद हैं लेकिन उनके कमजोर क्रियान्वयन के कारण यह प्रथा अब भी जारी है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्य करने वाले नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है जिसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन 2030 तक भारत से बाल विवाह के खात्मे के लिए 451 जिलों में जमीन पर काम कर रहे हैं। इस नेटवर्क ने सरकारी एजेंसियों, स्थानीय प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के सहयोग से पिछले तीन वर्षों में भारत में लगभग 500,000 बाल विवाह रुकवाए हैं।

तेजपुर के निकट सोनितपुर जिले में स्थानीय आदिवासी समाज ने पारंपरिक तरीके से सीएम का किया स्वागत।

तेजपुर, असम के निकट नापोम जरोनी में इफ्तार पार्टी में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

विदेशों से मुक्त कराए व मृत श्रमिकों का शव लाने का खर्च उठाएगी सरकार : संजय यादव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा है कि विदेशों में मुक्त कराए एवं विदेश में मृत श्रमिकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गृह तक लाने के लिए रेल एवं वायुयान पर होने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी। यह कार्य मुख्यमंत्री झारखंड अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना के तहत किया जाएगा। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रवासी श्रमिकों के हितार्थ नई योजना झारखंड राज्य प्रवासी सुलभ सहायता योजना संचालित किए जाने का प्रावधान है। योजना के तहत मुख्यालय अंतर्गत नए प्रवासी नियंत्रण केंद्र एवं प्रवासी नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी।

मंत्री संजय यादव ने उक्त बातें मंगलवार को सदन में उनके विभाग के अनुदान मांग बजट के दौरान सरकार का पक्ष रखते हुए कहा। इससे पहले सदन की दूसरी पाली में विधायक जयराम महतो ने अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर हुए वाद-विवाद में झामुमो विधायक दशरथ गागराई, आलोक कुमार चौरसिया, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, जदयू विधायक सरयू राय सहित कई अन्य ने भाग लिया।

राज्य में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं

मंत्री संजय यादव ने अपने अधीन दोनों विभाग के बजट प्रस्ताव को पूर्व मुख्यमंत्री और 'दिशूम गुरु' शिबू सोरेन को समर्पित किया। कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं है। राज्य सरकार इस दिशा में काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत संचालित चार योजनाओं के माध्यम से दो लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें केवल बिरसा योजना के तहत एक लाख को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य है। राज्य सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में पहली बार राज्य की वैश्विक पहचान मजबूती से स्थापित करने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रयास से 1,24,230 लाख करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव आया है, जिससे इस्पात, ऊर्जा, विनिर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों में लगभग 45,000 रोजगार अवसर सृजित करने का लक्ष्य है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत आगामी वित्तीय वर्ष में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाया जाएगा। इससे राज्य में करीब 15,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है।

किसी भी कौशल विकास केंद्र में प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण नहीं : सरयू

जदयू विधायक सरयू राय ने कहा कि वर्तमान में राज्य के किसी भी कौशल विकास केंद्र में प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण का कार्य नहीं हो रहा है, जो चिंता का विषय है। उद्योगों के लिए जमीन उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। सरयू राय ने कहा कि एक आंकड़े के अनुसार राज्य में उद्योगपतियों ने रैयतों से बातचीत कर करीब 8000 एकड़ जमीन लेने का निर्णय लिया था, लेकिन अब तक सरकार की ओर से केवल 3000 एकड़ जमीन ही हस्तांतरित की जा सकी है। विधायक ने कहा कि आज पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेजी से उपयोग हो रहा है। ऐसे में राज्य सरकार को भी विभिन्न विभागों में एआई के उपयोग करने और युवाओं को भी एआई से जुड़ा प्रशिक्षण देने की दिशा में पहल करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि बदलती प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए हर दो से तीन वर्ष में औद्योगिक नीति की समीक्षा कर उसे तैयार किया जाना चाहिए।

श्रम विभाग की योजनाओं का व्यापक स्तर पर हो प्रचार-प्रसार : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने विपक्ष के लाए कटौती प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड बेरोजगारी के मामले में देश में तीसरे स्थान पर है, जो इस बात का संकेत है कि राज्य सरकार इस दिशा में प्रयासरत है। उद्योगों को और अधिक प्रोत्साहन देने तथा औद्योगिक वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार को और काम करने की जरूरत है। श्रम विभाग की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि विभाग के अंतर्गत श्रमिकों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

सभी मजदूरों का यूनिक वर्कर आईडी कार्ड बने : जयराम महतो

इससे पहले विधायक जयराम महतो ने कटौती प्रस्ताव रखते हुए कहा कि श्रमिकों की सुविधाओं की कोई तैयारी नहीं है। श्रम कानूनों में ओपन मजदूरों के भी कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं है। मजदूरों को किसी तरह की कोई बीमा, पीएफ की सुविधा नहीं मिलती है। उनकी मांग है कि सभी मजदूरों का यूनिक वर्कर आईडी कार्ड बनाया जाए। विभाग के मंत्री को प्रवासी श्रमिकों का आंकड़ा गलत मिलता है। कोरोना में राज्य सरकार ने 12 लाख प्रवासी मजदूरों को सकुशल घर वापसी कराया। अभी विभाग के पास केवल 2 लाख का ही आंकड़ा है।

कामगारों के वेतन कटौती पर सीएमडी से जांच की मांग

रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने राज्य के विभिन्न विद्युत सप्लाई और संचरण प्रक्षेत्रों में कार्यरत कामगारों के वेतन से की गई कथित अवैध कटौती का विरोध किया है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। संघ का आरोप है कि गीतराज एजेंसी के माध्यम से कार्यरत कामगारों के वेतन से दिसंबर 2025 और फरवरी 2026 में करीब तीन हजार रुपये "ग्रुप इंश्योरेंस" और "एक्सीडेंटल इंश्योरेंस" के नाम पर बिना पूर्व सूचना और सहमति के काटे गए। श्रमिक संघ ने कटौती को तत्काल रोकने और काटी गई राशि वापस कराने की मांग की है। साथ ही राज्य सरकार के आदेश का हवाला देते हुए निजी एजेंसियों के बजाय सरकारी एजेंसी "जैप आईटी" को कार्य देने की मांग भी की गई है।

14 मार्च से पुरुलिया होकर चलेगी आनंद विहार के लिए ट्रेन

रांची। 14 मार्च से पुरुलिया से आनंद विहार नई ट्रेन का शुभारंभ होगा। इसका नोटिफिकेशन मंगलवार को दक्षिण-पूर्व रेलवे प्रशासन ने जारी कर दिया है। इस ट्रेन का रांची और मुरी में ठहराव होगा। ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को पुरुलिया-रांची रवाना होगी। प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार-नई दिल्ली से रवाना होगी। पुरुलिया से यह ट्रेन दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी और मुरी होते हुए रांची शाम 5.45 बजे आएगी। इसके बाद टोरी, लातेहार, वर्दमान, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भाभुआ रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, वाराणसी, आयोध्या कैंट, लखनऊ, बरैली-मुरादाबाद होते हुए आनंद-विहार दूसरे दिन रात 8.35 बजे पहुंचेगी।

मरांडी ने स्पीकर को सौंपा अधिकारियों की बातचीत का ऑडियो

रांची। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को अधिकारियों (एक आईएएस-एक आईपीएस) की बातचीत वाला ऑडियो सौंप दिया। सदन में विधानसभा अध्यक्ष ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे इसे संसदीय कार्य मंत्री को भेज दे रहे हैं। सोमवार को सदन में बाबूलाल मरांडी ने कहा था कि दो वरीय अधिकारियों के बीच हुई बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ है, सरकार इसकी जांच कराए। संसदीय कार्य मंत्री के मांगे जाने पर बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को यह ऑडियो दे दिया।मात्र 26 किमी. के दायरे में वसूला जा रहा टोल टैक्स : प्रदीप यादवकांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि उनके क्षेत्र में मात्र 26 किमी. के दायरे में टोल टैक्स वसूला जा रहा है। यह गलत है। प्रदीप ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आदेश और नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए कहा कि 60 किमी. के बाद ही टोल टैक्स वसूलने का नियम है, पर झारखंड में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। सरकार कार्रवाई करे। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने इसे संज्ञान में ले रही है, इस पर कार्रवाई होगी।

पेज एक के शेष

असम के आदिवासी....

लगभग 50 वर्ष के संघर्ष के बावजूद जब परिणाम सकारात्मक नहीं रहा, तब हमारे अग्रणी नेता दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन सहित अनगिनत क्रांतिकारी नेताओं ने अलग राज्य लेने का निर्णय किया। अलग राज्य निर्माण का संकल्प उसे समय बहुत बड़ा संकल्प था। इस संकल्प को पूरा करने की शुरुआत धनबाद जिला, यानी कोयला नगरी से हुई। उस समय क्रांतिकारी नेता स्वर्गीय शक्ति नाथ महतो ने भी कहा था कि यह लड़ाई कोई छोटी लड़ाई नहीं है, यह बहुत बड़ी लड़ाई है। इस लड़ाई में हम सभी लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा था कि इस लड़ाई में शामिल पहली पंक्ति के लोग मारे जाएंगे तथा दूसरी पंक्ति के लोग जेल जाएंगे। उन्होंने कहा था कि तीसरी पंक्ति के लोग ही राज्य को सजाने-संवारने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ठीक उसी तरह का घटनाक्रम भी हुआ। अलग झारखंड राज्य के निर्माण की लड़ाई में न जाने हमारे कितने क्रांतिकारी वीर शहीद हुए। उस संघर्ष में न जाने कितने माताओं-बहनों की मांग सुनी हुई, बच्चे अनाथ हुए। इतनी यातनाओं के बावजूद हमारे क्रांतिकारी सपूतों ने कभी भी पीठ नहीं दिखाई और संघर्ष को जारी रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनने के बाद यह दुर्भाग्य रहा कि हमारे आदिवासी समुदाय के लोग आर्थिक, बौद्धिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं बन सके। हमारी सरकार अब झारखंड के आदिवासी समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में रहने वाले आदिवासी भाई-बहनों को यहां एक बड़े परिवर्तन की राह पर चलने की आवश्यकता है। इस परिवर्तन के लिए यह जरूरी है कि हम सभी लोगों को एक छत और एक छांव पर आना होगा। अब यहां के आदिवासी समुदाय को बौद्धिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग उस समुदाय के लोग हैं, जो संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटते हैं। आदिवासी समुदाय कभी भी किसी की हानि नहीं चाहता है। किसी का शोषण या किसी के सम्मान को ठेस पहुंचाना हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं रहा है। अब हम अपना हक-अधिकार कैसे लेंगे, यह हम सभी को बिल्कुल पता है। आदिवासी समुदाय को संविधान में प्रदत्त हक-अधिकार के लिए कानूनी लड़ाई भी लड़नी पड़ेगी।

नियंत्रण में है...

इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक आमने-सामने आ गए और सदन में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। हंगामे के बीच मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने तिवारी महतो की ओर हाथ का इशारा किया, जिसके बाद वे वेल में पहुंच गए। भाजपा विधायकों ने भी उनका साथ दिया। इससे विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो नाराज हो गए और उन्होंने आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को मार्शल आउट करने का निर्देश दे दिया। इसके बाद तिवारी महतो को सदन से बाहर ले जाया गया। हालांकि, वित्त मंत्री के हस्तक्षेप के बाद उन्हें फिर से सदन में बुला लिया गया।

महिलाओं के अधिकार...

सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाला बागची ने भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि अगर अदालत इस क्षेत्र में सीधे दखल देती है, तो इसका असर अन्य व्यवस्थाओं पर भी पड़ सकता है। उदाहरण के तौर पर, हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) में उत्तराधिकार से जुड़े नियमों पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। जस्टिस बागची ने कहा कि इसलिए बेहतर होगा कि इस तरह के व्यापक कानून से जुड़े फैसले सरकार पर ही छोड़ दिए जाएं, क्योंकि अदालत खुद कानून नहीं बना सकती। यह जनहित याचिका पोलोमी पाविनी शुक्ला और आयशा जावेद ने दाखिल की है। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं को याचिका में जरूरी बदलाव करने और इसे दोबारा दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है। साथ ही, अदालत ने यह सुझाव भी दिया कि याचिका में इस बात पर ध्यान दिया जाए कि पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने के लिए क्या व्यावहारिक तरीका अपनाया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि कोशिश यह होनी चाहिए कि 1937 के शरीयत एक्ट में सीधे हस्तक्षेप किए बिना मुस्लिम महिलाओं को बराबर अधिकार कैसे दिलाए जा सकते हैं।

एक्सएलआरआई को भी...

करते हुए बिष्टुपुर थाना प्रभारी आलोक दूबे को पुलिस बल और बम निरोधक दस्ते के साथ मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस टीम ने संस्थान के पूरे परिसर को सुरक्षा घेरे में ले लिया। एहतियात के तौर पर संस्थान परिसर को खाली कराया गया। क्लासरूम, हॉस्टल और प्रशासनिक भवनों से छात्रों और कर्मचारियों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरे कैंपस की सघन तलाशी ली गई, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। तलाशी में कुछ नहीं मिला। इस मामले में पुलिस की साइबर सेल भी सक्रिय हो गई है। साइबर सेल धमकी भरे ई-मेल के स्रोत का पता लगाने में जुट गई है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने कहा कि ई-मेल में पाकिस्तान के एक एयरबेस से बम से हमला करने की बात लिखी गई है। प्रारंभिक जांच में यह शरारत या मजाक के तौर पर भेजा गया संदेश प्रतीत हो रहा है, फिर भी पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिटी एसपी ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जांच पूरी होने तक संस्थान परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक है।

इजरायल-अफगानिस्तान दावे...

इजरायल ने हाल ही में भारत के कहने पर अफगान तालिबान को तीन बिलियन डॉलर की मदद दी है। हम उनका यह एहसान कभी नहीं चुका सकते। हमारा अगला टारगेट अब पाकिस्तान है। ओरिजिनल वीडियो में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर कहते हैं, विदेश मंत्रालय ने इराक की गैर-जरूरी यात्रा से क्यों परहेज किया है? जो लोग पहले से वहां रह रहे हैं, उनसे दूतावास में रजिस्टर करने, सही प्रक्रिया अपनाने और दूतावास की वेबसाइट और सोशल मीडिया पर नजर रखने की अपील की गई है। इससे एक दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक वीडियो तेजी से वायरल किया गया। इस वीडियो में यह दावा किया गया कि भारत ने ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस डेना की लोकेशन से जुड़ी जानकारी इजरायल को दी थी। हालांकि, यह बात पूरी तरह झूठ और भ्रम फैलाने वाली है। आधिकारिक स्रोतों के अनुसार यह झूठी खबर फैलाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से एक फर्जी वीडियो तैयार किया गया। पाकिस्तानी एजेंसी से संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इस फर्जी वीडियो को बढ़ावा दिया। इसके माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई है। दरअसल, इस भ्रामक व फर्जी सामग्री को पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स द्वारा फैलाया गया। आईएसपीआर का इकोसिस्टम इस झूठ में संलिप्त है। यह जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण फैलाने के इरादे से किया गया कृत्य था। यह पूरी कार्रवाई पाकिस्तान के इंटर सर्विसेस पब्लिक रिलेशन से जुड़े दुष्प्रचार पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा है। इन खातों ने डिजिटल रूप से बदले गए वीडियो के माध्यम से भारत के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की।

पाकुड़ रेलखंड पर...

रेल मंत्रालय का कहना है कि रेलवे पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का माध्यम है। इन परियोजनाओं से लगभग 6 करोड़ लीटर तेल की बचत और करीब 28 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग एक करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

रांची सिविल कोर्ट...

कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने मंगलवार को कहा कि बम निरोधक दस्ते की टीम द्वारा पूरे अदालत परिसर की बारीकी से जांच कराई गई, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और धमकी देने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए ई-मेल के स्रोत का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान के लिए तकनीकी जांच कर रही है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी 6 फरवरी 2026 और 28 फरवरी 2026 को रांची सिविल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इसके अलावा, समाहरणालय भवन और पासपोर्ट कार्यालय को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। हालांकि, हर बार जांच के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी।

लोस अध्यक्ष के...

उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे सदन की कार्यवाही को पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने का मौका न दिए जाने का जिक्र किया। बहस के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए तीखा पलटवार किया। उन्होंने स्पीकर की निष्पक्षता तथा उनके कार्यकाल में संसद की कार्यक्षमता की प्रशंसा की। अविश्वास प्रस्ताव को उन्होंने महज एक व्यक्ति की जिद करार देते हुए कहा कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहा है।

रांची से अयोध्या....

यह ट्रेन टोरी, लातेहार, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी, अयोध्या कैंट, लखनऊ, बरेली एवं मुरादाबाद होते हुए अगले दिन 20:35 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इस ट्रेन की नियमित परिचालन प्रारंभ होने की तिथि बाद में सूचित होगी।

कच्चे तेल की...

ट्रंप ने जीत को उस बिंदु के रूप में परिभाषित किया है, जब तेहरान के पास ऐसे हथियार विकसित करने की क्षमता नहीं रह जाएगी जो अमेरिका, इजरायल या उसके सहयोगियों के लिए खतरा बन सके। ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करने के प्रयासों के खिलाफ चेतावनी दी, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है। उन्होंने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य सुरक्षित रहेगा, क्योंकि हमारे नौसेना के कई जहाज वहां तैनात हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला एक संकरा मार्ग है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल ट्रांजिट मार्गों में से एक है। खाड़ी उत्पादकों के कच्चे तेल के निर्यात का एक बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है, जिससे इस मार्ग पर किसी भी प्रकार का खतरा वैश्विक ऊर्जा बाजारों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बन जाता है। इससे पहले, सोमवार के सत्र में तेल की कीमतें कई सालों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थीं, जिसमें ब्रेंट क्रूड की कीमत 119.50 डॉलर और डब्ल्यूटीआई की कीमत 119.48 डॉलर हो गई, जो 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है।

न्यूज बॉक्स

सीआईआई की नई टीम घोषित, दिलू पारिख चेयरमैन व डीबी सुंदर वाइस चेयरमैन बने

रांची। उद्योग संगठन कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की झारखंड स्टेट काउंसिल के लिए वर्ष 2026–27 के नए पदाधिकारियों का चुनाव कर लिया गया है। सीआईआई झारखंड की वार्षिक बैठक 2026 में इसकी घोषणा की गई। बैठक में दिलू पारिख को वर्ष 2026-27 के लिए सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल का चेयरमैन निर्वाचित किया गया, जबकि डीबी सुंदर रामम को वाइस चेयरमैन चुना गया। दिलू पारिख वैदेही मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। उनका पारिवारिक व्यवसाय ऑटोमोबाइल डीलरशिप से जुड़ा है, जिसमें मर्सिडीज-बेंज"की यात्री कारों और टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की डीलरशिप शामिल है। वे लंबे समय से सीआईआई से जुड़े रहे हैं और संगठन में कई अहम भूमिकाएं निभा चुके हैं। इससे पहले वे सीआईआई जमशेदपुर जोन के जोनल चेयरमैन और सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल के वाइस चेयरमैन भी रह चुके हैं। उन्होंने उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय विकास की पहलों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। वहीं, डीबी सुंदर रामम वर्तमान में टाटा स्टील में वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 1990 में एनआइटी राउरकेला माइनिंग इंजीनियरिंग में बीएससी (इंजीनियरिंग) की पढ़ाई पूरी की और उसी वर्ष टाटा स्टील में ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। करीब 35 वर्षों के अनुभव के दौरान उन्होंने टाटा स्टील के रॉ मटेरियल्स और फेरो एलॉयज़ डिवीजन की कोयला व लौह अयस्क खदानों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। सीआईआई झारखंड के नए नेतृत्व से राज्य में उद्योग, निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

कुलपति अब आकस्मिक अवकाश लेकर ही विश्वविद्यालय में अनुपस्थित हो सकेंगे

रांची। राज्यपाल सचिवालय ने झारखंड के विश्वविद्यालय के कुलपतियों के लगातार विश्वविद्यालय मुख्यालय में अनुपस्थित रहने पर चिंता व्यक्त की है। सचिवालय ने इस बात पर संज्ञान लिया है कि लगातार विश्वविद्यालय के कुलपति विश्वविद्यालय के बाहर के कार्यक्रमों में अतिथि के रूप में भाग लेते हैं। ऐसे आयोजनों में भाग लेने के क्रम में कुलपति कर्तव्य अवकाश के लिए राज्यपाल सचिवालय में आवेदन समर्पित करते हैं। कर्तव्य अवकाश के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव से झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपति लगातार किसी न किसी कार्यक्रम या आमंत्रण की दुहाई देकर अपने विश्वविद्यालय मुख्यालय में अनुपस्थित रहते हैं। राज्यपाल सचिवालय को इस संबंध में अनेकों शिकायत प्राप्त हुए हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इससे विश्वविद्यालय के कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस विषय पर सज्ञान लेते हुए राज्यपाल सचिवालय ने अब स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी कुलपति यदि विश्वविद्यालय के बाहर किसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुपस्थित होंगे तो उन्हें आकस्मिक अवकाश लेकर अनुपस्थित होना होगा। आकस्मिक अवकाश की संख्या निर्धारित है। अतः इस पत्र के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि कुलपति को जिस दायित्व के लिए नियुक्त किया गया है वह उस कार्य के निर्वहन में पूरा समय देंगे। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय के अवर सचिव जियाउद्दीन खान के द्वारा एक पत्र सारे विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रभारी कुलपतियों को निर्गत किया गया है।

फिल्म 'जरी गांव' की टीम ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से की मुलाकात

रांची। आगामी फिल्म 'जरी गांव' की टीम ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर उनसे मुलाकात की। यह फिल्म परमवीर चक्र से सम्मानित 14वीं बटालियन, ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स के अल्बर्ट एक्का की प्रेरणादायक कहानी पर आधारित है। इसकी पृष्ठभूमि 1971 के ऐतिहासिक भारत-पाकिस्तान युद्ध पर टिकी है। यह फिल्म गंगासागर की लड़ाई में एक साहसी आक्रमण का नेतृत्व करने वाले लांस नायक अल्बर्ट एक्का की वीरता को दर्शाती है। फिल्म जरी गांव के सुरम्य इलाके में उनके सरल जीवन को भी उजागर करती है और भारतीय सेना के सैनिकों के बीच मजबूत भाईचारे को चित्रित करती है। फिल्म को सुमंत रतूड़ी ने अपने पिता बीरेंद्र मोहन रतूड़ी के लेखन से प्रेरित होकर लिखा और निर्देशित किया है। इसका निर्माण मायराधा प्रोडक्शंस के सागर गौड़ा ने किया है। इस पहल को गुलमोहर मैत्री की संस्थापक मंजू सिन्हा, सतीश शेनाई (सेवानिवृत्त रियर एडमिरल), उदय ढांडा और बाला सेंथिल कुमार का समर्थन प्राप्त है। बैठक के दौरान, टीम ने मंत्री को फिल्म के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे फिल्म के माध्यम से लांस नायक अल्बर्ट एक्का के असाधारण साहस और बलिदान को पर्दे पर उतारा जा रहा है, साथ ही क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। मंत्री ने भारत के वीर सैनिकों की वीरता को उजागर करने की इस पहल की सराहना की और टीम को उनके प्रयास में सफलता की शुभकामनाएं दी।

शहर के बड़े इलाके में आज घंटों गुल रहेगी बिजली

रांची। शहर के बड़े इलाके में मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को कई फीडरों से घंटों बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसी क्रम में पावर हाउस कांके अंतर्गत अरसंडे फीडर में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक एलटी केबल लाइन व रामनवमी पूजा मरम्मतीकरण होगा। इससे अरसंडे बैंक ऑफ इंडिया से लेकर बोड़िया चौक, तिलकोणीय बाजार सहित अन्य इलाके प्रभावित रहेंगे। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल अशोक नगर में न्यू बाय फीडर में 11 केवी ओवरहेड लाइन की मरम्मत होगी। जिसके कारण बुधवार रात 10:30 बजे से दूसरे दिन सुबह चार बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे अशोक कुंज, बुद्ध विहार, अशोक नगर एक्सटेंशन, सेंट्रल अशोका, मोहन मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स, गोपाल मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स सहित अन्य इलाके प्रभावित रहेंगे। रांची केंद्रीय डिविजन अंतर्गत पावर हाउस पॉलिटेक्निक से बसर टोली फीडर से सुबह 11.30 बजे से दोपहर एक बजे तक लाइन बंद रहेगी। यहां भी मेन रोड में मरम्मत कार्य होगा। इससे शांति कंपाउंड, सिरम टोली, सुजाता चौक, राजा बंगला, पटेल कंपाउंड का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। इसी क्रम में 11 केवी हिंदपीढ़ी फीडर में सुबह 11.30 बजे से दोपहर एक बजे तक काम होगा। इससे नेजाम नगर, बड़ा तालाब, हिंदपीढ़ी का एरिया प्रभावित रहेगा। कोकर डिविजन अंतर्गत पावर हाउस मोरहाबादी से हरिहर सिंह रोड फीडर सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक एलटी लाइन को कवर केबल में बदलने का काम होगा। इससे मंडा टांड़, मस्जिद गली, खलिहान गली, हरिहर सिंह रोड प्रभावित रहेगा।

बीसीसीआई टीम इंडिया को ₹131 करोड़ देगा यह पैसा खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ मे बंटेगा

टीम इंडिया तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने पर टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया है। यह पैसा खिलाड़ियो और सपोर्ट स्टाफ में बंटेगा। भारत ने रविवार को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपना खिताब बरकरार रखा और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्टर्स को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बोर्ड ने उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।

भारतीय टीम को 27.5 करोड़ प्राइज मनी मिली

रिपोर्ट के मुताबिक, टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारतीय टीम को 3 मिलियन डॉलर (करीब 27.5 करोड़ रुपए) की इनामी राशि मिली। वहीं, रनर-अप न्यूजीलैंड को 1.6 मिलियन डॉलर (करीब 14.7 करोड़ रुपए) दिए गए। हालांकि, इस बार आईसीसी ने प्राइज मनी की आधिकारिक घोषणा नहीं की थी, जबकि आमतौर पर हर टूर्नामेंट में इसकी जानकारी पहले ही दे दी जाती है।

भारत 3 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहला देश

भारतीय टीम 2024 के बाद 2026 में भी चैंपियन बनी और टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब डिफेंड करने वाली पहली टीम बन गई। इसके साथ ही इंडिया तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2007, 2024 और 2026) जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में जीत के साथ भारत ने पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी भी जीती। इससे पहले टीम ने 2007 में साउथ अफ्रीका और 2024 में वेस्टइंडीज में खिताब जीता था।

रिंकू सिंह ने पिता के लिए इमोशनल पोस्ट किया

लिखा- आपने सिखाया था फर्ज सबसे आगे, उसे पूरा करने की कोशिश की

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह के लिए इमोशनल पोस्ट किया है। भारत ने रविवार को फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब जीता। यह मैच अहमदाबाद में खेला गया था। 27 फरवरी को रिंकू सिंह के पिता का निधन हो गया था। वह लंबे समय से स्टेज-4 लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। काश आप पास होते रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे की जिंदगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर

आपकी जरूरत पड़ेगी। उन्होंने आगे लिखा, आपने ही सिखाया था कि फर्ज सबसे आगे है, तो मैदान पर सिर्फ आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था।

आपका सपना पूरा हो गया है, काश आप पास होते। रिंकू वर्ल्ड कप के दौरान मिलने भी गए थे रिंकू के पिता खांचंद सिंह लंबे समय से लीवर कैंसर से जूझ रहे थे। यह चौथे स्टेज का कैंसर था। पिछले महीने उनकी हालत बहुत खराब हो गई। रिंकू वर्ल्ड कप के दौरान पिता से मिलने घर भी गए थे। लेकिन 27 फरवरी 2026 को ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में उनके पिता का निधन हो गया।

रिंकू ने अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया और फिर टीम में लौट आए। 5 मैचों में मौका मिला रिंकू सिंह को 2024 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के स्क्वॉड में जगह नहीं मिली थी और वे ट्रैवलिंग रिजर्व थे। लेकिन इस बार उन्हें मौका मिला और उन्होंने भारत के लिए अपना पहला वर्ल्ड कप खेला। टूर्नामेंट में उन्होंने 5 मैच खेले और 24 रन बनाए।

गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने हेडन

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले गुजरात टाइटंस (जीटी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त किया है। आगामी सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। क्रिकेट डायरेक्टर विक्रम सोलंकी ने बताया है कि ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी की नियुक्ति फ्रेंचाइजी के लिए एक अहम मोड़ पर हुई है। सोलंकी ने कहा, "मैथ्यू की नियुक्ति हमारी यात्रा के एक अहम पड़ाव पर हुई है। एक ऐसी फ्रेंचाइजी के तौर पर जो बेहतरीन प्रदर्शन और लंबे समय तक सफलता पाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम लगातार अपने क्रिकेटिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने पर ध्यान दे रहे हैं। उच्चतम स्तर पर उनका अनुभव और साथ ही उभरती हुई प्रतिभाओं को निखारने की काबिलियत, आगामी सीजन में हमारी बैटिंग की पहचान बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस बीच, हेडन ने इस भूमिका को निभाने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया और उस स्टैंडर्ड के बारे में बताया जिसे वह टीम की बैटिंग यूनिट में लाना चाहते हैं।

राष्ट्रगान न गाने पर उठी सजा की मांग

ऑस्ट्रेलिया ने 5 ईरानी महिला खिलाड़ियों को शरण दी

एजेंसी । नई दिल्ली

पिछले हफ्ते एएफसी एशियन कप 2026 के उद्घाटन मैच में ईरान की महिला फुटबॉल टीम ने इस्लामिक शासन का राष्ट्रगान गाने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद इस टीम की 5 खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने मानवीय वीजा देकर अपने देश में रहने की इजाजत दे दी है। ऑस्ट्रेलिया के इमिग्रेशन मंत्री टोनी बर्क ने बताया है कि इन

महिला खिलाड़ियों को पुलिस ने सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया है। मानवीय वीजा पाने वाली ईरानी खिलाड़ियों में जहरा घनबारी, जहरा सरबली, फतेमेह पसंदिदेह, अतेफे रमजानजादेह और मोना हमौदी शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कहा है कि अगर बाकी खिलाड़ी भी चाहें तो वे भी उनके देश में रह सकती हैं। कुछ दिनों पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस मामले पर कहा था कि अगर जरूरत पड़े, तो अमेरिका भी इन खिलाड़ियों को शरण देने के लिए तैयार है।

साउथ कोरिया के खिलाफ मैच से पहले राष्ट्रगान न गाने के बाद ईरान में कुछ लोगों ने टीम की आलोचना करते हुए खिलाड़ियों को सख्त सजा देने की मांग भी की। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी।

सदर्न ब्रेव ने हेमांग बदानी को बनाया मुख्य कोच, इयान बेल होंगे सहायक

लंदन । सदर्न ब्रेव ने आगामी सत्र के लिए अपनी पुरुष टीम का मुख्य कोच पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग

बदानी को नियुक्त किया है, जबकि इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज इयान बेल को उनका सहायक कोच बनाया गया है। यह नियुक्ति द हंड्रेड टूर्नामेंट के अगले सीजन को ध्यान में रखते हुए की गई है। दिलचस्प बात यह है कि हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स ने भी इंडियन प्रीमियर लीग में इयान बेल को हेमांग बदानी का सहायक कोच बनाया था। दिल्ली कैपिटल्स के मालिक जीएमआर समूह ने पिछले साल जुलाई में सदर्न ब्रेव में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। हेमांग बदानी ने पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच का पद संभाला था। उनके मार्गदर्शन में टीम ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई।

वेस्टइंडीज दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान ऑलराउंडर सोफी मोलिन्यूक्स को सौंपी गई है, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को पहली बार टीम में जगह मिली है। टीम में लूसी हैमिल्टन और निकोला कैरी को भी बरकरार रखा गया है, जो हाल ही में भारत के खिलाफ खेली गई सीरीज का हिस्सा थीं। वहीं भारत के खिलाफ टी20 टीम में शामिल रहीं ग्रेस हैरिस को इस बार टीम में जगह नहीं मिली है। इसके अलावा ऑलराउंडर एनेबेल सदरलैंड इस दौरे से बाहर रहेंगी।

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण दोहा में होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठकें रद्द

एजेंसी । नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के चलते इस महीने के अंत में कतर की राजधानी दोहा में होने वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बोर्ड और समिति बैठकों को रद्द कर दिया गया है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार खासकर वित्त समिति से जुड़ी कुछ बैठकों को अगले कुछ हफ्तों में वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड की ये बैठकें 25 से 27 मार्च के बीच आयोजित होने वाली थीं, जिनमें बोर्ड निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विभिन्न समितियों के सदस्य और आईसीसी

के वरिष्ठ नेतृत्व के शामिल होने की योजना थी, लेकिन क्षेत्र में तनाव और हवाई सेवाओं पर असर के कारण फिलहाल इन बैठकों का आयोजन संभव नहीं हो पाया। इन बैठकों में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी थी। इनमें वैश्विक ब्रॉडकास्टिंग अधिकार प्रमुख थे, क्योंकि आईसीसी और जियोस्टार के बीच मौजूदा प्रसारण समझौता 2027 में समाप्त होने वाला है। इसके अलावा अगले फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्रिकेट की क्वालिफिकेशन प्रणाली पर भी प्रारंभिक चर्चा प्रस्तावित थी। एफटीपी को लेकर अनौपचारिक स्तर पर कुछ सदस्यों के बीच बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। दोहा में आईसीसी की बैठक पहली बार आयोजित होने वाली थी। कतर में क्रिकेट की भागीदारी में हाल के वर्षों में लगभग 447 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

हालांकि सीमित उड़ानों और क्षेत्रीय तनाव के कारण इस समय वहां बैठक कराना संभव नहीं माना गया। पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट का असर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रमों पर भी पड़ रहा है।

जीपीकेएल सीजन-2 की तैयारियां तेज, खिलाड़ियों की स्काउटिंग शुरू

नई दिल्ली । ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) के सीजन 2 की तैयारियां तेज हो गई हैं। दूसरे सीजन के लिए देश के प्रमुख कबड्डी केंद्रों में खिलाड़ियों की स्काउटिंग (प्रतिभा खोज) प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मजबूत खिलाड़ियों का पूल तैयार करने के उद्देश्य से कई प्रतिभाओं की पहचान की जा रही है। लीग आयोजकों ने बताया कि स्काउटिंग प्रक्रिया में खिलाड़ियों का मूल्यांकन तकनीकी कौशल, फिटनेस, रणनीतिक समझ और मैच टेम्परामेंट के आधार पर किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों की टीमों के लिए प्लेयर ड्राफ्ट संरचना पहले ही तय कर ली गई है। हर फ्रेंचाइजी से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के संतुलित संयोजन के साथ टीम बनाने की उम्मीद है। स्काउटिंग पर बात करते बुए जीपीकेएल सीजन-2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट प्रक्रिया की देखरेख कर रहे कार्तिक दम्मू ने कहा कि लीग के लिए मजबूत और प्रतिस्पर्धी प्रतिभा पूल तैयार करना इसका मुख्य उद्देश्य है।

इंडियन वेल्स ओपन

स्वियातेक ने साकारी को पराजित किया पेगुला ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

एजेंसी । नई दिल्ली

दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 32वीं वरीयता प्राप्त मारिया साकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। स्वियातेक अब एग्निज्का राडवांस्का और कैरोलिना वोज्नियाकी के बाद इंडियन वेल्स में लगातार छह वर्षों तक राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, साल 2009 में इस फॉर्मेट की शुरुआत के बाद से, डब्ल्यूटीए-1000 इवेंट्स में जीत प्रतिशत के मामले में (कम से कम 10 मैच) स्वियातेक (129-31, .806) केवल सेरेना विलियम्स (148-28, .841) से पीछे हैं। साकारी का प्रदर्शन शानदार रहा था, उन्होंने अपने सभी सर्विस गेम जीते और सभी छह ब्रेक प्वाइंट्स बचाए। स्वियातेक के खिलाफ भी उन्होंने इसी तरह शुरुआत की। पहले गेम में अपने चौथे ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 2-0 की बढ़त बनाने के लिए एक लंबा होल्ड किया। इसके बाद स्वियातेक ने अपने फोरहैंड की गति बढ़ाई और आखिरी सात में से छह गेम जीत लिए। दूसरा सेट भी कुछ ऐसा ही रहा, जिसमें स्वियातेक ने साकारी की सर्विस को तीन बार तोड़ा। साकारी का आखिरी बैकहैंड शॉट कोर्ट से बाहर चला गया था। टॉप 20 से बाहर रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले 34 मुकाबलों में, स्वियातेक को केवल एक हार का सामना करना पड़ा था, जो पिछले महीने दोहा क्वार्टरफाइनल में साकारी के खिलाफ मिली थी। दूसरी ओर, अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना

ओस्तापेंको के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 4-6, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करके राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। चौथे दौर में उनका मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक से होगा। 2019 की सेमीफाइनलिस्ट बेंसिक ने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-3 से हराकर चौथी बार राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई है।

व्यापार/लाइफ व साइंस

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सेंसेक्स में उछाल, 640 अंक चढ़कर हरे निशान में बंद

- **श्विक जोखिम भावना बेहतर होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा**

एजेंसी । मुंबई

मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते पिछले दिन की बड़ी गिरावट से उबरते हुए भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान घरेलू बाजार के प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 639.82 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,205.98 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत चढ़कर 24,261.60 के स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के संकेत के बाद जोखिम भावना में सुधार होने से घरेलू बाजार ने लगातार दो दिनों की गिरावट को समाप्त कर दिया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, ऊर्जा बाजार में कई दिनों तक चले भारी उतार-चढ़ाव के बाद बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक दबाव का सामना कर रहे ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध का समाधान 'बहुत जल्द' हो सकता है। इस खबर से निवेशकों का मनोबल बढ़ा और उनमें जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ी। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से भी निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। दिन के कारोबार

के दौरान बाजार में और ज्यादा तेजी देखने को मिली। इंट्राडे में सेंसेक्स करीब 960 अंक यानी लगभग 1.2 प्रतिशत उछलकर 78,526.25 तक पहुंच गया।

वहीं निफ्टी 275.75 अंक यानी करीब 1.1 प्रतिशत बढ़कर 24,303.80 के स्तर तक पहुंचा। हालांकि बाद में दोनों सूचकांकों में थोड़ी मुनाफावसूली देखी गई। व्यापक बाजारों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में जहां 1.62 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई, तो वहीं निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 2.12 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली। सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी ऑटो इंडेक्स (3.10 प्रतिशत की तेजी) सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला इंडेक्स बनकर उभरा। निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (बैंक को छोड़कर) इंडेक्स ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इसके अलावा, निफ्टी बैंक में 1.66 प्रतिशत, तो निफ्टी एफएमसीजी में 0.84 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इस बीच, निफ्टी आईटी इंडेक्स (0.46 प्रतिशत की गिरावट) को क्षेत्रीय सूचकांकों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। वहीं, निफ्टी ऑयल एंड गैस का प्रदर्शन भी खराब रहा। इससे पहले सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखी गई थी। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और वैश्विक बाजारों में बिकवाली के कारण घरेलू बाजार दबाव में आ गया था।

सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। इस बीच वैश्विक बाजार स्थिर होने के साथ तेल की कीमतों में भी कुछ गिरावट आई। अमेरिकी कच्चा तेल करीब 7.56 डॉलर गिरकर 87.21 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जबकि ब्रेंट क्रूड 7.54 डॉलर गिरकर 91.42 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि मध्य-पूर्व में ऊर्जा ढांचे पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे तेल की कीमतों में आगे भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

केंद्र ने तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को तमिलनाडु के मदुरै हवाई अड्डे को इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित कर दिया है। मंत्रिमंडल की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि तमिलनाडु में मंदिरों के शहर के रूप में प्रसिद्ध मदुरै स्थित मदुरै हवाई अड्डा राज्य के सबसे पुराने हवाई अड्डों में से एक है। यह दक्षिणी तमिलनाडु के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है और पर्यटन एवं तीर्थयात्रा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान होता है। बयान में आगे कहा गया कि मदुरै हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिलने से क्षेत्रीय संपर्क बढ़ेगा, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और व्यवसायों को आकर्षित करने की हवाई अड्डे की क्षमता शहर के ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप है।

केंद्र ने कुकिंग के लिए पीएनजी और एलपीजी के निर्बाध आपूर्ति के आदेश दिए

एजेंसी । नई दिल्ली

मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के कारण आपूर्ति में आई बाधाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने मंगलवार को आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसीए) के तहत आदेश जारी कर घरेलू रसोई के लिए पाइपलाइन से आने वाली प्राकृतिक गैस, परिवहन के लिए एलपीजी और सीएनजी की निर्बाध आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आदेश में कहा गया है कि केंद्र ने आकलन किया है कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप होर्मुज

जलडमरूमध्य के माध्यम से एलएनजी के शिपमेंट में रुकावट पैदा हुई है और आपूर्तिकर्ताओं ने फोर्स मेज्योर का ऐलान किया है, जिसके तहत प्राकृतिक गैस को पहले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में भेजा जाएगा। केंद्र सरकार ने रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का उत्पादन अधिकतम करने और प्रमुख हाइड्रोकार्बन स्ट्रीम को एलपीजी पूल में भेजने का निर्देश दिया है। प्राथमिकता क्षेत्र 2 में सूचीबद्ध उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति परिचालन उपलब्धता के अधीन, पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 70 प्रतिशत के बराबर सुनिश्चित की जाएगी। आदेश में यह भी कहा गया है कि ये इकाइयां उर्वरक उत्पादन के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए गैस आपूर्ति का उपयोग नहीं करेंगी और इस संबंध में एक प्रमाण पत्र उर्वरक मंत्रालय के माध्यम से पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को प्रस्तुत किया जाएगा।

पीएम सूर्य घर योजना को मिली रफ्तार

लगाए गए 25 लाख से ज्यादा रूफटॉप सोलर सिस्टम

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश भर में अब तक 25 लाख से ज्यादा रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि 5 मार्च 2026 तक कुल 25,02,217 घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत अब तक 14,585.29 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में 7,822.92 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने बताया कि इस योजना के तहत राष्ट्रीय पोर्टल पर अब तक 63,26,125 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 25 लाख से अधिक घरों में सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। सरकार ने यह योजना 2024 में शुरू की थी। यह एक डिमांड-ड्रिवन योजना है, जिसके तहत देश के सभी ऐसे घरेलू उपभोक्ता, जिनके पास स्थानीय बिजली वितरण कंपनी (डिस्कॉम) से जुड़ा बिजली कनेक्शन है, वे राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर अपने घर की छत पर सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं। सरकार का अनुमान है कि अगर एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जाते हैं, तो इससे करीब 1000 अरब यूनिट नवीकरणीय बिजली का उत्पादन हो सकता है। साथ ही, इन सिस्टम के 25 साल के जीवनकाल में लगभग 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आ सकती है। 2025 के अंत तक इस योजना को लागू करने में गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, केरल और राजस्थान जैसे राज्य सबसे आगे रहे हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 तक देश में गैर-जीवाश्म ईंधन (नॉन-फॉसिल फ्यूल) आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 266.78 गीगावाट तक पहुंच चुकी है।